आज का **तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 26°C |

**इनसाइड न्यूज**

प्रदेश में भारी बारिश के साथ होगी सितंबर की शुरुआत


उत्तर प्रदेश पेज : 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 01 सितंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 315

www.janexpresslive.com/epaper




अमित शाह ने अहमदाबाद में शहरी... 12

# भूस्खलन से बड़ा हादसा : धौलीगंगा बिजली परियोजना की सुरंगों में 19 कर्मचारी फंसे

- पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में भारी बारिश के चलते सुरंगों का रास्ता बंद, सभी कर्मी सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित धौलीगंगा जल विद्युत परियोजना में एक बड़ा हादसा सामने आया है। धारचूला के पास ईलागढ़ क्षेत्र में हुई भारी भूस्खलन की घटना के चलते एनएचपीसी (नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन) के 19 कर्मचारी सुरंगों के भीतर फंसे हुए हैं। यह भूस्खलन लगातार हो रही बारिश के कारण हुआ है, जिससे सामान्य और आपातकालीन दोनों सुरंगों की ओर जाने वाला रास्ता मलबे से पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।



### सभी कर्मचारी सुरक्षित, संपर्क में हैं

धारचूला के उप-जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने जानकारी दी कि फंसे सभी कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं और कंपनी एवं प्रशासन के लगातार संपर्क में बने हुए हैं। सुरंगों के भीतर कर्मचारियों के पास पर्याप्त मात्रा में खाने-पीने का सामान उपलब्ध है। अधिकारियों का कहना है कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, राहत कार्य तेज़ी से जारी हैं।

### सुरक्षित निकाले गए कर्मचारी

**ऑपरेशन कांट्रेक्ट स्टाफ**
1. चंदर सोनल

**डीजी ऑपरेटर**
2. शंकर सिंह

**सब-स्टेशन स्टाफ**
3. पूरन बिष्ट।

**मेंटेनेंस स्टाफ**
4. नवीन कुमार।

**मेंटेनेंस स्टाफ (कांट्रेक्ट)**
5. प्रेम दुग्ताल
6. धन राज बहादुर
7. गगन सिंह धामी

**सिविल**
8. पीसी वर्मा।

**ऑपरेशन स्टाफ**
1. ललित मोहन बिष्ट।
2. सूरज गुरुरानी।
3. विष्णु गुप्ता।

**ऑपरेशन कांट्रेक्ट स्टाफ**
4. जितेंद्र सोनल
5. प्रकाश दुग्ताल
6. कमलेश धामी
7. सुनील धामी

**मेंटेनेंस स्टाफ**
8. जी. ऑगस्टीन बाबू।
9. अपूर्वा राय।

**मेंटेनेंस स्टाफ (कांट्रेक्ट)**
10. इंदर गुनजियाल

**कैंटीन स्टाफ**
11. बिशन धामी

### जेसीबी मशीनों से मलबा हटाने का काम युद्धस्तर पर

घटना की जानकारी मिलते ही बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन और सीमा सड़क संगठन की जेसीबी मशीनों को तुरंत मौके पर रवाना किया गया। सुरंगों के मुहाने पर बड़े-बड़े पत्थरों और मलबे का अंबार लग गया है, जिसे हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन को उम्मीद है कि रास्ता आज शाम तक साफ कर लिया जाएगा, जिसके बाद सभी कर्मचारी सुरंग से सुरक्षित बाहर निकल सकेंगे।

### बिजली उत्पादन पर असर नहीं, परियोजना सामान्य रूप से संचालित

धौलीगंगा विद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन कार्य सामान्य रूप से जारी है। परियोजना स्थल पर तकनीकी स्टाफ और आपातकालीन दल स्थिति पर पूरी निगरानी बनाए हुए हैं। उप-जिलाधिकारी ने दोहराया कि किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और प्रशासन पर विश्वास बनाए रखें।

### पुलिस-प्रशासन की निगरानी में रेस्क्यू ऑपरेशन

पिथौरागढ़ की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी मुस्तैदी के साथ चलाया जा रहा है। सुरंगों के बाहर सुरक्षात्मक इंतज़ाम किए गए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं की चुनौती लगातार बनी हुई है, लेकिन इस बार प्रशासन की तत्परता और तकनीकी सहयोग से बड़ी अनहोनी टल सकती है। सभी की दुआएं कर्मचारियों की सुरक्षित वापसी के साथ हैं।

"प्रयासों के चलते जल्द ही बाकी सभी कर्मचारियों को भी सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। घटनास्थल पर पर्याप्त मशीनरी और संसाधन जुटा दिए गए हैं।"
-विनोद गोस्वामी, जिलाधिकारी

"सुरंग के मुख्य द्वार पर बार-बार गिर रहे मलबे को बीआरओ और सीमा सड़क संगठन की मशीनों से हटाया जा रहा है। सुरंग में आपातकालीन शाफ्ट के माध्यम से भी रास्ता साफ करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, बीआरओ और जिला प्रशासन की टीमें मुस्तैदी से काम कर रही हैं।"
-जितेंद्र वर्मा, धारचूला उप-जिलाधिकारी

### बचाव कार्य से टल सकती है बड़ी अनहोनी

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाएं आम हैं, लेकिन इस बार प्रशासन की सक्रियता और सहयोगी एजेंसियों के तेजी से चल रहे प्रयासों से एक बड़ी अनहोनी टलती नजर आ रही है। सभी की निगाहें सुरंग में फंसे कर्मचारियों की सुरक्षित वापसी पर टिकी हैं।

---

## पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ चीन का साथ मांगा, चीनी राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया

# ड्रैगन और हाथी एक हों: जिनपिंग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजिंग**

सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए।



### ऑपरेशन सिंदूर जैसी घटना फिर न हो, मीटिंग में इस पर बात हुई

जिनपिंग के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक पर पूर्व भारतीय राजनयिक वीना सीकरी ने कहा- हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, पाकिस्तान की मदद कर रहा था। मीटिंग में इसपर बात हुई कि कुछ ऐसी प्रतिबद्धता होनी चाहिए जिससे ये फिर दोबारा नहीं हो।

### मोदी का चीन दौरा खास क्यों है

ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक पीएम मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और द्विपक्षीय बातचीत को बढ़ावा देने का एक बड़ा मौका साबित हो सकती है। जिनपिंग इस समिट के जरिए दुनिया को यह दिखाने की कोशिश करेंगे वे अमेरिका के लीडरशिप वाले ग्लोबल ऑर्डर का एक विकल्प दे सकते हैं। इसके साथ ही इस समिट से यह मैसेज भी जाएगा कि चीन, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने की अमेरिकी कोशिशें नाकाम रही हैं।

### इस बार की एससीओ समिट 6 वजहों से खास

**गलवान झड़प के बाद मोदी का पहला चीन दौरा**

5 साल पहले भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद यह पहला मौका है जब मोदी चीन पहुंचे हैं। इस वजह से पूरी दुनिया की नजर इस समिट और मोदी-जिनपिंग मुलाकात पर है।

**ट्रम्प का एससीओ देशों पर हाई टैरिफ**

ट्रम्प ने भारत, चीन, कजाकिस्तान समेत बाकी एससीओ देशों पर भी हाई टैरिफ लगाया है। ऐसे में यह उन देशों के लिए अहम है जो अमेरिकी दबाव के खिलाफ साझा मंच पर खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं।

**अमेरिका की लीडरशिप को चुनौती**

जिनपिंग इस समिट को अमेरिका के नेतृत्व वाले ग्लोबल ऑर्डर का विकल्प पेश करने का मंच बनाना चाहते हैं। चीन यह दिखाना चाहता है कि वह रूस, भारत, ईरान जैसे देशों के साथ मिलकर ऑप्शनल पावर बन सकता है।

**भारत का एजेंडा-आतंकवाद पर फोकस**

जून 2025 में हुई एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने जॉइंट स्टेटमेंट पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, उसमें पहलगाम आतंकी हमले का कोई जिक्र नहीं था। अब मुख्य मीटिंग में भारत, आतंकवाद पर चर्चा और समर्थन जुटाने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान की मौजूदगी में यह मुद्दा छाया रहेगा।

**20 से ज्यादा देशों की मौजूदगी**

इस बार समिट में सिर्फ एससीओ सदस्य ही नहीं, बल्कि ऑब्जर्वर और पार्टनर देशों को मिलाकर 20 से ज्यादा देशों के नेता हिस्सा ले रहे हैं।

**भारत-चीन में रिश्ते बेहतर हुए**

गलवान के बाद पहली बार सीमा और व्यापार पर कुछ नरमी दिखी है। सीधी उड़ानें शुरू हुईं, बॉर्डर ट्रेड पर बातचीत हुई, कैलाश मानसरोवर यात्रा बहाल हुई।

### मोदी ने जिनपिंग से आतंकवाद पर साथ आने को कहा

प्रधानमंत्री मोदी ने जिनपिंग के साथ आतंकवाद का मुद्दा उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मई में भारत के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार के सैन्य शासक जनरल मिन आंग हलिंग के साथ मीटिंग की। प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया है।

### जिनपिंग बोले, चीन और भारत दुश्मन नहीं, बल्कि दोस्त है

जिनपिंग ने पीएम मोदी के साथ हुई बातचीत में कहा कि चीन और भारत दुश्मन नहीं, बल्कि साझेदार हैं और दोनों देश एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं विकास के लिए अवसर हैं। जिनपिंग ने कहा कि जब तक दोनों देश अपने रिश्तों को सुधारने की दिशा में काम करते रहेंगे तब तक हम विकास करते रहेंगे। शी ने कहा कि चीन और भारत को अच्छे पड़ोसी और एक-दूसरे की सफलता में मदद करने वाले दोस्त बनना चाहिए।

---

# पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट, दंपती की मौत

## छह लोग घायल, सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में गुडंबा क्षेत्र के बेहटा इलाके में रविवार सुबह आलम (50) के घर में अवैध रूप से बन रहे पटाखों में जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के चलते उसका मकान जमींदोज हो गया। हादसे में आलम और उसकी पत्नी मुन्नी (48) की मौत हो गई। जबकि, छह लोग घायल हो गए। दो लोगों को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। धमाके से पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं कुछ मकानों में मामूली दरार आई है। पुलिस का दावा है कि आलम की भाभी खातून के नाम पर पटाखा बनाने का लाइसेंस है। बताया गया कि आलम चूड़ी बेचने के साथ ही पटाखे का भी कारोबार करता है। रविवार सुबह उसके घर में पटाखा बनाया जा रहा था। सुबह 11.30 बजे अचानक पटाखों में आग लगी और फिर जोरदार धमाके हुए। एक के बाद एक कई धमाकों से आलम का मकान ताश के पत्तों की तरह ढह गया। घर में मौजूद आलम, उसकी पत्नी मुन्नी, बेटा दिलशान, इरशाद मलबे से नीचे दब गए।

### धमाके की आवाज एक किमी तक गूंजी

धमाका इतना तेज था कि एक किलोमीटर के दायरे में उसकी आवाज गूंज उठी। आवाज सुनकर दहशतजदा ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने आलम के मकान से धुएं का गुबार उठते देखा। भागकर लोग वहां पहुंचे तो आलम का मकान जमींदोज मिला। विस्फोट की चपेट में आने से पड़ोसी नदीम, हूरजहां, जैद और उनकी पत्नी इरम घायल हो गए थे। घटना के 24 मिनट के बाद ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना के करीब आधे घंटे के बाद गुडंबा पुलिस व दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस व दमकल कर्मियों ने आलम के मकान के मलबे से आलम, मुन्नी, दिलशान व इरशाद को बाहर निकाला। बुरी तरह से झुलसे आलम व मुन्नी की मौत हो चुकी थी। विस्फोट की खबर पाकर डीएम विशाख जी, जेसीपी एलओ बबलू कुमार, डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह, कई थानों की फोर्स, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वायड, एसडीआरएफ और दर्जनों एंबुलेंस गांव पहुंच गई। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर रूप से घायल इरशाद व नदीम को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। डीएम और डीसीपी ने बताया कि विस्फोट कैसे हुआ इस बात की जांच कराई जा रही है।

### ये लोग हुए घायल

हादसे में नदीम (24), इरशाद (22), दिलशान (25), जैद (35), इरम (32) और हूरजहां (25) घायल हुए।

### इन लोगों के मकान हुए क्षतिग्रस्त

महबूब, मो. मकसूद, जैद, मो. शकील और शरीफ के मकान का काफी नुकसान हुआ है। इसके अलावा कुछ अन्य मकानों में मामूली दरार आई और कई मकानों में लगे शीशे टूट गए।

### सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

---

# मायावती ने आकाश आनंद और रामजी गौतम को सौंपी बिहार चुनाव की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, केंद्रीय कोआर्डिनेटर एवं राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा स्टेट यूनिट को सौंपी है। उन्हें बिहार में अगले महीने होने शुरु होने वाली पार्टी की यात्रा, जनसभा आदि कार्यक्रमों की विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। ये सभी कार्यक्रम मायावती के दिशा-निर्देश में होंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के चयन और तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पिछले दो दिनों



के दौरान की गई बैठक में गहन चर्चा व समीक्षा के बाद यह निर्देश दिए। साथ ही बिहार में बसपा द्वारा अकेले अपने बल पर चुनाव लड़ने के फैसले के मद्देनजर आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को भी अंतिम रूप दिया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को सारी कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश भी दिया। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को जारी अपने बयान में कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है, इस लिए वहां की जरूरतों के दृष्टिगत राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन जोन में बांटकर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ राज्य के तेजी से बदलते राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए बसपा द्वारा चुनाव में बेहतर परिणाम लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। वहां भी यूपी के पैटर्न पर जिला से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन के साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के बाबत दिए लक्ष्यों की भी समीक्षा की।

---

## परिषदीय स्कूलों में विलय मामले में अहम सुनवाई आज

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में 1 सितंबर को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति राजन रॉय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष विशेष अपीलें सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। बीती 24 जुलाई को हाईकोर्ट ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई स्पष्ट अनियमितताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यह अंतरिम आदेश देते समय अदालत ने स्कूलों के विलय या मर्जर की सरकार की नीति और इसपर अमल करने की मेरिट पर कुछ नहीं किया है।

---

# महोबा में बड़ा हादसा : पहाड़ में ब्लास्टिंग से उछले पत्थरों की चपेट में आने से दो श्रमिकों की मौत



**जन एक्सप्रेस। महोबा**

कोतवाली क्षेत्र के पसवारा गांव में पहाड़ पर खनन के दौरान रविवार की शाम करीब पांच बजे बड़ा हादसा हो गया। विस्फोटक सामग्री ब्लास्ट होने से उछले पत्थरों की चपेट में आने से दो श्रमिकों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। सूचना पर एसडीएम, सीओ व दो थानों की फोर्स ने मौके पर पहुंचकर जांच की। बताया जा रहा है कि खनन के लिए पहाड़ में लगाई गई विस्फोटक सामग्री में बिजली चमकने से विस्फोट हुआ। पसवारा गांव में खनन के लिए पहाड़ का पट्टा है। शाम करीब पांच बजे पहाड़ पर छेद करके ब्लास्टिंग के लिए विस्फोटक सामग्री लगाई गई थी। तभी बूंदाबांदी के बीच बिजली चमकी। इससे विस्फोट हो गया। पहाड़ के पत्थर उछलने से काम कर रहे श्रमिक सलीम व नारायण सिंह निवासी मकबरई कबरई की मौके पर मौत हो गई जबकि हसन और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हसन को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया।

### श्रमिकों में अफरा-तफरी मची

हादसे के बाद पहाड़ पर काम कर रहे अन्य श्रमिकों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने इधर-उधर भागकर किसी तरह जान बचाई। सूचना मिलते ही एसडीएम शिवध्यान पांडेय, सीओ दीपक दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। बताया जा रहा है कि बिना सुरक्षा उपकरण श्रमिकों से काम कराया जा रहा था। इससे दो श्रमिकों की जान चली गई।

---

# भारत की बढ़ेगी समुद्री ताकत, एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के करेगा दो बड़े पनडुब्बी सौदे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन की बढ़ती नौसैनिक ताकत के मद्देनजर भारत हिंदू महासागर में अपनी समुद्री युद्ध क्षमताओं में लगातार इजाफा कर रहा है। इसी के तहत अगले साल के मध्य तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दो बड़े पनडुब्बी सौदों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि पहली परियोजना तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद की है। इस पर बातचीत चल रही है। इनका निर्माण सरकारी कंपनी मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) और फ्रांसीसी रक्षा प्रमुख नेवल ग्रुप की ओर से संयुक्त रूप से किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने करीब 36,000 करोड़ रुपये के इस सौदे को दो वर्ष पहले मंजूरी दे दी थी, लेकिन परियोजना के विभिन्न तकनीकी और वाणिज्यिक पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत में देरी हुई है। रक्षा मंत्रालय की जिस दूसरी परियोजना पर नजर है, वह लगभग 65,000 करोड़ रुपये की लागत से छह डीजल-इलेक्ट्रिक स्टील्थ पनडुब्बियों की खरीद है। इस खरीद को मंत्रालय ने 2021 में ही मंजूरी दी थी। सूत्रों ने बताया कि उम्मीद है कि अगले साल के मध्य तक दोनों सौदों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

### जर्मनी कंपनी ने की साझेदारी

सूत्रों ने बताया कि अग्रणी जर्मन जहाज निर्माता कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) ने छह डीजल-इलेक्ट्रिक स्टील्थ पनडुब्बियों से जुड़ी परियोजना के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इसे हाल के वर्षों में



सबसे बड़ी मेक इन इंडिया पहल में से एक बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सौदे के लिए लागत पर बातचीत जल्द ही शुरू होगी और अनुबंध पूरा होने की पूरी प्रक्रिया में छह से नौ महीने का समय लग सकता है। प्रोजेक्ट 75 इंडिया (पी75-आई) के तहत छह स्टील्थ पनडुब्बियों का प्रस्तावित अधिग्रहण एक पूरी तरह से नया कार्यक्रम है। इसमें तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की योजना पिछले अधिग्रहण का अनुवर्ती आदेश होगी। नौसेना का प्रोजेक्ट 75 के अंतर्गत, मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) की ओर से नौसेना समूह के सहयोग से छह स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है।

### नौसेना की इच्छा, जल्द हों सौदे

एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना चाहती है कि दोनों सौदे शीघ्र ही पूरे हो जाएं, क्योंकि वह अपनी समुद्री क्षमताओं को बढ़ाना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि डीजल इंजन कार्यक्रम के लिए लागत वार्ता प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में समय लगेगा। स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए वाणिज्यिक वार्ता लगभग पूरी हो चुकी है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो स्कॉर्पीन परियोजना अगले वर्ष की शुरुआत में अंतिम रूप ले लेगी, क्योंकि इसमें पहले ही काफी देरी हो चुकी है।

### अनुबंध होने के छह साल बाद आपूर्ति

सूत्रों ने बताया कि दोनों परियोजनाओं के तहत पनडुब्बियों की आपूर्ति अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के लगभग छह वर्ष बाद शुरू होगी। क्या एमडीएल के पास दोनों परियोजनाओं को एक साथ क्रियान्वित करने की क्षमता होगी, सूत्रों ने कहा कि इसके लिए जहाज निर्माता को अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ाना होगा। स्कॉर्पीन पनडुब्बी परियोजना में पहले ही अत्यधिक देरी हो चुकी है और हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरी हो जाएगी।

### अधर में लटकी परियोजना

हालांकि रक्षा मंत्रालय ने अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के साथ-साथ फ्रांस से राफेल जेट के 26 नौसैनिक संस्करणों की खरीद के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी, लेकिन पहली परियोजना अभी भी अधर में लटकी हुई है। अप्रैल में भारत और फ्रांस ने एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत 64,000 करोड़ रुपये (7 बिलियन यूरो) की लागत से 26 राफेल समुद्री जेट विमानों की खरीद के लिए एक बड़ा सौदा किया गया था।

# खाद और बिजली की समस्या को लेकर भाकियू ने बनाया आंदोलन का मन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायत रविवार को आयोजित की गई। जिसमें भाकियू पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।
किसान पंचायत में भाकियू पदाधिकारी प्रेमचन्द ने कहा कि सिंचाई के लिए किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे दिन में दो से तीन घंटे बिजली दी जाती है, ऐसे में ट्यूबल से सिंचाई नहीं हो पा रही, जिससे फसलों का नुकसान हो रहा है। शिकायत करने पर भी जिला प्रशासन गंभीर नहीं, बड़े आंदोलन की जरूरत है। भाकियू ग्राम पंचायत मंगरहाई अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि करौंदी कला गांव के जानवर अभी तक संरक्षित नहीं किए गए है, यह जानवर आस पास के गांवों की भी फैसले चैपट कर रहे है। कहा कि अगर जल्द ही जानवरों को संरक्षित नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन घेराव के लिए बाध्य होगा। ग्राम पंचायत अध्यक्ष मंगरहाई युवा विंग अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि किसानों को सरकारी समितियों में खाद नहीं मिल पा रही है। प्राइवेट दुकानों पर बढ़ी हुई रेट के साथ खाद देते है। खाद के साथ जबरन सल्फर व जिंक भी देते हैं। जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि जल्द ही किसान समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष राजापुर राजकिशोर सिंह ने किया।
इस मौके पर सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, किसान लल्लन सिंह, विक्रम सिंह, उदयभान सिंह, जवाहर लाल, राजेश कुमार, सिद्धशरण सिंह, कुंजबिहारी, राकेश पाण्डेय, विद्यासागर, ललित कुमार, सीताराम, ज्ञानेंद्र कुमार, ब्रजमोहन, ओमप्रकाश पाण्डेय, ललित चतुर्वेदी, हरिमोहन, पुरूषोतम सिंह, कमल कुमार, रमेश कुमार, नीरज, छोटेलाल, अजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हमारी आत्मा और अभिमान है हमारा विद्यालय: चन्द्रप्रकाश द्विवेदी




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा देश के पांच लाख विद्यालयों में एक सितम्बर को शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के पांच संकल्प लेने के कार्यक्रम के दृष्टिगत संगठन की जनपद इकाई द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में जिला संयोजक ललक पाण्डेय ने कहा कि इस अभियान के पांच संकल्प विद्यालय के मूल उद्देश्यों व एक शिक्षक के कर्तव्य निष्ठा को प्रकट करते हैं।
उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा के माध्यम ही नहीं अपितु आत्म विकास, चरित्र निर्माण व सामाजिक संस्कार के संवाहक है। जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि हमारा विद्यालय हमारी आत्मा है, हमारा अभिमान है। यह सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र? निर्माण के लिये संकल्पित नई पीढ़ी के सृजन की वैज्ञानिक अनुसंधान प्रयोगशाला है। इस मौके पर जिला संरक्षक सोमनाथ यादव, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सीताराम सिंह, जिला मंत्री सर्वजीत सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सत्योम शुक्ला, मण्डलीय मीडिया प्रमुख लवकुश मिश्र, जिला मीडिया प्रमुख अनिल अनिवार्य, उपाध्यक्ष अरविन्द शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष जुगुलकिशोर, रविशकर गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, धीरेन्द सिंह, सह संयोजक संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# मैडिकल स्टोर संचालक झोलाछाप डाक्टर बनकर धडल्ले से चला रहे हैं अवैध अस्पताल

**जबकि गरीब और भोलेभाले लोगों से मोटी रकम वसूलने के साथ ही, इलाज के नाम पर ढकेल रहे हैं मौत के मुंह में**

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर




उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कह रहे हैं कि मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जायेगा। जबकि स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी और आशीर्वाद के दम पर जिले के मेडिकल स्टोर संचालक झोलाछाप डॉक्टर बनकर धड़ल्ले से चला रहे हैं अवैध अस्पताल। जबकि लोगों की जिंदगी से कर रहे हैं खिलवाड़। हालांकि चौकाने वाली बात तो ये है कि अवैध आस्पतालों को कोई स्पेशलिस्ट डाक्टर नहीं, बल्कि खुद मेडिकल स्टोर संचालक ही झोलाछाप डाक्टर बनकर चला रहे हैं।
जबकि इन झोलाछाप डॉक्टरों ने न तो कहीं मैडिकल की पढ़ाई की है, और न ही इनके पास मरीजों का इलाज करने के लिये एसी कोई डिगरी है। बल्कि ये झोलाछाप डॉक्टर मैडिकल स्टोर के लाईसेंस की आड़ में अपनी अवैध डॉक्टरी को दे रहे हैं बखूबी अंजाम, वहीं गरीब और भोलेभाले लोगों का इलाज कर उन्हें मौत के मुंह में ढकेल रहे हैं। हालांकि इन झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी और आशीर्वाद यूँ ही नहीं बरस रहा है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की इस मेहरबानी की वजह का अंदाज बखूबी लगाया जा सकता है। इसी तरह कुरारा कस्बे के लकी मेडिकल स्टोर के संचालक, झोलाछाप डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग ने दे रखी है, अवैध अस्पताल चलाने और मरीजों को मौत के मुंह में ढकेलने की पूरी छूट। जबकि इस झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ आजतक नहीं हुई सख्त कार्यवाही।

# सेवानिवृत्त एसआई को दी गई भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस विभाग में अपनी सेवा देकर अधिवर्षता पूर्ण करने वाले उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस हरिवंश सिंह की विदाई समारोह का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य का ध्यान रखने एवं निरन्तर व्यायाम करते रहने की सलाह दी गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए रेडियो उप निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह



जन एक्सप्रेस। बांदा

दिनांक 31अगस्त को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए जनपद के रेडियो उपनिरीक्षक को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हे विदा किया गया।
गौरतलब हो कि जनपद के रेडियो उपनिरीक्षक शत्रुघ्न सिंह अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गए।इनके द्वारा अपने सेवाकाल में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर लगभग 37 वर्ष 08 माह अपनी सराहनीय एवं उत्कृष्ठ सेवाएं अर्पित की हैं। सम्मान समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव सहित सेवानिवृत्त कर्मी के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।

## कॉल सेंटर्स से संगठित अपराधों के प्रति रहें सतर्क-एएसपी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने रविवार को थानों पर नियुक्त साइबर हेल्प डेस्क कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यों का मूल्याकंन किया तथा साइबर समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने साइबर अपराध से सम्बन्धित रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों को दर्ज करें एवं हेल्प डेस्क पर उपलब्ध रजिस्टर, शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं प्राप्त प्रकरणों आदि को भी दुरुस्त रखें। अपर एसपी ने कहा कि वित्तीय अपराध से सम्बन्धित शिकायतों जैसे गम्भीर संज्ञेय अपराध, कॉल सेन्टर्स से संगठित अपराध, धनराशि फाड आदि व सोशल मीडिया अपराध से सम्बन्धित शिकायतों जैसे आपत्तिजनक कन्टेन्ट, फर्जी वेबसाइट, फर्जी लिंक आदि की शिकायतें प्राप्त होने पर साइबर पीड़ितों की मदद करते हुए यथाशीघ्र राहत प्रदान करें।

## आज से बिना हेलमेट वाले दो पहिया चालकों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए एवं हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान के तहत जनपद में एक से 30 सितम्बर तक नो हेलमेट नो फ्यूल रणनीति लागू की जा रही है। बताया कि इस सम्बन्ध में जनपद में संचालित समस्त फ्यूल स्टेशन संचालकों को निर्देशित किया गया है कि फ्यूल स्टेशन परिसर में ''नो हेलमेट, नो पेट्रोल, आप का जीवन है अनमोल'' सम्बन्धी बैनर लगवाते हुए लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करें। साथ ही बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दें।

# प्रेमी की धमकी से परेशान किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान, पुलिस को मिला सुसाइड नोट

जन एक्सप्रेस। बांदा

प्रेमी की धमकी से परेशान किशोरी ने बुधवार की शाम फंदा लगाकर जान दे दी। किशोरी ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा है। इसमें प्रेमी को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। भाई ने पुलिस चौकी में मोबाइल देकर शिकायत भी की थी। पुलिस सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि 16 वर्षीय बहन ने बुधवार की शाम करीब छह बजे कमरे में बल्ली से रस्सी का फंदा लगा लिया। छोटी बहन खेत से लौटी तो उसे फंदे से लटका देखकर शोर मचाया। भाई का आरोप है कि बहन का पड़ोस के युवक से प्रेम प्रसंग था। 25 अगस्त को उसने बहन को मोबाइल से बात करते हुए पकड़ लिया था।
बताया कि शहर की कृषि विश्वविद्यालय पुलिस चौकी में जाकर शिकायत कर मोबाइल भी पुलिस को सौंप दिया था। आरोप लगाया कि प्रेमी युवक ने उसकी बहन को धमकी दी थी। इससे वह परेशान रहती थी। इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। घटना के समय बड़ा भाई ससुराल में था। उससे छोटा भाई मजदूरी करने गया था। सबसे छोटा भाई इंदौर में रहता है। पिता की चार साल पहले और मां की दो साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है।बताया कि शहर की कृषि विश्वविद्यालय पुलिस चौकी में जाकर शिकायत कर मोबाइल भी पुलिस को सौंप दिया था। आरोप लगाया कि प्रेमी युवक ने उसकी बहन को धमकी दी थी। इससे वह परेशान रहती थी। इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। घटना के समय बड़ा भाई ससुराल में था। उससे छोटा भाई मजदूरी करने गया था। सबसे छोटा भाई इंदौर में रहता है। पिता की चार साल पहले और मां की दो साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। शहर कोतवाल बलराम सिंह ने बताया कि पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। सुसाइड नोट में पड़ोसी को जिम्मेदार बताया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# कृषि सम्बन्धी समस्या के लिए डीआरआई के गनीवां कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क करें किसान: उत्तम


जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से तिलहन और दलहन की फसलों को तैयार करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों को रोगरहित रखने के उपाय बताएं। जनपद में घटते तिलहन और दलहन के के दृष्टिगत दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र प्रदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को दलहन और तिलहन उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। इसी क्रम में शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह नेगी, वैज्ञानिक प्रसार डॉ उत्तम कुमार त्रिपाठी व तकनीकी सहायक अभय कुमार शुक्ला ने कृषि किसानों के खेत में जाकर तिल की फसल का निरीक्षण किया। साथ ही किसानों को तिल की फसल में अच्छे एवं रोग रहित उत्पादन के लिए आवश्यक सलाह दी। उन्होंने किसानों से कहा कि जिले में तिल की फसल अपनी क्रांतिक अवस्था में है। इस समय फसल में पोषक तत्व प्रबंधन की आवश्यकता है, जिससे तिल का वांछित उत्पादन किसानों को प्राप्त हो। बताया कि कृषि से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या में किसान तुरंत कृषि विज्ञान केन्द्र में संपर्क करें मदद लें सकते है।

# उदर शक्ति विकासक क्रिया भाग सात का अभ्यास कर आंतों को बनाएं गतिशील: रमेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने उदर (पेट) से जुड़ी सभी विकृतियों पर नियंत्रण पाने के लिए उदर शक्ति विकासक सूक्ष्म योग श्रृंखला के 10 व्यायाम में से सातवें भाग का अभ्यास कराते हुए बताया कि यह योग क्रिया आंतों को गतिशील बनाती है तथा पाचन शक्ति बढ़ाकर पेट की बढ़ी हुई चर्बी को हटाकर पेट को नरम बनाती है।
बताया कि इस योग से सांस लेने की सही विधि का भी अभ्यास होने लगता है। यह क्रिया बार बार दोहराने से अभ्यास में पकड़ मजबूत हो जाती है। पूरे शरीर में रक्त संचार बेहतर हो जाता है। अगर पेट दर्द का कारण कब्ज है, तो पूरे पेट में गैस के कारण तेज दर्द हो सकता है। कब्ज से पीड़ित लोगों को अक्सर पेट फूला हुआ और भरा हुआ महसूस होता है और उनका पेट भी स्पष्ट रूप से फूला हुआ दिखाई दे सकता है। उदर शक्ति विकासक योग क्रिया से कब्ज और गैस बनने की परेशानी दूर हो जाती है। साथ ही अंदरुनी सभी अंगों की कार्य क्षमता बढ़ने लगती है। बताया कि इस योग को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं तथा दोनों हाथों को कमर पर इस प्रकार रखते हैं कि अंगूठे पेट की ओर रहें। इसके बाद कमर से 90 डिग्री आगे की ओर झुक कर श्वास भरते हुए पेट फुलाते हैं और श्वास छोड़ते हुए पेट पिचकाते हैं, इसे 25 बार करते हैं। सावधानी के तौर पर गर्भवती महिलाएं और उच्च रक्तचाप से पीड़ित जन कुशल योग प्रशिक्षक की देख रेख में करें।

## राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में अंत्रिका ने हासिल किया तीसरा स्थान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला मुख्यालय स्थित एकेडमिक हाइट्स किंग्सन इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल की कक्षा सात की छात्रा अंत्रिका पटेल ने देश की राजधानी दिल्ली स्थित ऋषिहुड यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता एबीसीडी के सीजन तीन में नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देश भर में संचालित 150 से अधिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक मिन्हाज आलम खान व बचपन प्ले स्कूल की कॉर्डिनेटर शाहीन खान ने छात्रा अंत्रिका पटेल को बधाई दी है।

# सघन जांच अभियान से रेलवे स्टेशन के अवैध वेंडरों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। मानिकपुर, चित्रकूट

रेल यात्रियों को उत्तम भोजन, शुद्ध पेय जल, स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराने तथा बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालो पर अंकुश लगाने के लिए मानिकपुर खंड के प्रयागराज छिवकी व डभौरा स्टेशन में जांच अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला के निर्देशन व सहायक वाणिज्य प्रबंधक दिनेश कुमार के सुपरविजन में मानिकपुर खण्ड के प्रयागराज छिवकी व डभौरा स्टेशन में अनाधिकृत यात्रियों, गैर अनुमोदित खाद्य पदार्थ, अवैध वेंडरों और स्टालों पर ओवर चार्जिंग, स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की जांच के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें प्रयागराज छिवकी स्टेशन में ताप्ती एक्सप्रेस 19045, बरौनी एक्सप्रेस 19484, जनता एक्सप्रेस 13201 एवं 13202 जनता एक्सप्रेस की जांच की गई।
इस दौरान प्लेटफार्मों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान कुल 77 यात्रियों से अनाधिकृत यात्रा व स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के बदले में 42,600 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही ट्रेन के अंदर अनधिकृत रूप से खिलौने एवं मोबाइल एसेसरीज बेच रहे दो युवकों को पकड़कर रेलवे सुरक्षा बल के हवाले किया गया। इस दौरान गाड़ियों के पैंट्रीकार एवं कोच में साफ-सफाई सहित अन्य यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया तथा वेंडरों एवं प्रबंधकों को सफाई एवं सामानों की गुणवत्ता दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया गया।

# न्यायाधीश (जिला कुटुंब न्यायालय) की टीम ने पुलिस उप महानिरीक्षक की टीम को 8 विकेट से हराया

जन एक्सप्रेस। बांदा

रविवार को पुलिस लाइन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में प्रशासन एवं न्यायपालिका के मध्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में न्यायपालिका टीम का नेतृत्व (कप्तान) मुकेश कुमार सिंह (न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय) ने किया। उनके साथ अपर जिला जज एससी एसटी विकास श्रीवास्तव, सेक्रेटरी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह,सिविल जज सी0डि0 अर्पिता सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे दिव्याकान्त सिंह राठौर, अपर सिविल जज शिव शक्ति हर्षवर्धन, सिविल जज जूडि पवन सिंह तोमर सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक टीम का नेतृत्व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा (कप्तान) राजेश एस ने किया। टीम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला खां, उप जिलाधिकारी नमन मेहता, उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी, तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सहित



अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।
अधिकारियों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का उत्साहवर्धन भी किया। रोमांचक मैच में ज्यूडीशियल इलेवन ने जिला प्रशासन इलेवन को 8 विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर ज्यूडीशियल इलेवन ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया।जिला प्रशासन इलेवन ने बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 98 रन का लक्ष्य प्रस्तुत किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्यूडीशियल इलेवन ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 10 ओवरों में 8 विकेट से विजय प्राप्त कर मैच अपने नाम किया। दोनों टीमों ने खेल भावना और उम्दा कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। ज्यूडीशियल इलेवन के मुकेश कुमार सिंह द्वारा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉटआउट 24 रनों की शानदार पारी खेली जिसके लिए उन्हे प्लेयर-ऑफ-द-मैच चुना गया।

पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश में भारी बारिश के साथ होगी सितंबर की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मानसूनी बारिश में तेजी नजर आने वाली है। रविवार को पश्चिमी- तराई के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर आदि में अच्छी बारिश हुई।सोमवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 29अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी और 56 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक उत्तरी पाकिस्तान व उससे लगे पंजाब के ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के असर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इससे मानसूनी रेखा उत्तर की ओर खिसकी है। यही वजह है कि प्रदेश में 31 अगस्त से 2 सितंबर के दौरान कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बारिश की परिस्थितियां बनेंगी।



### यहां है अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामती, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं वआसपास के इलाकों में।

### सितंबर में यूपी में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान

मौसम विभाग ने रविवार को पूर्वानुमान जारी किया कि उत्तर प्रदेश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश के आसार हैं। यूपी समग्र रूप से बात करें तो अगस्त में सामान्य से 2 प्रतिशत अधिक बरसात हुई। क्षेत्रवार आंकड़ों की बात करें तो पश्चिमी यूपी में अगस्त में कुल 237.6 मिमी यानी सामान्य से 4 प्रतिशत अधिक और पूर्वी यूपी में 244 मिमी यानी सामान्य से 1 प्रतिशत अधिक बारिश हुई।

### बिजनौर और लखीमपुर में हुई सर्वाधिक बारिश

प्रदेश में क्षेत्रवार बारिश के आंकड़ों की बात करें तो अगस्त में पश्चिमी यूपी के बिजनौर में सर्वाधिक 6636.5 मिमी यानी 113 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। यह सामान्य से दोगुने से भी 13 फीसदी ज्यादा रही। वहीं पूर्वीयूपी में 417.9 मिमी यानी सामान्य से 53 फीसदी अधिक बारिश हुई।

### यहां है भारी बारिश का येलो अलर्ट

चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में

# बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सुना मन की बात कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अत्यंत लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 125वां संस्करण लखनऊ महानगर में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा,सहित प्रदेश पदाधिकारीयों ,जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बूथों पर क्षेत्र वासियों के साथ सुना। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट मंडल 3 के लाल कुआं बी शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 247 पर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने विकास नगर, पूर्व मंडल दो की बूथ संख्या 254 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड की बूथ संख्या 316 पर, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने लाला लाजपत राय वार्ड में बूथ संख्या 405 पर मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। उपस्थिति मीडिया को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात में हर बार कुछ ना कुछ नया होता है जिसे सुनकर हमें प्रेरणा मिलती है। इस बार प्रधानमंत्री जी ने खिलाड़ियों और युवाओं को विभिन्न नए अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। मैं प्रदेशवासियों से अपील करता हूं कि उनके क्षेत्र में ऐसा कोई व्यक्ति है जो अलग से कुछ कर रहा है और संसाधन की कमी है तो प्रधानमंत्री जी को या हमें अवश्य लिखें हम उसको प्रधानमंत्री जी तक पहुंचाएंगे।

# शिक्षामित्र से नियमित शिक्षक बने कर्मचारियों को मिलेगी पुरानी पेंशन 38 जिलों में नहीं पहुंचे आदेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 28 मार्च 2005 से पूर्व जिन शिक्षामित्रों की नियुक्ति हुई थी, जो शासन के विभिन्न शासनादेश का अनुपालन करते हुए समय समय पर हुई विभिन्न शिक्षक भर्तियों से शिक्षक बन गए है। इन सभी की पूर्व सेवा (शिक्षामित्र) को जोड़ते हुए शासन उन्हें भी पुरानी पेंशन देने का आदेश जारी करें। यह मांग रविवार को उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ की लखनऊ में हुई प्रांतीय कोर कमेटी की बैठक में उठाई गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा की प्रदेश के 37 से अधिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियो द्वारा आवेदन के लिए आदेश तो जारी किए है, परन्तु शासन से स्पस्ट आदेश नहीं होने से शेष लगभग 38 बीएसए आदेश नहीं कर रहें है। ऐसे में शिक्षामित्र से शिक्षक बने अध्यापक परेशान है, जल्द से जल्द सभी जिलों में स्पष्ट आदेश जारी कराते हुए जो शिक्षामित्र 28 मार्च 2005 से पूर्व के विज्ञापन पर नियुक्त थे, और अब वे शिक्षक बन गए हैं। उन सभी को पुरानी पेंशन दिया जाए। उन्होंने मांग कहा की प्रदेश के 1.48 लाख शिक्षामित्रों को पुनः नई नियमावली बनाकर शिक्षक का स्थाई दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा की कई साल से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है। जबकि लाखों शिक्षक नियमावली के अनुसार 5 साल से अधिक की सेवा कर चुके है। पदोन्नति न होने से अब उनके आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रदेश महामंत्री संदीप दत्त ने कहा की समर कैम्प का मानदेय अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा की पंचायत के मतदाता सर्वेक्षण कार्य में गंभीर रूप से बीमार महिला या पुरुष शिक्षक, शिक्षामित्र की ड्यूटी न लगाई जाए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एकसाद अली,धर्मेंद्र यादव, पवन विद्या वर्मा, सुदोस्तकर, प्रवक्ता विनय सिंह, अरविन्द यादव आदि उपस्थित थे।

# रहीमाबाद पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**मलिहाबाद।** लखनऊ रहीमाबाद पुलिस ने गस्त करते हुए चार चोरों को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार किया। बताते चलें कि रहीमाबाद पुलिस क्षेत्र में गस्त कर रही थी जिस समय वह रसूलाबाद पहुंची तभी उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के पास कुछ संदिग्ध लोगों के बैठे हुए देख पुलिस ने घेराबंदी की पुलिस को देखकर अभी तो ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया और तलाशी में उनके पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा लोहे के रोड आदि सामान बरामद हुए नाम पता पूछने पर उन्होंने अतीक पुत्र माशूक मतीन पुत्र पप्पू निवासी अहमदाबाद कटौली तथा मारूफ पुत्र रसीद गुफरान पुत्र जन्नत अली निवासी तकिया थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकी पुरम विस्तार का किया निरीक्षण



- जानकीपुरम विस्तार पहुंचकर हालात का लिया जायजा, अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के जानकीपुरम विस्तार में रविवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मौके पर पहुंच गए। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने विभागीय, नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि, क्षेत्र में जब तक डायरिया का एक भी मरीज रहेगा, स्वास्थ्य शिविर लगातार संचालित किया जाएगा। इस दौरान श्री पाठक ने क्षेत्र में साफ-सफाई तथा नाली निर्माण अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बता दें कि, जानकीपुरम विस्तार में डायरिया के फैलने से लोग बीमार हो रहे हैं और दो लोगों की मौत हो चुकी है। लोग गंदा पानी आपूर्ति की शिकायत कर रहे हैं। डिप्टी सीएम ने शिविर को खुले स्थान की जगह पास ही एक स्कूल में शिफ्ट करने के निर्देश दिए, मरीजों के परिजनों से मिले। हर संभव मदद और निशुल्क उपचार के लिए कहा है। वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जानकीपुरम स्थित ट्रॉमा सेंटर में तत्काल बाल रोग विशेषज्ञ और जनरल फिजीशियन की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, पार्षद दीपक कुमार, अधिवक्ता विनय पांडे, प्रेम श्रीवास्तव, डीजी हेल्थ डॉ. रतनपाल सिंह सुमन, अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता जी, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. एनबी सिंह, जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह सहित कई अफसर मौजूद रहे।

# यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के हुए तबादले, तीन जिलों के एसपी बदले

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में रविवार को आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इनमें तीन जिलों के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं। शामली के पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को पुलिस अधीक्षक, पीटीएस, मुरादाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र को पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू, उप्र बनाया गया है। इसी तरह श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक घनश्याम को पुलिस अधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, उप्र बनाया गया है। श्रद्धा नरेंद्र पांडेय को सेनानायक 38वीं वाहिनी पीएसी, अलीगढ़ से पुलिस अधीक्षक, कानपुर देहात की जिम्मेदारी मिली है। राहुल भाटी को पुलिस अधीक्षक, एसएसएफ, लखनऊ से पुलिस अधीक्षक, श्रावस्ती बनाया गया है। पुलिस कमिश्नरेट, गौतमबुद्धनगर में तैनात पुलिस उपायुक्त लाखन सिंह यादव को सेनानायक, 38वीं वाहिनी पीएसी, अलीगढ़ भेजा गया है। नरेंद्र प्रताप सिंह को पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बागपत से पुलिस अधीक्षक, शामली के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस उपायुक्त /अपर पुलिस उपायुक्त के रूप में तैनात डॉ प्रवीण रंजन सिंह को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

# डबल इन्जन सरकार, जनता के द्वार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- ग्राम चौपालो में किया जा रहा ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान
- ग्राम चौपालों में 5 लाख49हजार से अधिक समस्याओं,प्रकरणों का हुआ निस्तारण
- अब तक हुआ 1 लाख 58 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1261ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2943 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3201ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5495ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 60 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि 2.5 साल से ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।1 लाख 58 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है। 5लाख 49 हजार से अधिक समस्याओं,प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# घुमंतू जातियों के लिए सरकार बनाएगी कॉलोनियां और मकान..., सीएम योगी बोले, यूपी में गठित होगा बोर्ड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में रविवार को विमुक्त जाति दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर सीएम ने एलान किया कि प्रदेश सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। साथ ही कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराया जाएगा। नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियों ने देश में विदेशी हमलों के समय योद्धा के रूप में संघर्ष किया। कभी मुगलों तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। सीएम ने आगे कहा कि इनके पराक्रम से भयभीत होकर अंग्रेजों ने वर्ष 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया। इसके तहत इन जातियों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया। स्वतंत्रता के बाद भी 1952 तक यह कलंक इन पर लगा रहा। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को इस एक्ट से मुक्ति मिली। आज सरकार विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शिक्षा और आवास की दिशा में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं।

### विमुक्त जातियों के बच्चों को विशेष सुविधा दी जा रही

सीएम ने बताया कि प्रदेश के 9 जिलों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। जबकि, 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं। यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था सरकार कर रही है। इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि सरकार ने वनटांगिया समाज को राजस्व गांव का दर्जा दिया। मताधिकार का अधिकार दिया। उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं चलाईं। कुम्हार, निषाद और राजभर समाज को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। अब विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी जमीन के पट्टे और मतदान की सुविधा दी जाएगी।

### इस अवसर पर ये लोग मौजूद रहे

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, मंत्री असीम अरुण, नरेन्द्र कश्यप, संजीव गौड़, बैजनाथ रावत, बेचन राम, जीत सिंह खरवार, विश्वनाथ प्रसाद, वाईपी सिंह, भगवान नाथ, डॉ. शोभा चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पंजाब के किसानों की मदद की जरूरत: सुमन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पंजाब में भारी वर्षा और हिमाचल प्रदेश की नदियों से छोड़े गए पानी से आई विकराल बाढ़ ने पंजाब के ग्रामीण छेत्रों को तबाह कर दिया है। पंजाब के लगभग सात जिले भारी रूप से प्रभावित हुए हैं। खेत और घर जलमग्न हो गए हैं। किसानों के पास अपने पशुओं के लिए चारा भी नहीं बचा है। पंजाब में भारी और लगातार वर्षा से तथा हिमाचल प्रदेश से पानी के बहाव के साथ भारतीय बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण भारी तबाही मची हुई है। इतना ही नहीं बाढ़ के कारण पंजाब के कम से कम सात जिलों को हाई अलर्ट पर भी रखा गया है।खेत 3-4 फीट पानी में डूब गए हैं। जिससे फसले पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पशुधन- पशु चारे की कमी के कारण परेशान हैं। हालात बहुत ही भयानक है। निचले घरों में पानी से डूब गए हैं और ऊंचे इलाकों में भी अब पानी घुसने लगा है। जिसके बाद ग्रामीणों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ऐसे में सभी को पंजाब की मदद करनी होगी। पंजाब के किसानो की मदद के लिए अपील करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा की सभी को पंजाब की मदद के लिए आगे आना होगा। जिसकी शुरुआत उन्होंने बाराबंकी से की है। और पंजाब सरकार को पांच सौ रुपए भेज कर पंजाब के किसानो की मदद के लिए हाथ बढ़ते हुए सभी से इस आपदा के समय में सरकार को सहयोग किए जाने की अपील भी की है। और पंजाब सरकार के आपदा कोष में सहयोग कर पंजाब के किसानों के साथ एकजुटता दिखाने की अपील भी की है।

# बीकेटी पुलिस ने चैन स्नैचिंग करने वाले व्यक्ति को किया गिरफ़्तार, कब्जे से नकदी व बाइक बरामद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन के बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्ती रोड व आद्या लॉन के सामने झपट्टा मारकर चैन स्नैचिंग करने वाले व्यक्ति सलमान पुत्र स्व0 अबरार अहमद निवासी सदरौना थाना पारा लखनऊ उम्र करीब 32 वर्ष को बीकेटी पुलिस टीम उ0नि0 अशोक कुमार यादव, उ0नि0 शेषमणि मिश्र, हे0का0 आशीष सिंह ने बीकेटी मामपुर बाना कट किसान पथ पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की, तभी थोड़ी देर बाद एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर मामपुर बाना कट किसान पथ पर ही पकड़ कर गिरफ़्तार कर लिया।

# यूपी में 'फ्री' लगेगा सोलर पैनल, नागरिकों को बिजली संकट से मुक्ति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में अब सोलर पैनल लगवाना आसान और किफायती हो गया है। यूपी सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत उपभोक्ताओं को कई तरह की छूट देने का ऐलान किया है, जिससे अब लोग अपनी छत पर सोलर पैनल बिना किसी अतिरिक्त सरकारी शुल्क के लगवा सकेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 फरवरी 2024 को शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर- मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के लाखों घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है। योजना अंतर्गत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार 40 फीसदी तक की सब्सिडी देती है। इससे बिजली बिल में भारी कमी आती है। आम लोग स्वच्छ और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान दे पाते हैं।उत्तर प्रदेश में इस योजना को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के लिए बिजली विभाग ने कई शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिए हैं। इसमें अब आवेदन शुल्क 250 रूपये, पंजीकरण शुल्क 1000 रूपये नेट मीटर जांच शुल्क 400 रूपये उपभोक्ताओं को इन तीनों मदों में कोई पैसा नहीं देना होगा। इस फैसले से उपभोक्ताओं को 1250 से लेकर 1650 रूप तक की सीधी बचत होगी।अभी तक नेट मीटरिंग के लिए इंटरकनेक्शन एग्रीमेंट जरूरी होता था, जो कई बार लंबी प्रक्रिया बन जाती थी। अब आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया गया है। जो उपभोक्ता खुद से स्मार्ट मीटर लगवाते हैं, उन्हें अतिरिक्त छूट मिल रही है। यदि उपभोक्ता खुद मीटर खरीदकर उसकी जांच कराते हैं, तो उन्हें 1650 रूपये तक का लाभ होगा।इससे सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित होती है, जिससे पर्यावरण को भी लाभ होगा। लोग पारंपरिक बिजली की बजाय सोलर एनर्जी की ओर बढ़ेंगे,सोलर पैनल से खुद की बिजली बनाकर उपभोक्ता मासिक खर्चों में कटौती कर सकते। किसी भी प्रकार का सरकारी शुल्क न होने से प्रक्रिया पहले से काफी आसान हो गई है।प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही है।

# बिहार में जनता मोदी-नीतीश के साथ: अनुप्रिया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बिहार में चुनाव प्रचार करने पर निशाना साधा और दावा किया कि बिहार की जनता फिर से एनडीए पर ही भरोसा जताएगी। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता इस भ्रम में हैं कि उनके एक साथ चुनाव प्रचार करने से बिहार की जनता उनके पक्ष में खड़ी हो जाएगी। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि बिहार चुनाव में एक बार फिर से जनता एनडीए गठबंधन पर विश्वास की मुहर लगाएगी।अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं का हवाला दिया, जिससे बिहार की जनता के जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। जनता का विश्वास और आम मतदाताओं का भरोसा एनडीए गठबंधन में कायम है।बिहार का चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि एक बार फिर से एनडीए का सुशासन कायम होगा।बिहार में मतदाता सूची में गड़बड़ी के राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि राहुल गांधी के आरोपों में कोई दम नहीं है। इलेक्शन कमीशन संवैधानिक संस्था है और मतदाता शुद्धिकरण एक प्रक्रिया है, जिसमें फर्जी मतदाताओं के नाम सूची से बाहर करना उसका काम है। अगर किसी व्यक्ति का नाम गलत तरीके से निकाला गया है, तो वह आपत्ति दर्ज कर सकता है।उन्होंने राहुल गांधी पर एनडीए के खिलाफ माहौल बनाने के लिए झूठा आरोप लगाने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार की जनता इसे समझ रही है।उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के बीच मनमुटाव की खबरों और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अनुप्रिया पटेल ने अपनी राय रखी। एनडीए गठबंधन में यूपी में शामिल दल निषाद पार्टी, अपना दल एस , सुभाषपा या फिर लोकदल, सभी मजबूती से एक साथ हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी दल एकजुट हैं। अलग-अलग पार्टियों और कार्यकर्ताओं के बीच मुद्दे उठ सकते हैं, लेकिन ये मुद्दे पार्टी नेता सुलझा लेंगे।2027 विधानसभा चुनाव में अपना दल एस कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगा, इस सवाल पर कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन हमारी कोशिश संगठन को मजबूत करने की है। संगठन मजबूत होगा तो चुनाव परिणाम भी बेहतर आएंगे। एनडीए गठबंधन ने जो चुनाव लड़े हैं उसमें हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है। 2027 में भी हमारा लक्ष्य 2022 से बेहतर प्रदर्शन करना है। अनुप्रिया पटेल ने पीडीए यानि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक गठबंधन पर कहा, अखिलेश यादव का पीडीए झूठा है।हमारी पार्टी तो पिछड़ों और वंचितों की बात करने वाली पार्टी है।एनडीए के जितने घटक दल हैं, चाहे ओमप्रकाश राजभर हों या डॉक्टर संजय निषाद, हम सब दबे-कुचले लोगों की बात करते हैं। वंचित तबका प्रधानमंत्री मोदी पर पूरा भरोसा करता है। अखिलेश यादव का पीडीए सिर्फ दिखावा है, असली पीडीए तो एनडीए के साथ है।

# मुसाफिरखाना के प्राचीन शिव मंदिर में चोरी

## शिवलिंग से चांदी के आभूषण गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के मानशाहपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शनिवार की रात चोरी की वारदात ने ग्रामीणों को झकझोर दिया। अज्ञात चोर मंदिर में घुसकर शिवलिंग पर चढ़े चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। खाली शिवलिंग देखकर गांव के लोगों के होश उड़ गए।और देखते ही देखते पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। तथा पूरे क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। सावन, महाशिवरात्रि और अन्य अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। ऐसे में मंदिर से आभूषण चोरी होना लोगों की धार्मिक भावनाओं पर गहरी चोट है। ग्रामीणों ने इस घटना को पुलिस की लापरवाही करार देते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हुआ।

गांववासियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से आस-पास के इलाकों में चोरी और छिनैती की वारदातें लगातार बढ़ी हैं। लोग रात में चैन से सो नहीं पा रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस की गश्त सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस समय पर सक्रिय होती तो धार्मिक स्थल को निशाना बनाने की हिम्मत चोरों की नहीं होती।

मंदिर समिति और गांव के बुजुर्गों ने प्रशासन से तुरंत सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही गांव के लोग स्वयं भी मंदिर की चौकीदारी करने की योजना बना रहे हैं। इस संबंध में मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि चोरी की वारदात रात्रि पुलिस गश्त के बाद की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में गुस्सा और भय दोनों देखा जा रहा है।लोग मानते हैं कि मंदिर से आभूषण चोरी होना सिर्फ एक साधारण चोरी नहीं, बल्कि उनकी आस्था से खिलवाड़ है। अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं,कि आखिर कब तक चोरों का पर्दा फाश कर श्रद्धालुओं की भावनाओं को संतोष मिलेगा।



# कच्ची दीवार गिरी, किशोरी की मौत

- सुबह घर पर सोते समय हुआ हादसा,अस्पताल में दम तोड़ा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में घर की कच्ची दीवार गिरने से 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई।हादसे के समय वह घर पर सो रही थी। जानकारी के मुताबिक ऊसरापुर गांव निवासी मनोज कुमार की बेटी दीपिका पर अचानक घर की कच्ची दीवार गिर पड़ी। दीवार की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल ले गए,जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका दीपिका की मौत से गांव का माहौल भी गमगीन हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को शपथ पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी की मौत इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई है। विधिक कार्रवाई गौरीगंज पुलिस द्वारा की जा रही है।

# तिलोई विधानसभा में छाया शोक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने जताई संवेदना

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



विधानसभा क्षेत्र तिलोई में बीते दिनों कई परिवारों में हुए आकस्मिक निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल शोकाकुल परिवारों के बीच पहुँचे और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

सिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम रुकूंनपुर में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वकार अहमद के पिता का इंतकाल हो गया। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर दुख की इस घड़ी में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। इसी क्रम में ग्राम अहोरवा भवानी में लल्लू सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल गाँव पहुँचे और परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लल्लू सिंह जैसे व्यक्तित्व का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं ग्राम चौबे का पुरवा में रेशम अली की धर्मपत्नी के इंतकाल की खबर से क्षेत्र शोकमग्न हो गया। जानकारी मिलते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष परिवार के बीच पहुँचे और उन्हें ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा मृत्यु एक ऐसी सच्चाई है जिसे टाला नहीं जा सकता। लेकिन अपनों का असमय चले जाना अत्यंत पीड़ादायक होता है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। और परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी इन दुखद घटनाओं पर गहरा शोक व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना था, कि इन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है,लेकिन समाज और संगठन हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। तिलोई विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही इन घटनाओं से वातावरण गमगीन बना हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुँचकर जिला अध्यक्ष का संवेदना प्रकट करना लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा।

# आवारा पशुओं की समस्या को लेकर फर्जी रिपोर्ट का हो रहा खेल

- आवारा व छूटे जानवरों से विकराल हुई समस्या,किसानों की फसलें हो रही चौपट

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

### ग्राम पंचायत सचिव ने पल्ला झाड़ा, किसानों का आक्रोश बढ़ा

सिंहपुर विकासखंड के ग्राम रामपुर पंवारा में आवारा पशुओं के कारण किसानों की कई बीघा खड़ी फसलें नष्ट हो चुकी है।ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव और अधिकारियों की इसी उदासीनता के चलते समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।अधिकारी सिर्फ कागजों में रिपोर्ट लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं। हकीकत यह है कि गांव और खेतों में आज भी आवारा पशुओं के झुंड घूम रहे हैं और फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।इस रवैये से किसानों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि सालभर की मेहनत और लागत बर्बाद हो रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जमीनी स्तर पर कोई कदम उठाने को तैयार नहीं हैं।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे। किसानों का कहना है कि गोशालाओं की स्थिति दयनीय है और उनमें पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण पशुओं को वहीं छोड़ दिया जाता है।



जनपद में आवारा और छूटे जानवरों की समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही है।खेतों में पसीना बहाकर बोई गई किसानों की मेहनत इन जानवरों की वजह से चौपट होती जा रही है।किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं,लेकिन इसके बावजूद आवारा पशुओं के झुंड फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि धान, गेहूँ, आलू, अरहर और सरसों जैसी मुख्य फसलें इन जानवरों के कारण बर्बाद हो जाती हैं।किसानों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। गोशालाओं में न तो पर्याप्त जगह है, और न ही समुचित व्यवस्था। नतीजतन सैकड़ों की संख्या में आवारा पशु खुले में घूमते रहते हैं। और गांव व खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और ग्राम पंचायत स्तर पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।उदाहरण स्वरूप हाल ही में रामपुर पंवारा गांव के एक किसान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी।

इस शिकायत पर कार्रवाई का दिखावा करते हुए ग्राम पंचायत सचिव ने रिपोर्ट लगा दी,कि सभी आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेज दिया गया है।जबकि हकीकत यह है, कि आज भी खेतों और गांवों में पशुओं के झुंड घूम रहे हैं।सचिव ने ग्रामीणों से यहां तक कह दिया कि सांडों को मारने के लिए हम बैठे हैं क्या? गाड़ी का पैसा भी देना पड़ता है। और गोशालाओं में जगह ही नहीं है। इस तरह की लापरवाही ने किसानों का आक्रोश और बढ़ा दिया है। समस्या केवल फसलों के नुकसान तक सीमित नहीं है। छोटे आवारा जानवरों के हमलों से ग्रामीणों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है।जानकारी के अनुसार बीते दिनों छोटे जानवरों के हमलों से अब तक लोगों की मौत हो चुकी है।इन घटनाओं से ग्रामीणों में गहरी दहशत है। उनका कहना है, कि प्रशासन केवल रिपोर्ट बनाने तक सीमित है। जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहा। ग्रामीणों और किसानों का कहना है, कि सालभर की मेहनत और हजारों रुपये की लागत इन जानवरों की वजह से चौपट हो रही है। अगर यही स्थिति रही तो वे भारी कर्ज के बोझ तले दब जाएंगे।किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है, कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों और गोशालाओं की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, आवारा पशुओं की समुचित व्यवस्था की जाए और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। अन्यथा यह समस्या आने वाले दिनों में और भी भयावह रूप धारण कर सकती है।

# साइबर फ्रॉड के विरुद्ध पुलिस का अभियान जारी, दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर पुलिस ने रविवार को चाइनीज लोनिंग एप्लीकेशन, गेमिंग बेटिंग एप्लीकेशन के माध्यम से आम लोगो से धोखाधड़ी कर धोखाधड़ी की करोड़ो की धनराशि को क्रिप्टोकरेंसी (स्छ्ज्ञ) में कन्वर्ट कर विदेश भेजने वाले एक बडे संगठित गिरोह का भंडाफोड करते हुए 02 शातिर साइबर ठगी के अपराधी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 31 अगस्त को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में हुए साइबर ठगी के अपराधों के खुलासा के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर क्राइम विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी ललिया लाइन डॉ जितेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आर0पी0 यादव के नेतृत्व में आईटी एक्ट के 02 अभियुक्त अबुल आस उर्फ अबुलास पुत्र मो0 इनाम निवासी खम्हरिया थाना इटवा जिला सिद्धार्थनगर तथा विनीत मिश्रा पुत्र प्रेम प्रकाश मिश्रा निवासी मोतीगंज बाजार थाना बीकापुर जनपद सुल्तानपुर वर्तमान पता संतुष्टि 02 इंक्लेव लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया जा गया।



पूछताछ पर अभियुक्त अबुल आस उर्फ अबुलास द्वारा बताया गया कि वह वर्ष 2007 में रोजी रोजगार के सिलसिले मे दिल्ली गया था, जहां वह 04 वर्षों तक रहा, वहीं Tour & Travels, PCO की दुकान पर काम करते हुये कम्प्यूटर सीखा। वर्ष 2012 में वापस घर आकर अपना साइबर कैफे व सी.एस.सी. सेटर खोल लिया। वहीं मैने कुछ दिनो तक फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का काम किया। फिर काम के सिलसिले मे मेरा आना जाना लखनऊ हुआ जहां मेरी मुलाकान राहुल मिश्रा (पूर्व में गिरफ्तार) हुयी थी। अभियुक्त विनीत मिश्रा द्वारा बताया गया कि वह लखनऊ में प्रापर्टी का काम करता है वर्ष 2020 में बैंक के काम के सिलसिले में Yes Bank गया था वही मेरी मुलाकात राहुल मिश्रा (राहुल मिश्रा) से हुयी थी।

अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया हमलोग राहुल मिश्रा (पूर्व में गिरफ्तार) के साथी हैं । हमलोग आनलाइन गेमिंग बेटिंग सट्टा एप फ्राड से सम्बन्धित कार्य करते हैं जिसमें फर्जी फर्म का करेन्ट एकाउन्ट जिसकी प्रतिदिन लेनदेन की लिमिट लाखों में हो, व्हाट्सएप व टेलीग्राम एप के माध्यम से साइबर फ्राडस्टरस् एजेन्टो से संपर्क कर प्राप्त करके आनलाइन गेमिग बेटिंग व सट्टा के माध्यम से प्राप्त धनराशि के सेटलमेन्ट हेतु कतिपय गेमिंग एप जीवन एप, एच.एन.पे, शार्प पे, सुपर पे, ब्रो पे से जुडे एजेन्टो को उपलब्ध कराते हैं जिसमें गेमिंग एप द्वारा गेमिंग एप्लीकेशन उपयोगकर्ता द्वारा अवैध बेट सट्टा में लगायी गयी धनराशि को प्राप्त किया जाता है तथा उसे अपने किसी सुरक्षित खाते में दिन प्रतिदिन के आधार पर भेज दिया जाता है और इस तरह आनलाइन बेटिंग सट्टा से प्राप्त होने वाले लाभांश एवं गेमिंग से सरकार को प्राप्त हो सकने वाले टैक्स की धनराशि को अवैध तरीके से प्राप्त कर धनार्जन किया जाता है। इस कार्य के लिए हमलोगों को कुल लेनदेन की धनराशि का 02 से 03 प्रतिशत कमीशन प्राप्त होता है। साथ ही जनता के लोगो के विभिन्न सेविंग अकाउन्ट एवं करेन्ट अकाउन्ट प्राप्त कर हर तरह के साइबर फ्राड के पैसे को मंगाया जाता है जिसमे से 02 से 03 प्रतिशत का कमीशन हम लोगों को प्राप्त होता है। जब बैंक खातों पर कोई शिकायत दर्ज होती है अथवा बैंक द्वारा खातो को फ्रीज कर दिया जाता है तो हम लोगो द्वारा इसी तरह नये बैंक अकाउन्ट प्राप्त कर साइबर फ्राड का कार्य किया जाता है।

# एएसपी ने न्यायालय में पैरवी करने वाले कर्मचारियों के साथ की गोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त पैरोकार व सहायक पैरोंकार, समस्त कोर्ट मोहर्रिर, सम्मन सेल तथा मॉनीटरिंग सेल के अधिकारियों कर्मचारियों व थानों के अतिरिक्त निरीक्षकों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

जानकारी के अनुसार 31 अगस्त को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधिक्षक विशाल पाण्डेय द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त पैरोंकार सहायक पैरोकारों, समस्त कोर्ट मोहर्रिर, सम्मन सेल व मॉनीटरिंग सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय के कार्यों में आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में वार्ता की तथा बताया कि न्यायालय द्वारा जारी सम्मन, बी0 डब्ल्यू व एन0बी0डब्ल्यू0 आदेशिकाओं का सुदृढ़ एवं त्वरित उपलब्धता गूगल शीट एप पर अपडेट करना व संबंधित गवाह का सम्यक जानकारी के उपरांत गूगल शीट एप के माध्यम से फीड करते हुए न्यायालय समय से वापस करना है । एएसपी की उपस्थिति में प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा गूगल शीट एप पर नियमित तामीला फीड करने व उसे अपडेट करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। गूगल शीट एप से गंभीर, सनसनी खेज एवं महिला संबंधी अपराधों में त्वरित न्याय प्रकिया के तहत सजा दिलाए जाने हेतु गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनायी जा सकेगी।

# मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में 10 संकायों का हुआ सृजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में नव सृजित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय अब भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और आधुनिक विज्ञान की शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। शासनादेश जारी होने के बाद विश्वविद्यालय में 10 संकायों का सृजन किया गया है। इनमें पारंपरिक और आधुनिक विषयों के साथ-साथ विज्ञान की नवीनतम शाखाएं भी शामिल हैं।



मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर ने 31 अगस्त को बताया कि शान द्वारा स्वीकृत 10 संकायों में इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर, फार्मास्यूटिकल साइंस, लैंग्वेज, फाइन आर्ट्स एंड डिजाइन, बिजनेस मैनेजमेंट एंड कॉमर्स, आर्ट्स तथा साइंस प्रमुख हैं। खास बात यह है कि क्वांटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे नवीनतम विषय की पढ़ाई अब यहां संभव होगी, जो उत्तर भारत के विश्वविद्यालयों में बिल्कुल नया है। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं यहां मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों के साथ हिंदू स्टडीज, सोशल हारमोनी, योग फिलॉसफी एंड प्रैक्टिसेज, स्पिरिचुअल टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट जैसी विशेष शिक्षाओं से भी जुड़ सकेंगे। नेपाल सीमा से सटे इलाके की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए यहां थारू हिस्ट्री, कल्चर एंड एम्पावरमेंट डिपार्टमेंट की स्थापना की गई है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण एग्रीकल्चर फैकल्टी में एग्रोफॉरेस्ट्री और शुगरकेन डिपार्टमेंट भी शामिल किए गए हैं। वहीं पत्रकारिता एवं जनसंचार, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (स्छ्ट) और एलएलएम (स्स्रू) की पढ़ाई भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह का कहना है

÷प्रदेश के मुख्यमंत्री की विशेष रुचि और सक्रियता से विश्वविद्यालय में 245 पदों पर राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जहां कुछ ऐसे विषय शामिल किए गए हैं जो किसी अन्य विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ाए जाते। यहां की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ये पाठ्यक्रम इस क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।÷

# ट्रक से युवक को कुचलने की कोशिश में एक गिरफ्तार, तीन फरार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के थाना मिलएरिया क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद सुल्तान बंदरामऊ गांव का रहने वाला है। 27 अगस्त 2025 को चार लोगों ने दीपेंद्र कुमार की हत्या का प्रयास किया था। आरोपियों ने तेज गति से ट्रक चलाकर जानबूझकर दीपेंद्र को टक्कर मार दी। इस हमले में दीपेंद्र गंभीर रूप से घायल हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। 30 अगस्त देर शाम को मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद सुल्तान को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में इस्तेमाल किया गया ट्रक (यूपी75डी 8883) भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में तीन आरोपी अभी फरार हैं। इनमें मोहम्मद जमील, अब्दुल वहाद और मोहम्मद शाहिद शामिल हैं। सभी बंदरामऊ के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रयोगशाला सहायक की सेवानिवृत्ति होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज में भूगोल विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक एस एन सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भूगोल विभाग द्वारा शनिवार की देर शाम विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के शिक्षकों ने उनके कार्यकाल की सराहना की।

जानकारी के अनुसार 31 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। सेवानिवृत्त प्रयोगशाला सहायक एस एन सिंह का स्वागत करते हुए प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि रिटायरमेंट सेवाकाल के दौरान की एक प्रक्रिया है लेकिन कुछ ऐसे लोग होते हैं जो अपने कार्य व व्यवहार से संस्था में अपनी अमिट छाप छोड़ते हैं। अपनी सेवा के दौरान एस एन सिंह जी ने न केवल अपने काम में उत्कृष्टता हासिल की, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहे, उन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव से सभी को हमेशा प्रेरित किया है।

विदाई समारोह के दौरान मिले सम्मान से अविभूत सेवानिवृत्त प्रयोगशाला सहायक एस एन सिंह ने कहा कि आज हमारे लिए एक अत्यंत भावुक पल है क्योंकि आज उस संस्थान से हम सेवानिवृत्त हो रहे हैं जहाँ हमने जीवन के 38 वर्ष बिताये। विभाग के द्वारा कार्यकाल के दौरान मिले अभूतपूर्व सहयोग के लिए सभी के प्रति आभारी हूँ। विभागध्यक्ष भूगोल प्रो0 सर्वेश्वर नाथ सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जुलाई 1987 से कालेज में आपने सेवा दिया।

अपने जीवन के बहुमूल्य वर्षों को एम.एल. के .कॉलेज संस्थान की सेवा में समर्पित किया है। आपने न केवल अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा, ईमानदारी और परिश्रम के साथ निभाया, बल्कि प्रयोगशाला को सदैव एक अनुशासित, व्यवस्थित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। उनकी सादगी, मिलनसार व्यवहार और सहयोगी स्वभाव ने उन्हें सभी का प्रिय बना दिया।

# सारस और मामा चौराहे पर 47 वाहनों का चालान, 5 वाहन सीज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान सारस चौराहा से शारदा नहर और सिविल लाइन से मामा चौराहे तक चलाया गया। पुलिस ने सड़क के दोनों तरफ खड़े वाहनों की जांच की। इसमें 25 कमर्शियल मैजिक, 12 ई-रिक्शा और 10 सीएनजी ऑटो का एमवी एक्ट के तहत नो पार्किंग का चालान किया गया। 5 भारी वाहनों को सीज किया गया। वाहन मालिकों को सड़क के दोनों तरफ वाहन न खड़े करने की चेतावनी दी गई। अभियान में प्रभारी निरीक्षक यातायात इंद्रपाल सिंह सेंगर के नेतृत्व में टीएसआई रामसजीवन, रमेश सिंह, अरिमर्दन सिंह, रामबाबू और यातायात पुलिस कर्मी शामिल रहे। रायबरेली पुलिस ने जनपदवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारी



नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत की टॉप बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार रात को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी ने 19-21, 21-18, 12-21 से हराया। मुकाबला एक घंटे सात मिनट तक चला।ऐसे में भारतीय जोड़ी को ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 2022 में भी ब्रॉन्ज मेडल मिला था।

पहला गेम में दिखी कांटे की टक्कर

मैच की शुरुआत में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर उन्होंने पहले रिसीव करने का फैसला किया। सात्विक की सटीक सर्विस रिटर्न के साथ भारतीय जोड़ी ने पहला अंक हासिल किया। लगातार दो स्मैश नेट में मारने की चीनी जोड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए सात्विक-चिराग ने 4-0 की बढ़त बना ली। कुछ ही देर में वे 9-3 से आगे हो गए। पहले गेम के मध्यांतर में भारतीय जोड़ी 11-5 से आगे थी। लेकिन चीनी जोड़ी ने मजबूत वापसी करते हुए स्कोर 12-12 पर ला खड़ा किया और आखिरकार पहला गेम 21-19 से जीत लिया।

दूसरा गेम- सात्विक-चिराग की वापसीदूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने फिर से शानदार शुरुआत की और 6-2 की बढ़त बना ली। लेकिन चीनी जोड़ी ने फिर से वापसी की और स्कोर 8-8 पर बराबर कर लिया।इसके बाद सात्विक और चिराग ने अपनी रक्षा को मजबूत किया और हर मौके का फायदा उठाकर 15-11 की बढ़त हासिल की। चीनी जोड़ी ने एक बार फिर 17-17 पर स्कोर बराबर किया, लेकिन सात्विक-चिराग ने शानदार खेल दिखाते हुए गेम को 21-18 से अपने नाम किया।

तीसरा गेम- चीनी जोड़ी का दबदबानिर्णायक गेम में सात्विक-चिराग की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वे जल्द ही 0-6 से पीछे हो गए और लगातार 9 अंक गंवा दिए।हालांकि बाद में कुछ अंक हासिल किए, लेकिन बड़ी बढ़त बना चुकी चीनी जोड़ी को रोक पाना मुश्किल था। आखिरकार चेन-लियू ने 21-12 से गेम और मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

## पाकिस्तान की टी-20 ट्राई सीरीज में लगातार दूसरी जीत

यूएई (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यूएई में खेले जा रही टी-20 ट्राई सीरीज में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने शनिवार को यूएई को 31 रन से हराया।इससे पहले शुक्रवार को अफगानिस्तान को हराया था।

पाकिस्तान के लिए सईम अय्यूब (69 रन) और हसन नवाज (56 रन) ने अर्धशतक लगाए।इनके अलावा, फहीम अशरफ और हसन अली ने भी तेज पारियां खेलते हुए पाकिस्तान का स्कोर 207 रन तक पहुंचा दिया, जो टीम का टी-20 में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यूएई की ओर से आसिफ खान ने 35 गेंदों में 77 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन यह जीत के लिए काफी नहीं थी।पाकिस्तान की शुरुआत खराबटॉस जीतकर पाक कप्तान सलमान आगा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला



लिया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और ओपनर साहिबजादा फरहान जल्दी ही वापस लौट गए। इसके बाद फखर जमान भी अपना विकेट महज 6 रन बनाकर गंवा बैठे। कप्तान सलमान भी 5 रन ही बना सके।

वहीं, सईम अयूब ने एक छोर को संभाले रखा और अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने महज 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों में 69 रन की पारी खेलकर टीम को मुश्किल से निकाला। इस पारी में चार छक्के और सात चौके शामिल रहे।अयूब को दूसरी तरफ से हसन नवाज का साथ मिला। नवाज ने महज 26 गेंदों में 56 रन बनाएं। नवाज ने अपनी पारी में 2 चौके लगाया और छह सिक्स भी जड़े। दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 25 बॉल पर 57 रन की साझेदारी हुई। लोअर ऑर्डर में मोहम्मद नवाज (25 रन), फहीम अशरफ (16 रन) और हसन अली (9 रन) ने अंतिम चार ओवरों में 45 रन जोड़कर स्कोर को 207 तक पहुंचाया।

यूएई के लिए आसिफ खान ने 77 रन की पारी खेली

टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई टीम के लिए आसिफ खान ने 35 गेंदों में 77 रन की शानदार पारी खेली। लेकिन यह टीम की जीत के लिए काफी नहीं था।

हालांकि टीम के कप्तान मुहम्मद वसीम ने भी 18 गेंदों में 33 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने टीम को अच्छी शुरुआत दी और यूएई ने पावरप्ले में 33 रन बनाए।

उधर पाकिस्तान के लिए हसन अली और मोहम्मद नवाज ने मिलकर आधी टीम को पवेलियन भेजा और पाकिस्तान की जीत पक्की कर दी। हसन ने 3 जबकि नवाज ने 2 विकेट लिए।

## 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट

दुबई (एजेंसी)। किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं। लेकिन, 14 सितंबर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम।भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है।क्या है 7 मैचों का पैकेजइस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत-पाकिस्तान, बी1-बी2, ए1-ए2-ए1-बी2,ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है।

### थप्पड़ कांड के वीडियो पर भड़कीं श्रीसंत की पत्नी

# बोलीं- ललित मोदी-क्लार्क को शर्म आनी चाहिए, दोनों खिलाड़ी अब आगे बढ़ चुके

जालंधर (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और एस. श्रीसंत का थप्पड़ कांड 17 साल बाद फिर सुर्खियों में है। आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने हरभजन सिंह का श्रीसंत को थप्पड़ मारते का वीडियो जारी किया। इस पर श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ललित मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क पर भड़की हैं। उन्होंने कहा कि ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्मा आनी चाहिए। 2008 की घटना को घसीटकर पुराने जख्म कुरेद रहे हैं।

बता दें कि आईपीएल के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बीच खेले गए मैच में यह घटना घटी थी। ललित मोदी ने पहली बार यह फुटेज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट में दिखाया है। ललित मोदी ने कहा कि यह वीडियो पहले कभी सार्वजनिक नहीं हुआ था।



श्रीसंत की पत्नी की 3 अहम बातेंललित मोदी और क्लार्क को शर्म आनी चाहिए- श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर लिखा- ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्म आनी चाहिए। आप लोग इंसान नहीं हैं। सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए 2008 की घटना को घसीट रहे हैं।

श्रीसंत और हरभजन आगे बढ़ चुके हैं- भुवनेश्वरी ने आगे लिखा- श्रीसंत और हरभजन पहले ही इससे आगे बढ़ चुके हैं। दोनों ही अब स्कूल गोइंग बच्चों के पिता हैं। इसके बाद भी आप लोग उन्हें पुराने दिनों में घसीट रहे हैं। यह बेहद ही घिनौना, निर्दयी और अमानवीय है।

हमारे परिवार के लिए दुखद- भुवनेश्वरी ने लिखा, श्रीसंत ने कठिन चुनौतियों का सामना करने के बाद अपनी लाइफ को फिर से बनाया है। उनकी पत्नी और बच्चों की मां होने के नाते 18 साल बाद इस घटना को देखना हमारी फैमिली के लिए दुखद है। परिवार को उस सदमे को फिर से जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो सालों पहले दफन हो चुका है। ऐसा इसलिए किया जा रहा ताकि आप लोग नजरों में बने रहें।

सिक्योरिटी कैमरे में घटना कैद हुई- माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट में ललित मोदी ने कहा, मैं तुम्हें बताता हूं कि क्या हुआ था। मैं तुम्हें वीडियो दूंगा। मैंने उसे संभाल कर रखा है। मैच खत्म हो चुका था, कैमरे बंद कर दिए गए थे। लेकिन मेरे एक सिक्योरिटी कैमरे ने घटना को कैद कर लिया था। उसमें साफ दिख रहा है कि भज्जी (हरभजन) ने श्रीसंत को बैक-हैंड यानी थप्पड़ मारा।

हरभजन ने कहा- इधर आओ और उल्टा थप्पड़ जड़ दिया- मोदी ने आगे कहा- भज्जी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं। यह मैदान पर हुआ था और मैं वहां था। जैसे ही टीमों ने खेलना बंद किया। खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे और हाई-फाइव कर रहे थे। जब बात श्रीसंत और भज्जी की आई तो हरभजन ने उनसे कहा, इधर आओ और उन्हें एक उल्टा थप्पड़ जड़ा।

आजीवन प्रतिबंध लगाना चाहते थे अधिकारी- ललित मोदी ने कहा, मैंने हरभजन को आजीवन प्रतिबंध से बचाया। अधिकारियों का एक वर्ग यह भी चाहता था कि अनुभवी ऑफ स्पिनर पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया जाए। मैंने उन दोनों को बैठाया और मीटिंग में ही भज्जी को सजा देनी पड़ी। मैंने उसे आठ मैचों के लिए सजा दी।

### हार के बाद श्रीसंत पर भड़के थे हरभजन

25 अप्रैल, 2008 को मोहाली में पंजाब के हाथों मुंबई इंडियंस की 66 रनों से हार के बाद हरभजन-श्रीसंत थप्पड़ कांड हुआ था। मैच के बाद दोनों टीमें हाथ मिला रही थीं। बाद में पता चला कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हरभजन उस करारी हार के बाद श्रीसंत के हंसने और टिप्पणी करने से भड़क गए थे। श्रीसंत ने कहा था, हार्ड लक।

हरभजन माफी मांग चुके

हरभजन इसे लेकर कई बार सार्वजनिक मंचों पर माफी मांग चुके हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि यह जिंदगी का सबसे बुरा किस्सा है, जिसे मैं हटाना चाहता हूं।

## दानिल मेदवेदेव कोर्ट पर फोटोग्राफर के आने से गुस्साए

### रैकेट भी तोड़ा, लगा 42500 डॉलर का भारी जुर्माना



न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5.4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिए कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी।

### हॉकी एशिया कप में भारत-जापान मैच

## तीसरे क्वार्टर के बाद इंडिया 3-1 से आगे

राजगीर (एजेंसी)। एशिया कप हॉकी का 8वां मैच भारत और जापान के बीच राजगीर में खेला जा रहा था। चौथे क्वार्टर का खेल जारी है। फिलहाल, भारत 3-1 से आगे थी। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल किए थे। उन्होंने 5वें और 45वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया था। 36वें मिनट में जापान के लिए कावाबे कोसेई ने गोल किया था।

पिछले मुकाबले में कजाकिस्तान को 13-1 से हराने वाली चीन पूल ए के टॉप पर है। जापान दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। इस पूल से टॉप-2 टीमें अगले दौर में प्रवेश करेंगी। भारतीय टीम ने पहले मुकाबले में चीन पर 4-3 की जीत दर्ज की थी। जापान ने कजाकिस्तान को 7-0 से हराया था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी।

दोनों टीमों की स्टार्टिंग-इलेवनभारत- हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अभिषेक, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मंदीप सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक (गोलकीपर), हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, संजय, राजिंदर सिंह।



सब्स्टिट्यूट्स- दिलप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, राज कुमार पाल, जुगराज सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सूरज करकेरा (गोलकीपर), शिलानंद लाकड़ा।

जापान- फुजीशिमा राइकी (कप्तान), यामासाकी कोजी, यामादा शोटा, हिगुची यूटो, कावाहारा यामातो, तानाका सेरेन, मात्सुमोतो काजुमासा, यामाशिता मनाबु, नागायोशी केन, कावाबे कोसेई, योशिकावा ताकाशी (गोलकीपर)।

सब्स्टिट्यूट्स- किमुरा नारू, तानाका कैटो, कावामुरा युसुके, कुरोदा किशो (गोलकीपर), वातानाबे केइता, शिनोहारा रयोसुके, यामादा ह्योता

# आयुष बडोनी का दोहरा शतक, उत्तर क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा

बेंगलुरु (एजेंसी)। आयुष बडोनी के नाबाद दोहरे शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे और आखिरी दिन रविवार को यहां पूर्व क्षेत्र को वापसी करने का मौका नहीं दिया और पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पहली पारी में 183 रन की बढ़त लेने वाली उत्तर क्षेत्र की टीम ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 388 रन से आगे से की। टीम ने चार विकेट पर 658 रन पर पारी घोषित की तब उसकी बढ़त 833 रन की हो चुकी थी और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। बडोनी 223 गेंद पर 204 रन पर नाबाद रहे जबकि कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे।



बडोनी ने उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजी जारी रखने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हुए प्रथम श्रेणी करियर का दूसर दोहरा शतक पूरा किया। बीते दिन 56 रन पर नाबाद रहे दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने 93 रन के स्कोर पर छक्का जड़ा और फिर एक रन चुरा कर 123 गेंद में अपना शतक पूरा किया। कप्तान अंकित शर्मा दो रन से दोहरा शतक पूरा करने से चूक गये। दिन की शुरुआत 168 रन से करने वाले अंकित 198 रन बनाकर तेज गेंदबाज मुख्तार हुसैन की गेंद को मिड ऑन पर सूरज जायसवाल के हाथों में खेल गए।

उन्होंने आउट होने से पहले बडोनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। इस विकेट के बाद भी पूर्व क्षेत्र के गेंदबाजों को राहत नहीं मिली। क्रीज पर आए निशांत सिंधू (91 गेंद में 68 रन) ने बडोनी के साथ 157 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 600 के पार पहुंचा दिया। टीम ने बडोनी का दोहरा शतक पूरा होने के बाद पारी घोषित कर दी। बडोनी ने 13 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि सिंधू ने दो चौके और पांच छक्के लगाये। पहली पारी में हैट्रिक सहित 5 विकेट लेने वाले उत्तर क्षेत्र के गेंदबाज आकिब नबी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच ड्रॉ के बाद उत्तर क्षेत्र के कप्तान अंकित ने कहा, 'अगर हम चाहते तो परिणाम के लिए जा सकते थे। पहली पारी में बढ़त के कारण हमने कोशिश नहीं की। हम अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को भी (एशिया कप से पहले) जितना हो सके उतना तरोताजा रखना चाहते थे।

### अक्षर पटेल से छिनेगी दिल्ली कैपिटल्स की

## इन प्लेयर्स में किसी को मिल सकता है मौका

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बदलावों का दौर चल रहा है। ट्रेड विंडो के तहत कई तरह की बातचीत और कुछ बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं अब दिल्ली कैपिटल्स में



अक्षर पटेल को कप्तानी से हटाने की खबरें सामने आई हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 से पहले एक नए कप्तान पर विचार कर रही है। इससे टीम में केएल राहुल या फाफ डु प्लेसिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए भूमिका खुल जाती है। फिलहाल फ्रैंचाइजी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। डीसी कप्तानी के लिए 3 सर्वश्रेष्ठ दावेदार फाफ डु प्लेसिस - फाफ डु प्लेसिस का नाम इस भूमिका के लिए दूसरे सबसे अच्छे उम्मीदवार के रूप में सामने आता है। दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने अपनी राष्ट्रीय टीम के अलावा दुनिया भर की विभिन्न लीगों में कई फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया है। अनुभव की बात करें तो डु प्लेसिस के पास इसकी कोई कमी नहीं है और वह टीम को इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ सीजन तक ले जा सकते हैं।

केएल राहुल - भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल टीम के सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से एक हैं। आईपीएल 2025 में वह उनकी बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे। टीम में राहुल के महत्व और फ्रैंचाइजी तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव होने के कारण, यह भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प लग रहा है।

# भोपाल में भारत-पाक मैच पर कहा- खिलाड़ी कभी भी उस फैसले से अलग राय नहीं रख सकते

भोपाल (एजेंसी)। भारत-पाक के बीच जब भी क्रिकेट होता है तब खेल से ज्यादा राजनीतिक चर्चा होने लगती है। दोनों देशों के रिश्तों को देखते हुए द्विपक्षीय सीरीज न खेलने का फैसला सरकार का है। सरकार जो कहे वही अंतिम फैसला होता है। खिलाड़ी कभी भी उससे अलग राय नहीं रख सकते।

यह कहना है पूर्व भारतीय ऑलराउंडर मदनलाल का। वे खेल दिवस के मौके पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मोटिवेशनल स्पीकर शामिल हुए थे। इस मौके पर मीडिया ने उनसे बात की। मोहम्मद सिराज को एशिया कप में नहीं चुने जाने को लेकर उन्होंने कहा कि परफॉर्मेंस के हिसाब से वे टीम में जगह डिजर्व करते



थे।भोपाल की आबोहवा से मेरा खास जुड़ावमदनलाल ने कहा कि भोपाल मेरे लिए कोई नया शहर नहीं है। भोपाल मेरा तीन-चार साल के बाद आना हुआ है। मैं नॉर्मली पहले यहां आता था।आई एम अ वेरी फैमिलियर टू दिस प्लेस। आई थिंक भोपाल इज अ ब्यूटीफुल सिटी। यहां कि आबोहवा और लोगों से उनका एक खास जुड़ाव है। इसलिए जब भी भोपाल आता हूं मुझे अपनापन महसूस होता है।किसी को सीधे टी20 से टेस्ट खिलाना सही नहीं

टी20 और आईपीएल की भूमिका पर मदनलाल ने साफ कहा कि केवल इस आधार पर चयन उचित नहीं है। टी20 फॉर्मेट में सिर्फ टैलेंट दिखता है, लेकिन टेस्ट और वनडे बिल्कुल अलग हैं।

किसी खिलाड़ी को सीधे टी20 से टेस्ट या वनडे में मौका देना सही नहीं है। चयन हमेशा घरेलू क्रिकेट रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी, रेस्ट ऑफ इंडिया और इंडिया ए टीम से होना चाहिए। तभी खिलाड़ी वास्तव में परिपक्व होंगे।सिलेक्शन में कप्तान-कोच की राय जरूरीभारतीय टीम के एशिया कप चयन को लेकर मदनलाल ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी कई खिलाड़ी मायूस हुए। कई नए चेहरे शामिल किए गए। उन्होंने कहा, मैं खुद चार साल सिलेक्टर रहा हूं। चयन में हमेशा आलोचना होती है।कई बार टैलेंटेड खिलाड़ी छूट जाते हैं और इसके पीछे अलग-अलग वजह होती है। (साभार- एजेंसी)

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# संघ प्रमुख मोहन भागवत के शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझिए

**मोहन भागवत ने स्पष्ट कहा कि समाज में जीवन में विविधता है, लेकिन कई बार इनमें संघर्ष भी दिखाई देता है, लेकिन सबको साथ लेकर चलना है और इसके लिए सबके बीच समन्वय स्थापित करना है। इसके लिए कई बार कुछ त्याग भी करना पड़ता है जिसके लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म सदैव सार्वकालिक सुखदाई होता है। यदि कोई वस्तु दुखदाई है तो वह धर्म नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मरने के बाद अलग-अलग वर्गों के लिए अलग श्मशान होने की सोच को स्वीकार नहीं किया जा सकता।**

*देश दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अगले एक वर्ष तक विभिन्न प्रबुद्ध कार्यक्रम व अभियान चलाने वाला है ताकि भारतीय सभ्यता-संस्कृति पर आधारित हिन्दू राष्ट्र के व्यापक दर्शन और उसमें अंतर्निहित महान सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जनसरोकारों से जन-जन को सुपरिचित कराया जा सके। इस नजरिए से नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन सभागार में अपने कर्मठ समाजसेवी लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ भी कहा, उन शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझने-समझाने की जरूरत है ताकि भव्य व मजबूत भारत का पुनरूत्थान संभव हो सके। यही बात शेष दुनिया पर भी लागू हो सकती है। इसलिए उन पर न केवल भारत सरकार बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़े सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष को भी गौर करना चाहिए और अपनी प्रशासनिक नीतियों में उन्हें वरीयता दी जानी चाहिए। दरअसल, संघप्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ कहा और भारत के समग्र हित में जो कुछ नहीं कह पाए, उसे समझने-समझाने की जरूरत है। उनके उर्वर लोक दर्शन को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि सबका भला हो सके। आप मानें या न मानें, उनकी इन बातों में दम है कि उपभोक्तावाद की वृद्धि के कारण दुनिया में पाप, दुःख और संघर्ष बढ़ रहा है। इसलिए जनसेवा और त्याग जैसे धार्मिक संस्कारों से ही उनका सम्यक मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि वोक कल्चर पूरी दुनिया पर छा रहा संकट है, क्योंकि लोग अपने अलावा किसी दूसरे की ओर नहीं देख रहे हैं। इससे बचने के लिए लोगों को केवल धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए। मोहन भागवत ने हिंदुत्व की परिभाषा पर भी विस्तार से बात करते हुए समझाया कि, हिंदुत्व या हिंदुपन क्या है? अगर इसे संक्षेप में कहना हो तो दो शब्द हैं सत्य और प्रेम। दुनिया का संचालन एकता से होता है, सौदेबाजी और अनुबंधों से नहीं। चूंकि हिंदुस्तान का जीवन मिशन विश्व कल्याण है। उनका कहना था कि विकास की दौड़ में दुनिया ने भीतर झांकना छोड़ दिया है। अगर भीतर खोज होगी तो ऐसी अनंत खुशी मिलेगी जो कभी खत्म नहीं होगी। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। इससे ही पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का माहौल बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व किसी एक संप्रदाय या समुदाय की विचारधारा नहीं है, बल्कि यह वह सोच है जो सत्य और प्रेम पर आधारित होकर सबको साथ लेकर चलती है। अगर यही मार्ग अपनाया जाए तो दुनिया के संघर्ष खत्म हो जाएंगे और सच्चा सुख-शांति स्थापित होगी। लिहाजा, सम्भव है कि भागवत के सम्पूर्ण शताब्दी उपदेश का भविष्य में कुछ सकारात्मक असर हो सकता है। पहला, भाजपा-विरोधी दलों का आरोप कमजोर हो सकता है कि हिंदू राष्ट्र सिर्फ सत्ता हथियाने का औजार है, जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास है। दूसरा, भाजपा को अपनी भाषा और नीतियों में समावेशिता दिखानी पड़ सकती है। इससे उत्तर के साथ साथ दक्षिण में भी उसका विस्तार संभव है। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश भी जाएगा कि भारत का राष्ट्रवाद अधिनायकवादी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और समावेशी है। इसमें ग्लोबल साउथ का भी हित निहित है जो कि दलित-पिछड़े देशों का समूह है।*

## एक्सप्रेस आलेख


**संघ ने आगे के लिए पंच परिवर्तन के सिद्धांत स्वीकार रखा है और इन्हीं बिंदुओं पर समाज के बीच काम कर रहा है। संघ प्रमुख ने अपने व्याख्यान में इसको विस्तार से समझाकर एक तरह से आने वाले दिनों का संघ का कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिया। इस पंच परिवर्तन का पहला बिंदु है, ससामाजिक समरसता। इसके तहत संघ और उसके असंख्य कार्यकर्ता लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सौहार्द और प्रेम बढ़ाने को लेकर काम कर रहे हैं। संघ के पंच परिवर्तन का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है कुटुम्ब प्रबोधन, जिसके तहत संघ की कोशिश राष्ट्र के विकास में परिवार को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इकाई के रूप में संवर्धित करने के प्रयासों में लगातार जुटा है।**

# भविष्य के कार्यक्रम के साथ वैचारिक कुहासे पर प्रहार


उमेश चतुर्वेदी

**मोहन भागवत ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस से ही आज की राजनीतिक पार्टियां एक तरह से निकली हुई हैं। उन्होंने कहा कि 1857 के बाद आजादी के लिए सशस्त्र संघर्ष का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। ये क्रांतिकारी लोग थे। कुछ लोग ऐसे भी थे, जिन्हें लगा कि हमारे समाज में कई बुराइयां हैं, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने समाज सुधार आंदोलन शुरू किया, तो एक धारा ऐसी भी रही, जिन्होंने धार्मिक और सामाजिक सुधार पर जोर दिया।**

किसी संगठन की सौ साल की यात्रा सामान्य बात नहीं है। आने वाले दशहरे को संघ अपनी स्थापना के सौ साल पूरी कर लेगा। चौतरफा कटु वैचारिक हमले, आरोप-प्रत्यारोप के बीच से निकलते हुए सौ साल की यात्रा पूरी कर लेना कोई हंसी-खेल नहीं है। अपने स्वयंसेवकों के त्याग, उनकी कठोर मेहनत और पैरों को गहरे तक छेद देने वाले कांटों के बीच से राह बनाने की उनकी कोशिशों की वजह से संघ उस दौर से निकल आया है, जिसमें किसी नव संगठन को उपेक्षा और विरोध के कड़वे दंश को झेलना पड़ता है। जिस समय आरएसएस की स्थापना हुई, ठीक उसी वक्त देश में कम्युनिस्ट आंदोलन भी शुरू हुआ। बेशक आजादी के तत्काल बाद कम्युनिस्ट आंदोलन को कुछ राजनीतिक सफलताएं जरूर मिलीं, लेकिन तुलनात्मक रूप से देखें तो आज संघ के मुकाबले उसकी सफलता कहीं पीछे दिखती है। भारतीय वैचारिकी और सांस्कृतिक सोच की बुनियाद पर स्थापित संघ का विस्तार विदेशी धरती तक हो चुका है। बेशक उसके कार्यकर्ता विदेशों में संघ के नाम पर काम न कर रहे हों, लेकिन उनके दिल में संघ का दर्शन और विचार ही है। संघ का यह दावा नहीं है कि उसका भारतीय जनता पार्टी पर नियंत्रण है, वह कहता है कि उसके कार्यकर्ता भाजपा में जरूर हैं। लेकिन यह सर्वमान्य तथ्य है कि बीजेपी की बुनियादी सोच और राजनीतिक दर्शन की बुनियाद संघ की वैचारिकी ही है। बीते स्वाधीनता दिवस को प्रधानमंत्री मोदी लालकिले की प्राचीर से अपने पारंपरिक संबोधन में संघ की सौ साल की यात्रा और उसकी वैचारिकी को याद करके एक तरह से अपने संबंधों और संघ की सोच की महत्ता की मुनादी कर चुके हैं। अपने सौ साल की यात्रा में संघ ने जीवन के हर मुमकिन क्षेत्रों में काम किया है और विराट स्तर पर उसके काम को मान्यता भी मिली है। संघ की शब्दावली में कहें तो दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ, उसका प्रकल्प है। संघ ने समाज के हाशिए पर खड़े रहे वनवासी समुदाय के लिए कई प्रकल्प चला रखे हैं। सामान्य शब्दावली में जिन्हें आदिवासी कहा जाता है, संघ की वैचारिकी उन्हें आदिम ना मानकर जंगलों में रहने वाली आम नागरिक ही मानती है। उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा से वंचित उन बच्चों के लिए वनवासी कल्याण आश्रम और एकल विद्यालय संघ के ही कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्प हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र आंदोलन की आज अहम धुरी है, भारतीय किसान संघ भारतीय मूल्यों के साथ किसानों को भारतीय खेती की ओर लौटाने के साथ ही उनके हितों के लिए संघर्षरत है। विद्या भारती की ओर से शिक्षा क्षेत्र में काम चल रहा है। ऐसे व्यापक संगठन को एक सूत्र में बांधे रखने और वैचारिक पथ पर चलाते रहने के लिए पारंपरिक तरीके का कोई प्रशासनिक ढांचा संघ के पास नहीं है, बल्कि तमाम संगठनों



**भागवत के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार इन चारों धाराओं के साथ काम करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जिन्हें हम हिंदू के नाम से जानते हैं, उन्हें संगठित करना जरूरी है और संघ की स्थापना हुई।**

को जोड़ने की धुरी संघ का वैचारिक दर्शन है, जिसके मूल में भारतीयता, भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्वबोध के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना है। सौ साल की यात्रा के बाद हर संगठन के सामने आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट दिशा नीति और दर्शन की जरूरत है। संघ प्रमुख के तीन दिनों के व्याख्यान की एक वजह इसी दर्शन को आम लोगों से साझा करने और अपने कार्यकर्ताओं तक उसकी गहन पहुंच बाने की कोशिश कहा जा सकता है। 'सौ वर्ष की संघ यात्रा, नए क्षितिज' विषय पर राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहनराव भागवत के व्याख्यान को सावन की मेह कहा जा सकता है, जिसने संघ की वैचारिकी पर छाए आग्रही कुहासे को छांटने की सफल कोशिश तो की ही, संघ के कार्यकर्ताओं को अगले सौ साल के लिए आगे बढ़ते रहने के लिए दिशा भी दी। संघ के हिंदुत्व को अक्सर संकीर्ण नजरिए से देखा जाता है। संघ प्रमुख ने इसे खारिज करते हुए कहा कि संघ के हिंदुत्व का मतलब वसुधैव कुटुंबकम है। संघ के हिंदू राष्ट्र का मतलब यह नहीं कि राष्ट्र में गैर हिंदू नहीं होंगे, बल्कि वह ऐसा राष्ट्र होगा, जहां पंथ, संप्रदाय या भाषा के नाम पर किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा, सबके साथ बराबरी का व्यवहार और न्याय होगा। संघ बार-बार कहता है कि उसका राष्ट्र, आधुनिक नेशन की तरह नहीं है, जिसमें स्टेट यानी राज भी शामिल है। संघ प्रमुख ने इस बार भी इसे दोहराया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में उसे बड़ा और महत्वपूर्ण माना जाता रहा है, जो मानव और सृष्टि की भलाई के लिए काम करता है। उनका कहना था कि संघ का उद्देश्य मानव का निर्माण है, जो व्यक्ति, समाज, विश्व और सृष्टि को साथ लेकर चले, राष्ट्र को मजबूत बनाए और राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान करे। बीते कुछ वर्षों से हिंदू और हिंदुत्व को संकुचित अर्थों में लिया जाता रहा है। संघ प्रमुख ने इस संदर्भ में कहा कि हिंदू की चर्चा का मतलब राष्ट्रनिष्ठ जिम्मेदारी का बोध है। इतिहास में 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम को प्रस्थान बिंदु के रूप में याद करते हुए भागवत ने नया दृष्टिकोण पेश किया। उन्होंने कहा कि भले ही इस संग्राम में भारतीयों को असफलता मिली, लेकिन उसके बाद लोगों में अपनी स्वाधीनता को लेकर विचार बना। इसके बाद चार तरह की वैचारिक धाराएं उभरीं, स्वाधीनता प्राप्ति के लिए राजनीतिक विचारधारा कांग्रेस के रूप में सामने आई। मोहन भागवत ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस से ही आज की राजनीतिक पार्टियां एक तरह से निकली हुई हैं। उन्होंने कहा कि 1857 के बाद आजादी के लिए सशस्त्र संघर्ष का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। ये क्रांतिकारी लोग थे। कुछ लोग ऐसे भी थे, जिन्हें लगा कि हमारे समाज में कई बुराइयां हैं, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने समाज सुधार आंदोलन शुरू किया, तो एक धारा ऐसी भी रही, जिन्होंने धार्मिक और सामाजिक सुधार पर जोर दिया। इस श्रेणी में दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद का नाम लिया जा सकता है। भागवत के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार इन चारों धाराओं के साथ काम करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जिन्हें हम हिंदू के नाम से जानते हैं, उन्हें संगठित करना जरूरी है और संघ की स्थापना हुई। भारत जैसे विशाल देश में स्थानीय स्तर पर नायकों की जरूरत बताते हुए मोहन भागवत ने रवींद्र नाथ ठाकुर के निबंध 'स्वदेशी समाज' को याद किया। ठाकुर ने कहा है कि देश को सुदृढ़ और राष्ट्र को सुगठित करना सिर्फ राजनीति के भरोसे नहीं हो सकता। नेता, नीति, पार्टी, विचार और संगठन की बजाय हर व्यक्ति को सक्षम होना होगा। संघ की वैचारिकी इसी सोच पर केंद्रित होकर व्यक्ति निर्माण के संकल्प के साथ लगातार आगे बढ़ रही है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 26:41 तक |
| नक्षत्र: | ज्येष्ठा 19:44 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | विष्कंभ, 16:27 तक |
| सूर्योदय: | 06:02 |
| सूर्यास्त: | 18:38 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 07:37-09:11 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:55-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### पूंछ रहे सवाल !!

*साध कर निशाना ।*
*पूछ रहे सवाल ।।*
*सच सच बतलाएं ।*
*करता कौन बवाल ।।*
*ले लिए है हम ।*
*नया अब अवतार ।।*
*ना कहो चालाक ।*
*है यह तो व्यवहार ।।*
*कथनी और करनी में ।*
*भले रहा मैं भिन्न ।।*
*हमको है सताया ।*
*अंदर से मैं खिन्न ।।*
*मांग रहा मैं वोट ।*
*जोड़ लिया है हाथ ।।*
*ना आगे भटकाना ।*
*वरना मैं अनाथ ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ग्रीन टी या नींबू पानी, हेल्दी स्किन के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद

**हेल्दी,** ग्लोइंग और मुलायम स्किन हर व्यक्ति की चाह होती है। लेकिन, खराब डाइट, लाइफस्टाइल और स्किन केयर रूटीन स्किन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकती है। स्किन को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल करें। ऐसे में कई लोग नींबू पानी और ग्रीन टी को स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। लेकिन, एक सवाल जो लोगों के बीच बहुत ज्यादा रहता है कि ग्रीन टी या नींबू पानी स्किन के लिए इन दोनों में क्या ज्यादा फायदेमंद होता है।

**स्किन के लिए ग्रीन टी के फायदे:** ग्रीन टी स्किन के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व आपके स्किन को स्वस्थ रखने और त्वचा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित रूप से ग्रीन टी पीने से आपको ये फायदे मिल सकते हैं। ग्रीन टी में एंटी एजिंग गुण होते हैं, जो मुक्त कणों से लड़ने और उम्र बढ़ने के लश्रणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस टी में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा की सूजन को कम करने में मदद करते हैं, जिससे स्किन की सूजन, एक्ने और रेडनेस कम होती है। ग्रीन टी में पीने से आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होती है, जो स्किन को अंदर से नमी देने, मुलायम बनाने और हेल्दी रखने का



काम करती है।

**स्किन के लिए नींबू पानी के फायदे:** नींबू पानी में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ऐसे में नींबू पानी पीने से आपके शरीर को ये फायदे मिल सकते हैं नींबू पानी का सेवन स्किन में कोलेजन लेवल को बढ़ाता है, जिससे स्किन ज्यादा हेल्दी और ग्लोइंह बनती है। नींबू पानी पाचन तंत्र को मजबूत करने में मदद करती है और टॉक्सिक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालती है, जिससे स्किन पर एक्ने और दाने की समस्या कम होती है। नींबू पानी पीने से शरीर के टॉक्सिक पादर्थ बाहर निकलते हैं और शरीर डिटॉक्स होती है, जो स्किन को साफ करने और निखार बढ़ाने का काम करता है।

**ग्रीन टी या नींबू पानी, स्किन के लिए क्या है बेहतर?:** न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि नींबू पानी और ग्रीन टी दोनों ही आपकी स्किन के लिए फायदेमंद होती हैं। लेकिन, इन्हें पीने से स्किन पर अलग-अलग तरह से फायदा मिलता है। ग्रीन टी और नींबू पानी दोनों ही आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं, जिससे स्किन ग्लो करती है और ड्राई स्किन की समस्या दूर होती है। हालांकि, ग्रीन टी में मौजूद कैफीन कुछ लोगों के लिए कम फायदेमंद हो सकती है, जिस कारण उनके लिए नींबू पानी का विकल्प सबसे बेहतर होता है। ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो स्किन को मुक्त कणों से बचाने और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करता है। वहीं नींबू पानी में मौजूद विटामिन सी कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाता है और स्किन को हेल्दी रखता है। ग्रीन टी स्किन की सूजन और एक्ने की समस्या को कम करने में मदद करती है, जबकि नींबू पानी स्किन को साफ करती है और उसे चमकदार बनाती है।

**निष्कर्ष:** ग्रीन टी और नींबू पानी दोनों ही आपकी स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होती है। लेकिन, इन दोनों के फायदे आपकी स्किन पर अलग-अलग तरह से पड़ते हैं। इसलिए आप अपनी पसंद के अनुसार कोई भी ड्रिंक अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। लेकिन, ध्यान रहें, इसके साथ हेल्दी डाइट और स्किन केयर रूटीन फॉलो करना जरूरी है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का व्यवसायीकरण न हो


गिरीश्वर मिश्र


**सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कांत ने यह तल्ख टिप्पणी की कि दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का संवैधानिक उद्देश्य पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया है। यह सही है कि हास्य हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है।**

**ऐसे में लोकतांत्रिक परिवेश में सोशल मीडिया पर जागरुकता और संवेदनशीलता फैलाने की सख्त जरूरत है। ताजे मामले में न्यायालय ने हास्य कलाकारों को अपने शो के जरिए बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का व्यवसायीकरण करते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि समाज के कुछ वर्गों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।**

**सार्वजनिक** जीवन में शिष्ट आचरण या भद्र व्यवहार की मर्यादाओं का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। संयत व्यवहार और संयम के साथ बर्ताव पर भारतीय समाज में बल दिया जाता रहा है। इससे संवाद और सकारात्मक विचार-विनिमय के लिए अवसर निर्मित होता है। आज परिस्थितियाँ तेज़ी से बदल रही हैं और आधुनिकता के नाम पर उच्छृंखलता की तरफ कदम बढ़ने में देर नहीं लगाती है। संसद तक में इस तरह के दृश्य आए दिन दिख रहे हैं। यह सब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर होता है जो संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण अधिकार है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि लोकतंत्र में नागरिकों की गरिमा की रक्षा के लिए इसका विशेष महत्व है और इसी हर कीमत पर रक्षा होनी ही चाहिए। विगत वर्षों में आई डिजिटल क्रांति ने संचार और संवाद का एक नया और चुनौती भरा वातावरण खड़ा कर दिया है। उसके बीच सोशल मीडिया की उभरती सर्वातिक्रामी भूमिका ने अभिव्यक्ति की शक्ति को अत्यंत प्रभावी बना दिया है। उसके साथ कई आर्थिक और नैतिक सवाल भी जुड़ गए हैं। अब तो मीडिया में प्रभावी लोगों मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की एक नई विशिष्ट श्रेणी ही बन गई है। इनमें से अधिकांश लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अपने नफे के लिए विधिवत व्यवसायीकरण करने में जुट गए हैं। दूसरे शब्दों में वे कमाई करने के लिए अभिव्यक्ति की खूब छूट ले रहे हैं। अपने कार्यक्रमों के दौरान उनके द्वारा की गई टिप्पणियां कई बार भारत के विविधतापूर्ण समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती भी दिखती हैं। वे लोगों को अखर जाती हैं। उनके शिकारों में अकसर विकलांग, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल रहते हैं। खास बात यह है कि प्रभावशाली लोग जो कहते हैं वह आज के दौर में बड़ा मायने रखने लगा है। उनका दिया प्रत्यक्ष और परोक्ष संदेश एक पूरी पीढ़ी को प्रभावित करता दिख रहा है। ताजे घटनाक्रम में इससे जुड़े एक मामले में उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बागची की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पॉडकास्ट जैसे ऑनलाइन शो सहित सोशल मीडिया पर आचरण को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय प्रसारकों और डिजिटल एसोसिएशन के परामर्श से व्यापक दिशा-निर्देश तैयार कर ले आए। उनके अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विभिन्न समुदायों के समाज में सम्मान के साथ रहने के समान रूप से महत्वपूर्ण अधिकार के बीच संतुलन बनाये रखने के लिए इन दिशा-निर्देशों को जारी करना बड़ा जरूरी हो गया है। उच्चतम न्यायालय ने समय रैना समेत सोशल मीडिया में सक्रिय हास्य कलाकारों के खिलाफ विकलांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने के मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कांत ने यह तल्ख टिप्पणी की कि दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का संवैधानिक उद्देश्य पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया है। यह सही है कि हास्य हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, उसे होना भी चाहिए लेकिन उसकी भी हद होती है। हल्केपन से संवेदनशीलता का हनन कदापि नहीं होना चाहिए। इसलिए इस दिशा में जरूरी दिशा-निर्देश इस तरह बनाए जाने की जरूरत है कि उल्लंघन की अवस्था में प्रभावी कारवाई संभव हो सके। जब तक प्रभावी परिणाम नहीं सुनिश्चित किए जाते, लोग अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं। परिणाम, हुए नुकसान के अनुपात में होने चाहिए। ये सिर्फ ऊपरी तौर पर खानापूरी के लिए औपचारिकता नहीं हो सकते। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश नहीं लगना चाहिए परंतु प्रस्तावित दिशा-निर्देश ऐसे जरूर हों जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आहत करने वाले कथन या वक्तव्य के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा खींच सकें। आवश्यकता है कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को संवेदनशील बनाया जाए। अगर कोई दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसे उसकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी। वस्तुत~ अभिव्यक्ति कई प्रकार की होती है। इसको मुख्य रूप से तीन मुख्य श्रेणियों- स्वतंत्र अभिव्यक्ति, व्यावसायिक अभिव्यक्ति और निषिद्ध अभिव्यक्ति में विभाजित कर देखा जा सकता है। आजकल के माहौल में व्यावसायिक कमर्शियल अभिव्यक्ति और निषिद्ध प्रोहिबिटेड अभिव्यक्ति दोनों ही एक जैसी होती जा रही हैं। इस समय विकलांग व्यक्तियों से जुड़ा मामला प्रकाश में आया है और उस पर उच्चतम न्यायालय गम्भीरता से विचार कर रहा है।

# बारिश से तबाही: चार दिनों की बारिश से हर जगह बाढ़ जैसे हालात

## यातायात ठप, मोहल्लों कॉलोनियों में घुसा पानी









- नगरपालिका के दावे फेल, नाले ओवरफ्लो और सड़कें बनी तालाब
- जिलाधिकारी ने सोमवार को कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों में घोषित किया अवकाश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने पीलीभीत शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बना दिए हैं। रविवार को सुबह सात बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश ने तीन घंटे में ही पूरे शहर को तालाब में तब्दील कर दिया। दिनभर रुक-रुककर होती बारिश से हालात और बिगड़ते गए। मुख्य मार्गों पर चार-चार फुट तक पानी भरने से सड़क यातायात पूरी तरह ठप हो गया। दुकानों के शटर बंद रहे और गलियों-मोहल्लों में पानी भरने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने एहतियातन जिले में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों में सोमवार को अवकाश घोषित कर दिया। लगातार बारिश से वल्लभनगर कॉलोनी, अशोक नगर कॉलोनी, एकता नगर कॉलोनी, गोदावरी स्टेट कॉलोनी, मोहल्ला फीलखाना, लाल रोड, संजय नगर और मोहल्ला नखासा सहित दर्जनों मोहल्लों में नाले-नालियां ओवरफ्लो हो गईं। घरों में पानी घुसने से लोग अपने घरेलू सामान को बचाने में जुट गए। फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और राशन का सामान पानी में भीगने से खराब हो गया। कई परिवारों को अपने बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा। देर शाम तक भी जलनिकासी नहीं हो पाई थी, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं।

### आसमान में गड़गड़ाहट से सहमे लोग

लगातार हो रही बारिश के बीच आसमान में कड़कती बिजली ने लोगों को दहशत में डाल दिया। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग खुले मैदान और पेड़ों के नीचे जाने से बच रहे हैं।

### बिजली गिरने से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बारिश के कहर के बीच रविवार सुबह जनपद के गांव अमखेड़ा निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र यादव की बिजली गिरने से मौत हो गई। जितेंद्र थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव शहपुरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन थे। शनिवार रात ड्यूटी पूरी करने के बाद वह रविवार सुबह करीब आठ बजे मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। तभी पेट्रोल पंप के पास अचानक आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आकर वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। पेट्रोल पंप कर्मचारियों और राहगीरों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी और गंभीर हालत में जितेंद्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जितेंद्र के निधन से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी शशि का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे छह साल की बेटी काव्या और दो जुड़वा बेटों को बेसहारा छोड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### राहत कार्य की आस लगाए बैठे लोग

लगातार बारिश और जलभराव से शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। लोगों के कामकाज बंद हैं, बाजारों में सन्नाटा पसरा है। सड़कें पानी में डूबी हुई हैं और आम आदमी परेशान है। लोग अब प्रशासन से राहत कार्य और तत्काल जलनिकासी की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था फेल

नगरपालिका द्वारा हाल ही में कराए गए 28 नालों की तलीझाड़ सफाई कागजी साबित हुई। रविवार की बारिश में अधिकांश नाले उफान पर आ गए और गंदगी के जमाव से पानी सड़कों पर फैल गया। जलभराव के साथ ही गंदा पानी घरों और दुकानों में घुसने से लोग बेहाल हो उठे। कूड़े और सीवर के पानी के कारण पूरे शहर में दुर्गंध फैल गई। कई जगहों पर वाहन पानी में बंद पड़ गए, जिन्हें लोगों ने धक्का लगाकर बाहर निकाला। इससे साफ हो गया कि नगर पालिका की तैयारियां सिर्फ दावों तक सीमित रहीं। इतना ही नहीं शहर के नेहरू पार्क में एक करोड़ 30 लाख रुपए से किए गए सौंदर्यकरण कार्य की बाउंड्री वॉल पहले ही बारिश में गिर गई इससे पहले वाटर पार्क और रेलिंग की दीवार पहले ही ढह चुकी थीं। ऐसे में लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि नेहरू पार्क के सौंदर्य करण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया जिसके चलते बारिश में यह नतीजा सभी के सामने हैं। आज भी बारिश से जहां स्टेशन रोड, मोहल्ला तखान, मोहल्ला सुनगढ़ी, जोशी टोला, फीलखाना, शेर मोहम्मद और दुधिया मंदिर क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहे। इन इलाकों में पानी इतना भर गया कि लोग घुटनों तक पानी में होकर निकलने को मजबूर हो गए। वहीं कई जगहों पर सड़कें तालाब में बदल गईं। बरसात थमने के बाद भी देर शाम तक जलभराव बना रहा। दुकानदारों ने पानी से नुकसान के डर से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

# हत्यारोपी पति व ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल, मची खलबली

**उधर हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव ने बताया कि उक्त मुकदमें में वांछित शेष अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ़्तार कर जेल भेजा जाएगा।**

- शेष आरोपितों को शीघ्र गिरफ़्तार कर जेल भेजने का पुलिस ने किया दावा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

हजारा। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज निवासी एक विवाहिता को जहर पिलाकर जान से मारने के मुक़दमे में वांक्षित अभियुक्त पति व ससुर को हजारा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।शेष अभियुक्तों की पुलिस तलाश कर रही है। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज निवासी राजपाल सिंह की पुत्री शीला कौर को उसके दहेज लोभी ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित कर आरोप के मुताबिक जहर पिलाकर उसकी हत्या कर देने के मुक़दमे में वांक्षित अभियुक्त पति मंजीत सिंह व ससुर कुलवंत सिंह को कंबोज नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव धर्मपुरी के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने लाकर जेल भेज दिया है।हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से उपनिरीक्षक गौतम सिंह व राजकुमार आरक्षी नितिन व नंदकिशोर शामिल रहे।



### अवैध शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश और हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में कच्ची अवैध शराब के खिलाफ धर-पकड़ अभियान चलाते हुए धंधेबाजों को पकड़ने के क्रम में पुलिस ने बैल्हा निवासी राकेश सिंह पुत्र गज्जन सिंह को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के टिल्ला नंबर चार जंगल के किनारे खेत से दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से उपनिरीक्षक राहुल शर्मा मुख्य आरक्षी गौरव आरक्षी नितिन, नंदकिशोर व आबकारी आरक्षी अनिल कुमार शामिल रहे।

# अमरगंज में सामूहिक रूप से सुना गया प्रधानमंत्री का संदेश



- बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामीणों संग साझा किए विचार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरगंज के बूथ संख्या 171 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के विचार सुने और उन्हें आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी उत्पाद अपनाना ही आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का सही रास्ता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि स्थानीय वस्तुओं का उपयोग करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। पीएम मोदी ने रूस के व्लाडिवोस्तक में आयोजित रामायण-थीम आधारित पेंटिंग प्रदर्शनी का जिक्र किया और कहा कि भारत की संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना हम सबके लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने बारिश से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने पुलवामा में खेले गए डे-नाइट क्रिकेट मैच का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल न केवल ऊर्जा का संचार करते हैं बल्कि भाईचारे की भावना को भी प्रबल करते हैं। प्रधानमंत्री ने बिहार की मुजफ्फरपुर निवासी देवकी की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि देवकी ने सौर ऊर्जा का उपयोग कर अपने गांव की तस्वीर बदल दी। आज लोग उन्हें प्यार से सोलर दीदी कहते हैं। यह महिलाओं की आत्मनिर्भरता का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से अपील की कि वे ऊर्जा संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार पूरे देश को प्रेरित करने वाले हैं। उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे मन की बात से सीख लेकर उसे अपने जीवन में लागू करें।

## नोडल अधिकारी ने किया निर्माणाधीन थाने, आवासीय परिसर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शारदानगर में बन रहे नए थाना भवन और आवासीय परिसर की तैयारियों का रविवार को नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की बारीकी से पड़ताल की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि काम में तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समयसीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। गन्ना आयुक्त ने निर्माणाधीन भवन का चप्पा-चप्पा देखा और प्रगति का आकलन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। नक्शे पर परियोजना की डिजाइन और स्वरूप समझते हुए उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक चरण की जानकारी ली। कहा कि जो भी कार्य हो, वह तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान गन्ना आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि तय समय सीमा में सभी भवन और आवासीय परिसर का निर्माण पूरा किया जाए। साथ ही सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य तय गति से आगे बढ़ रहा है और लक्ष्य समय पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित थर्ड पार्टी निरीक्षण किया जा है परंतु एक किस्त प्राप्त नहीं हुई है, इसपर उन्होंने अपर मुख्य सचिव को संबोधित किस्त रिलीज किए जाने हेतु अशासकीय पत्र भिजवाए जाने हेतु पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

# जेसीआई वीक उत्सव 2.0- ग्रेटर डे पर हुआ भव्य समापन और पुरस्कार वितरण






जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जेसीआई ग्रेटर द्वारा आयोजित जेसीआई वीक उत्सव 2.0 का समापन शनिवार को शहर के रामा गार्डन में धूमधाम से हुआ। ग्रेटर डे पुरस्कार वितरण समारोह ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। इस दौरान बच्चों और युवाओं की प्रतिभा के साथ-साथ समाजसेवा और शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथियों में परविंदर सिंह सहमी (एमडी, बेन हर पब्लिक स्कूल), जेसीआई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरदित्त सिंह सहमी, जोन प्रेसिडेंट गौरव अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष हर्ष कंचन और शांतम देव, संजीव अग्रवाल (डायरेक्टर, लिटिल एंजेल्स स्कूल), आशीष मिश्रा (अवध पब्लिक स्कूल), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती ऋतु पुनिया, डॉ. योगेंद्र नाथ मिश्रा और डॉ. दिव्या मिश्रा (मैकूलाल) शामिल रहे। जेसीआई वीक के उपाध्यक्ष अभिजीत आनंद सिंह और कन्वीनर शुभम शुक्ला, पार्थ मित्तल, शुभम गोयल और प्रवाल अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

### उत्सव के छह दिन- कला, खेल और रचनात्मकता का संगम

**सप्ताहभर चले इस महोत्सव में हर दिन युवाओं और बच्चों की रचनात्मकता मंच पर नजर आई—**

- पहला दिन ~ ड्राइंग व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित चित्रों से संदेश दिए।
- दूसरा दिन ~ जेसीआई फुटबॉल लीग फाइनल में खिलाड़ियों का जोश और प्रदर्शन दर्शकों को रोमांचित कर गया।
- तीसरा दिन ~ सोलो डांस प्रतियोगिता में युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी।
- चौथा दिन ~ ग्रुप डांस प्रतियोगिता ने मंच पर ऊर्जा, लय और सामंजस्य का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।
- पाँचवाँ दिन ~ सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया।
- छठा दिन ~ नेल आर्ट, फेस पेंटिंग, मेहंदी प्रतियोगिता और इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग में युवाओं ने आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की मिसाल पेश की।

अंतिम दिन ग्रेटर डे पर सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच पर बुलाकर पुरस्कृत किया गया। वहीं समाज सेवा और शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. आस्था अग्रवाल ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जेसीआई जैसे संगठन युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अन्य अतिथियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए इसे शहर के लिए गर्व की बात बताया।जेसीआई वीक उत्सव 2.0 ने जहां बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, वहीं समाज में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया। इस दौरान प्रतियोगिताओं ने नई पीढ़ी को आत्मविश्वास और अनुशासन का पाठ पढ़ाया।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को नई दिशा देते हैं और समाज सेवा की राह में उन्हें प्रेरित करते हैं।

## जिले में प्रभावी होगी नई संपत्ति मूल्यांकन दरें

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 व यथासंशोधित उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2013 व उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2015 में विहित व्यवस्था के क्रम में जनपद की वर्तमान मूल्यांकन सूची का वार्षिक पुनरीक्षण पूर्ण कर लिया गया है।
उक्त संशोधित दरें 31 अगस्त 2025 से प्रभावी किए जाने हेतु डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा आदेशित की गई हैं।
प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त उप निबंधकों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर जन सामान्य को आपत्ति देने का अवसर प्रदान किया गया। प्राप्त आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण करते हुए विभिन्न प्रकार की भूमि, गैर वाणिज्यिक भवनों की निर्माण दरें तथा वाणिज्यिक भूमि व निर्माण की दरें निर्धारित की गयी हैं।
नई मूल्यांकन दरें आम जनता व रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों के लिए है, जिनके आधार पर सम्पत्तियों के न्यूनतम मूल्य की गणना की जाएगी, जो इस जनपद की समस्त तहसीलों (सदर, गोला,मितौली, धौरहरा, मोहम्मदी, निघासन एवं पलिया) में दिनांक 31.08.2025 से प्रभावी होगी।

# बेलराया चीनी मिल का निरीक्षण, गन्ना आयुक्त ने कसी तैयारियों की लगाम

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड बेलराया में गन्ना सीजन की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। रविवार को नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ चीनी मिल का निरीक्षण किया और रिपेयर व मेंटेनेंस कार्यों की प्रगति जानी। गन्ना आयुक्त ने मिल परिसर का भ्रमण कर मिल हाउस, बॉयलर हाउस, पावर हाउस और सेंट्रीफ्यूगल हाउस की मशीनरी मरम्मत व रखरखाव की स्थिति की गहन समीक्षा की। प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि टरबाइन और अल्टेर्नेटर की सर्विस पूरी हो चुकी है। 15 अक्टूबर तक ट्रायल और नवंबर के प्रथम सप्ताह में मास्टर ट्रायल प्रस्तावित है। 15 नवंबर तक मिल संचालन शुरू हो जाएगा।




### संपूर्णानगर चीनी मिल की प्रगति भी जानी

इस दौरान मौके पर मौजूद किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड संपूर्णानगर के प्रधान प्रबंधक से भी गन्ना आयुक्त ने रिपेयर व मेंटेनेंस की तकनीकी और भौतिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, उप गन्ना आयुक्त डॉ. आरडी द्विवेदी, एसडीएम राजीव निगम, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, मुख्य रसायनविद राजेश त्रिपाठी व सहायक अभियंता मौजूद रहे।

### स्टॉपेज और ब्रेकडाउन कम रखने पर जोर

निरीक्षण के दौरान गन्ना आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संचालन अवधि में स्टॉपेज और ब्रेकडाउन को न्यूनतम रखा जाए। इसके लिए मरम्मत व रखरखाव कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने बागस एलीवेटर, क्रॉस कैरियर व ऑक्सिलियरी कैरियर की कार्यप्रणाली देखी और मशीनें चलवाकर उनकी क्रियाशीलता परखी।

## होटल कम्फर्ट इन के सामने चार लोगों ने किया अतिक्रमण, मुकदमा दज



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल कम्फर्ट इन के सामने नजूल भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। सर्वे नंबर 417/1 व 418/1 पर शशांक गुप्ता द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था। नगर पालिका की चेतावनियों के बावजूद 30 अगस्त की रात 8~30 बजे निर्माण कार्य जारी रखा गया। इस दौरान अरविन्द वर्मा, अंकुश कुमार और शिवम् राठौर भी निर्माण कार्य में शामिल पाए गए।सदर कोतवाली प्रभारी हेमंत राय ने 31 अगस्त को बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर कोई अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



चंदपुरा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रविवार को 25 वर्षीय विवाहिता लक्ष्मी देवी का शव उनके कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। लक्ष्मी की शादी विजय कुमार से हुई थी।घटना से एक दिन पहले लक्ष्मी के पिता पप्पू उन्हें विदा कराने आए थे। लक्ष्मी का 3 वर्षीय बेटा सूर्यांश बीमार था। इसी कारण पति विजय ने उन्हें रुकने को कहा था। विजय ने कहा था कि बच्चे की तबीयत ठीक होने के बाद जाना उचित रहेगा। इस बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हुई थी।रविवार की सुबह सब सामान्य था। लक्ष्मी ने घर की सफाई की और खाना बनाया। पहले पति को खाना खिलाया, फिर खुद भी खाया। इसके बाद विजय किसी काम से गांव चला गया। दोपहर करीब 12~30 बजे जब विजय लक्ष्मी की बड़ी बहन आरती के साथ घर लौटा, तो दोनों कमरे बंद थे। एक कमरा खोलकर देखा तो लक्ष्मी नहीं मिलीं। दूसरा कमरा खोलने पर लक्ष्मी का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। विजय और आरती ने तुरंत लक्ष्मी को नीचे उतारा। नब्ज चेक की, जो चल नहीं रही थी। सूचना मिलने पर भीरा पुलिस और नायब तहसीलदार गोला ताहिर परवेज मौके पर पहुंचे। पति विजय की तहरीर पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी।

## किसानों को मिली आधुनिक कृषि उपकरणों की सौगात, नोडल अधिकारी ने किया वितरण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड बेलराया के सभागार में रविवार को आयोजित कार्यक्रम किसानों के लिए खास रहा। न केवल उन्हें आधुनिक कृषि उपकरणों की सौगात मिली, बल्कि गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ किसानों को कृषि उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और लागत घटेगी। किसान विश्वम्भर, कुलदीप कौर, रतन सिंह, अमर्त्य, रामनरेश, रवेश व अशोक कुमार को नैपसेक स्प्रे मशीनें दी गईं। वहीं जसवंत सिंह, सतनाम सिंह, प्रसन्नजीत सिंह और राधेश्याम को सोलर फेंसिंग प्रदान की गई।

# उपद्रवियों की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

- जमींदोज की गई बिल्डिंग, उपद्रव मामले में पांच गिरफ्तार, अन्य 12 लोगों की तलाश जारी
- आरोपियों के काले कारनामों से जुड़े सभी लोगों को भी लाया जाएगा कानून के दायरे में

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन





शहर के कालपी बस स्टैंड पर शुक्रवार की रात्रि शताब्दी बस ट्रैवल्स पर एक दंपत्ति का वीडियो बनाने और मारपीट करने वालों पर पुलिस व प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुये रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर उनके फार्म हाउस को अवैध बताते हुये ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ राजस्व विभाग के साथ नगर पालिका परिषद व ओडीए के अधिकारी मौजूद रहे। उक्त कार्यवाही को अंजाम तक पहुंचाकर प्रशासन ने अपराधियों को साफ संकेत दे दिया कि जो भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेगा उसका ऐसा ही हश्र होगा। इससे पूर्व पुलिस नामजद आरोपियों के वाहनों को भी अपने कब्जे में ले चुकी थी।

रविवार की प्रातः से ही सदर कोतवाली में चहल कदमी तेज थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि कालपी बस स्टैंड पर उपद्रव का नंगा नाच करने वाले मुख्य आरोपी माजिद और शादाब पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है। इसी के थोड़ी देर बाद प्रशासनिक अमला चार जेसीबी मशीनों को लेकर जेल रोड स्थित उपद्रव के मुख्य आरोपी के फार्म हाउस पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम देना शुरू कर दिया।

इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ओडीए के सचिव परमानंद यादव ने मीडिया को बताया कि उक्त फार्म हाउस को अवैध तरीके से निर्मित किया था लिहाजा उसे ध्वस्त करने की कार्यवाही को पूर्ण किया जा रहा है। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी अन्य थानों का पुलिस बल, ओडीए, तहसीलदार, नगर पालिका परिषद उरई के अधिकारी मौजूद रहे।

### माजिद व शादाब पर पहले से ही कई मुकदमें है दर्ज

उरई। कालपी बस स्टैंड पर उपद्रव के मुख्य आरोपी माजिद व शादाब पर पहले से कई मुकदमे सदर कोतवाली में दर्ज है। अब पुलिस दोनों का आपराधिक रिकार्ड खंगालने में जुट गयी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो दोनों भाई कई जमीनों पर अपनी दबंगई के बल पर अवैध कब्जा करके बैठे हुये है ऐसी जमीनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है ताकि उन्हें अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा सके।

### पांच गिरफ्तार, अन्य 12 की तलाश जारी

उरई। शुक्रवार की रात्रि शताब्दी ट्रैवल एजेंसी के कार्यालय पर कपल का वीडियो बनाने को लेकर मारपीट के बाद अच्छा खासा उपद्रव होने के मामले में पुलिस अब तक पांच आरोपियों को तो गिरफ्तार कर चुकी है जबकि सीसीटीवी फुटेज में 12 अन्य उपद्रवियों की पहचान की गयी है। जबकि अन्य उपद्रवियों की भी पहचान करने का कार्य पुलिस महकमा करने में जुटा हुआ है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार और जिलाधिकारी राजेश पांडेय ने बताया आरोपियों के काले कारनामों से जुड़े सभी लोगों को भी कानून के दायरे में लाया जायेगा।

### किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे उपद्रवी : आईजी आकाश कुलहरि

उरई। नवागंतुक आईजी झांसी आकाश कुलहरि पदभार ग्रहण करते ही जालौन के मुख्यालय उरई पहुंचे। जहां पर उन्होंने शहर के कालपी बस स्टैंड पर हुई हिंसक घटना के स्थल का देर रात्रि में मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग कर कहा कि ऐसी वारदात को अंजाम देने वाले उपद्रवियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाए। निरीक्षण के समय एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विद्युत कर्मी भी उपद्रव में पाया गया शामिल

उरई। कालपी बस स्टैंड पर शुक्रवार की रात्रि हुए उपद्रव में विद्युत महकमे में कार्यरत एक कर्मचारी की भी पुलिस ने शिनाख्त की है तो उपद्रव में शामिल होकर मारपीट करता हुआ स्पष्ट रूप से सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है। पुलिस ने जब उसे पकड़ने के लिये उसके आवास पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया तो पता चला कि वह घर पर नहीं है।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस। उरई

डीएम व एसपी ने रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ बंदियों को उपलब्ध कराइ जा रही सुविधाओं को देखा और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस बल के साथ रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा जिला कारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम, महिला बैरक आदि की हकीकत को बारीकी से परखा गया। साथ ही उन्होंने कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, के अलावा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को देखा। साथ ही बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। इस दौरान डीएम ने कहा कि जिन बंदियों की जमानत न्यायालय से हो गई है, नियमानुसार उनकी रिहाई की कार्रवाई की जाए। इतना ही नहीं बल्कि डीएम एसपी ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों और बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न उठानी पड़े। साथ ही उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। इस मौके पर कारागार अधीक्षक व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पिता-पुत्र ने वृद्ध की पीट-पीटकर की हत्या

जन एक्सप्रेस। उरई

कैलिया थाना क्षेत्र के चटसारी में एकराय हुए पिता पुत्र ने वृद्ध को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के बेटे समर सिंह निवासी ग्राम चटसारी थाना कैलिया ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार की देर शाम परिवार के लोग घर पर भोजन कर रहे थे। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले तुलसीराम और उसका बेटा छत्रपाल घर के सामने बिजली के तारों को हिला रहे थे, जिससे घर की लाइट बार-बार आ-जा रही थी। इसी पर उसके पिता बालमुकुंद सिंह 80 वर्ष ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। लेकिन बात बढ़ने पर दोनों बाप-बेटे ने गुस्से में आकर उसके वृद्ध पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह बेसुध होकर वहीं गिर गए।

# मेला देवछट में आयोजित हुआ राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



सिद्धपीठ मंदिर श्री खेरेश्वर धाम में चल रहे विराट मेला देवछट में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। जिसमें लोकतंत्र के चारों स्तंभों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। पत्रकार सम्मेलन में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित हुए पत्रकारों के बीच सम्मेलन का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ मुख्य अतिथि उप्र सरकार के प्रतिनिधि राज्यमंत्री डॉ. रघुराज सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रहित पत्रकारिता पर बल देते हुए पत्रकारों को समाज के सत्य को उजागर करने वाला स्तंभ बताया। साथ ही उन्होंने पत्रकारिता को देश व समाज का अभिन्न अंग बताते हुए पत्रकारों को पेंशन दिए जाने की बात कही। मुख्य वक्ता एमएलसी डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने लोकतंत्र के अन्य स्तंभों की चर्चा करते हुए पत्रकारों से कार्यपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचारी अधिकारियों के कार्यों को पत्रकारों से आगे आकर उजागर करने की बात भी कही। साथ ही उन्होंनेमजबूत लोकतंत्र के लिए स्वच्छ पत्रकारिता का भी आव्हान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता देश का अभिन्न अंग है। एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह ने पत्रकार हित को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि समस्याओं की तह में सबसे पहले पत्रकार ही पहुंच पाता है, जिन्हें सम्मानजनक पारिवारिक जीवनयापन के लिए सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का पूर्ण लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सरकारी स्तर पर प्रेसक्लब निर्माण की घोषणा भी की। सम्मेलन के संयोजक मुकेश कुमार सिंह ने सभी आगन्तुक अतिथियों और पत्रकारों का पटका पहनाकर और भारत माता का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। सम्मेलन की अध्यक्षता ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक नवरत्न ने की और सफल संचालन इंजी. यशमणि जैन ने किया। वरिष्ठ पत्रकार योगेश भारद्वाज ने देश के अंदर पत्रकारों के विरुद्ध द्वेष भाव से कराई जा रही एफआईआर पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन व प्रशासन पर इस ओर विशेष ध्यान देने और पत्रकारों का सम्मान बरकरार रखने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि पत्रकारों के हित में सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ प्रशासनिक लापरवाही की वजह से पूरी तरह से नहीं मिल पाता है। सरकार को इस ओर सख्त निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है। एडीजीसी एड. केएम जौहरी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। समाजसेवी मानव महाजन ने कहा कि विकसित होते भारत देश में पत्रकार जगत का योगदान महत्वपूर्ण साबित होगा। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा ने स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख सहभागिता निभाने वाले दिवंगत पत्रकारों के नाम से सम्मान शुरू किए जाने की घोषणा की। सम्मेलन में प्रमुख रूप से गेहराज सिंह, अवनीश गुप्ता, देवेंद्र चौहान, अतुल नारायण, सुरेंद्र बालियान, राजकुमार सिंह, राहुल गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार, अक्षय गुप्ता, रूपकिशोर, मनोहर लाल, गोपाल वार्ष्णेय, सोमेश शिवांकर, धर्मेंद्र, सत्यवी, छाया, आकाश, शशि, पवन पंडित, ममता, राकेश, ओमेंद्र, विशाल, अतुल, रीतिका, जितेंद्र सिंह, पवन, जहीर, शकील, सैफ, ताजउद्दीन आदि सहित अनेकों पत्रकार उपस्थित रहे।

## बिजली गिरने से अलग जगहों पर दो लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार की शाम को आकाशीय बिजली गिरने से झुलसकर दो लोगों की मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के रगोली गांव निवासी कमलेश पाल 53 जानवर चराने खेत पर गया था। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ उसकी ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे झुलसकर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चरवाहे जगत सिंह ने जानकारी उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी शांति देवी व पुत्रो सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही एट थाना क्षेत्र के पिंडारी निवासी राजेश राजपूत पुत्र मनीराम उम्र 42 खेत पर गये हुए थे। तभी खेत पर बिजली गिरने से उनकी मौके पर मौत हो गई, जब परिजनों को इसकी सूचना हुई तो वह मौके पर पहुंचे और परिजन पिंडारी के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएभेज दिया।वहीं मृतक के लड़का, लड़की सहित पत्नी सीमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पनवाड़ी कस्बे में ई-रिक्शों की भरमार से बढ़ी जाम की समस्या, आम जनता परेशान



जन एक्सप्रेस। महोबा

महोबा जनपद के पनवाड़ी कस्बे में आए दिन जाम की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। कस्बे की मुख्य सड़कों पर ई-रिक्शों की बेतरतीब पार्किंग और अव्यवस्थित संचालन के चलते आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि सुबह और शाम के समय कस्बे की प्रमुख बाजार सड़कें घंटों तक जाम रहती हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में ई-रिक्शा चालकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, लेकिन इनके संचालन और खड़े करने के लिए न तो कोई निश्चित स्टैंड है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। परिणामस्वरूप ये रिक्शे सड़कों पर ही कतारबद्ध खड़े हो जाते हैं, जिससे पैदल चलने वालों तक के लिए रास्ता निकालना मुश्किल हो जाता है।

व्यापारियों का कहना है कि लगातार जाम की वजह से ग्राहक बाजार तक पहुंचने में हिचकिचाते हैं, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और जरूरी काम से निकलने वालों को घंटों सड़क पर फंसे रहना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द ई-रिक्शों के लिए अलग स्टैंड बनाए जाएं और उनके संचालन को व्यवस्थित किया जाए, ताकि कस्बे में यातायात सुचारु हो सके और जनता को राहत मिल सके।

## जिला स्थाई समिति का शीघ्र किया जाये गठन : मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान

- जिला स्थाई समिति के गठन हेतु संगठन के द्वारा दिया जाएगा 10 सितंबर को जिलाधिकारी के यहां ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। महोबा



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद महोबा इकाई के द्वारा त्रैमासिक बैठक का आयोजन जनपद कार्यालय में किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी के द्वारा की गई व मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान मौजूद रहे।

**त्रैमासिक बैठक में पांच मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई**

जिला स्थाई समिति के गठन की समीक्षा, जिला स्तरीय सम्मेलन के आयोजन पर विचार, पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर विचार विमर्श, पत्रकारों के दुर्घटना बीमा पर विचार, स्थानीय परिस्थिति के अनुसार अन्य एजेंडा पर चर्चा। त्रैमासिक बैठक में तय बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सर्वप्रथम जिला महामंत्री देवेंद्र अरजरिया के द्वारा प्रत्येक बिंदु पर सभी उपस्थित जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारियो से आग्रह किया गया कि आप सभी लोग अपने-अपने विचार रखें इसके बाद ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया जायेगा

इसी क्रम में राजेंद्र नगाइच के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि जनपद में मान्यता प्राप्त पत्रकार भी जिला स्थाई समिति के गठन में अपना योगदान दें इसी बिंदु पर श्याम जी तिवारी के द्वारा भी जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की बात कही गई बैठक में तय अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए रोली गुप्ता, हरि सिंह राजपूत, तहसीम खान, महेश नायक, चांद बाबू मंसूरी, सुधांशु अग्रवाल, तौसीक अहमद, सलमान इन सभी ने संगठन के सदस्यों में स्थायित्व व समर्पण की भावना के साथ-साथ संगठित रहने की बात कही।

इसके साथ ही जिला सम्मेलन के संबंध में सभी ने प्रखर रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात भी रखी। जिला सम्मेलन के संबंध मे इलियास अहमद इकलाख अहमद व सुरेन्द्र निराला ने कहा कि नवंबर के प्रथम सप्ताह में कुलपहाड़ में एक बैठक जिला सम्मेलन के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित करवाई जाए। सभी लोगों की सुझाव सुनने के बाद मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान ने स्पष्ट रूप से कहा की जिला स्थाई समिति के गठन हेतु निश्चित रूप से जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा और यह 10 सितंबर को ही दिया जाना तय किया गया सभी की सहमति से। उन्होंने कहा कि जिले में स्थाई समिति का एक अलग ही महत्व होता है इसके द्वारा ही जनपद के पत्रकार संगठन अपनी बात रख सकते हैं।

इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी ने संगठन के सदस्यों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि संगठन के प्रति सभी को अपना समर्पित भाव रखना है साथ ही एकजुट होकर संगठित भी रहना है तभी हम सभी लोग उत्पीड़न से बच सकते हैं यदि हम सभी संगठित रहेंगे तो किसी का भी उत्पीड़न नहीं होगा यदि हमारे किसी साथी के साथ उत्पीड़न की घटनाएं घटित होती हैं तो संगठन उस साथी की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहा है और तैयार रहेगा। कार्यक्रम के अंत में रोली गुप्ता के द्वारा सभी आगांतुक सदस्यों का आभार प्रकट किया गया

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवेन्द्र अरजरिया के द्वारा किया गया बैठक में अजय व्यास, समीर पठान, अनिल तिवारी,राजू पटेरिया, सहित संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## बनेगी आधुनिक बॉक्सिंग रिंग, प्रशासनिक भवन का होगा जीर्णोद्धार

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

स्पोर्ट्स स्टेडियम के ही बॉक्सिंग रिंग में अभ्यास करके यहां की खिलाड़ी रिंकी शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हो चुकी हैं। इसके अलावा कई अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी शामिल हो चुके हैं। अलीगढ़ जिले के मुक्केबाजों को जल्द ही एक नया और आधुनिक बॉक्सिंग रिंग मिलेगा। इसके साथ ही जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशासनिक भवन का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 5.20 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट तैयार कर यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (यूपी सिडको) ने प्रशासन को भेजा है। खेल निदेशालय के निर्देश पर यूपी सिडको के अधिकारियों ने निरीक्षण कर इस काम का आंकलन किया था। अब यही संस्था इसका निर्माण कार्य करेगी। करीब 35 साल पहले बने जिले के एकमात्र सरकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम का बॉक्सिंग रिंग काफी जर्जर हो चुका है। इसका फ्लोर और शेड पूरी तरह खराब हो गए हैं और फेंसिंग भी टूट चुकी है। इसके अलावा प्रशासनिक भवन में भी बारिश के दौरान पानी भर जाता है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए, बॉक्सिंग रिंग और प्रशासनिक भवन दोनों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन ने बताया कि यह काम होने के बाद खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे वे बेहतर अभ्यास कर सकेंगे और अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकेंगे। स्पोर्ट्स स्टेडियम के ही बॉक्सिंग रिंग में अभ्यास करके यहां की खिलाड़ी रिंकी शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हो चुकी हैं। इसके अलावा कई अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी शामिल हो चुके हैं।

# जहरीला पदार्थ खाकर मजदूर ने आत्महत्या का किया प्रयास, कर्ज और बेटे की मौत ने तोड़ा हौसला

जन एक्सप्रेस। महोबा

बुंदेलखण्ड के महोबा जिले के तहसील कुलपहाड़ में आर्थिक तन्गी एवं साहूकारों के कर्ज से परेशान होकर मजदूर ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। परिजनों ने आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

कुलपहाड़ कस्बे मे रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाले 55 वर्षीय माहिल की जिंदगी कर्ज, बेरोजगारी और पारिवारिक के भरण पोषण करने मे अपने आप को बेवस समझ रहा था। ऊपर से साहूकारों कर गले की फास बनी हुई थी शनिवार को साहूकारों की धमकियों और आर्थिक तंगी से तंग आकर माहिल ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आप को बता दे कि बेटे की असमय मौत से माहिल के जीवन में सबसे बड़ा आघात पिछले साल तब लगा, जब उनके 10 वर्षीय बेटे छोटू की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मृत्यु हो गई।



छोटू की मासूम मुस्कान और भोली बातें माहिल के लिए जीवन का सहारा थीं। उस हादसे ने माहिल को भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। छोटू की यादें अब उनकी जिंदगी की धुंधली गलियों में खो गई हैं। इस दुख ने माहिल को अंदर से खोखला कर दिया, और परिवार का भविष्य उनके लिए और भी बोझिल हो गया। आर्थिक तन्गी व कर्ज और साहूकारों का दबाव माहिल झेल नही पा रहा था इस वजह से उसने मौत का रास्ता अपनाया होगा। उसने अपनी तीन बेटियों मीना, बिट्टू और फुल्ला की शादी के लिए साहूकारों से करीब 6 लाख रुपये का कर्ज लिया था। मजदूरी की अनियमित आय के कारण वह इस राशि को चुकाने में असमर्थ बना हुआ था। साहूकार रोज उनके दरवाजे पर दस्तक देते, वसूली के लिए धमकियां देते और अपमानजनक व्यवहार करते। माहिल हर बार उन्हें समझाने की कोशिश करते, लेकिन साहूकारों का सख्त रवैया उनकी उम्मीदों को कुचलता गया। कर्ज का बोझ और लगातार अपमान ने माहिल को मानसिक रूप से कमजोर कर दिया, जिसके चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। माहिल के परिवार में नौ संतानें है। उनकी सबसे छोटी बेटी सोनिया जो केवल पांच साल की है और नाबालिग बेटो जागेश, सोनू और जावेद की परवरिश की चिंता उन्हें हर पल सताती थी। सोनिया की शादी का विचार भी उनके मन पर भारी बोझ था। मजदूरी न मिलने के कारण परिवार की मूलभूत जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गई थी। माहिल की मेहनत और ईमानदारी के बावजूद, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी ने उन्हें हर मोर्चे पर हार का सामना कराया है।

## एम्स के लिए 10 साल से नंगे पैर चल रहे तारा पाटकर, पीएम को 47 बार लिखे खून से खत

जन एक्सप्रेस। महोबा

क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने एवं बुंदेलखंड में एम्स खुलवाने की मांग को लेकर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी पिछले 10 साल से नंगे पैर चलने का अनूठा सत्याग्रह कर रहे हैं। अपनी मांग को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए उन्होंने एक सितंबर, 2015 को जूते चप्पल त्याग दिए थे। इसके अलावा वे 259 दिन अनशन कर चुके हैं।

पोस्टकार्ड अभियान चला कर एक लाख से अधिक खत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम भेज चुके हैं और 47 बार अपने खून से प्रधानमंत्री को खत लिखकर भेज चुके हैं। तीन साल से अन्न त्याग सत्याग्रह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अफसोस तो इस बात का है कि इतना सब करने के बाद भी वे जिला अस्पताल की हालत तक नहीं ठीक करवा पाए। केंद्र सरकार देश भर में अब तक 23 एम्स खोलने की घोषणा कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर व रायबरेली में एम्स चालू हो चुके हैं लेकिन बुंदेलखंड को एम्स की सौगात अब तक नहीं मिल पाई है जबकि यहां की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल सबसे बुरा है। योगी के आठ साल के कार्यकाल में बुंदेलखंड क्षेत्र को एक भी नया मेडिकल कालेज नहीं मिल सका। महोबा के लिए बस एक ट्रामा सेंटर पास हुआ है।

तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि नंगे पैर चलने में बहुत तकलीफ होती है। अक्सर पैर चोटिल हो जाते हैं लेकिन जब तक मोदी जी बुंदेलखंड के लिए एम्स की घोषणा नहीं करते, नंगे पैर चलने का उनका हठयोग सत्याग्रह जारी रहेगा।

## हाल-ए-नगर पालिका महराजगंज

# धनेवा से चौक को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से खस्ताहाल

- राहगीरों संग स्कूली बच्चों के लिए बनी मुसीबत, नगर पालिका के जिम्मेदारों ने नहीं ली सुधि
- वर्षों से उपेक्षा का शिकार हुई धनेवा से चौक रोड को जोड़ने वाला मार्ग, नहीं बनी सड़क
- बारिश के दिनो में होती है सबसे बड़ी समस्या,कई बार हो चुकी दुर्घटना

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



नगर पालिका महराजगंज की एक सड़क शहर से लेकर गांव की चौराहों पर चर्चाएं खूब सुर्खियां बटोर रही है। नगर क्षेत्र में स्थित धनेवा-धनेई से चौक रोड़ को जोड़ने वाली एपीजे अब्दुल कलाम नगर इन दिनों बदहाल सड़क की वजह से सुर्खियों में है। अब जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। यह सड़क चौक रोड़ से परशुराम नगर को जोड़ती है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। उस सड़क से बच्चों का भी स्कूल के समय आना जाना आम बात है। सबसे अधिक उन बालिकाओं को होता है,जो स्कूलों में शिक्षा के लिए प्रतिदिन उसी सड़क से जाती हैं। लेकिन इसकी जर्जर हालत ने स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बच्चे इसी मार्ग से स्कूल जाते हैं, लेकिन जगह-जगह भरे पानी और कीचड़ के कारण उनका सफर जोखिम भरा हो जाता है। कई बार बच्चे फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा खतरे में है।

### गबडुआ के मुख्य मार्ग का भी बुरा हाल, लोगों में आक्रोश

नगरपालिका क्षेत्र के बीर अब्दुल हमीद नगर के मुख्य सड़कों का बुरा हाल है। मुख्य मार्ग से लेकर मुहल्ले की अधिकांश मार्ग और नालियां बेहद खस्ताहाल हो चुकी है। जिसको लेकर मुहल्ले वासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि नगरपालिका में शामिल हुए दो वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार मुंह फेर लिए है। जगह जगह सड़के गड्ढों में तब्दील हो गया है। नालियां जर्जर हो कर बुरी तरह से टूट चुकी है। युवा समाजसेवी शब्बीर अली ने बताया कि गबडुआ की पहचान हमेशा विकास की रही है। लेकिन जब से नगर में सम्मिलित किया गया है। तभी से विकास कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सौतेला व्यवहार कर रहा है। जो ठीक नहीं है। वही सहद अली, सरवर आलम, फखरूद्दीन और अशोक गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि जर्जर खस्ताहाल हो चुके सड़क का निर्माण जल्द हो।

### इनकी भी सुनिए

जन एक्सप्रेस के सवाल पर नगर पालिका परिषद महराजगंज के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्र ने कहा कि उस सड़क को बनाने की तैयारी है। जानकारी मिली है बहुत जल्द ही सड़क निर्माण की कवायद शुरू हो जाएगी।

### बच्चों के लिए दुखदाई बनी यह सड़क

स्थानीय निवासी तस्लीम ख़ान ने बताया कि बच्चे आए दिन गिरते हैं और उन्हें चोट लगती है। वहीं कार्मल इंटर कालेज की कक्षा 10 में पढ़ने वाली छात्रा सबनम ने बताया कि यह रास्ता पिछले कई वर्षों से बदहाल है लेकिन जिम्मेदारों ने आंखें फेर ली है। स्कूल आने जाने में बहुत दिक्कत होती है। महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए इस मार्ग को बेहद खतरनाक बताया। वार्डवासियों ने सड़क बदहाली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। नगरपालिका के लापरवाही पर सवाल भी उठाए। वार्डवासी डाक्टर अब्दुल्ला और शमशाद ने कहा कि बच्चों को स्कूलों तक जाने का यही मुख्य मार्ग है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी ने इसे तालाब में बदल दिया है। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।यह सड़क न केवल स्कूली बच्चों बल्कि आमजनों के लिए भी परेशानी का कारण बन चुकी है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाता है और आवागमन लगभग ठप हो जाता है।स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन तत्काल इस सड़क की मरम्मत कराए और इसे फिर से सुरक्षित और सुगम बनाए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा में बाधा डालने वाली यह स्थिति अब असहनीय हो चुकी है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो बड़े हादसे में बदल सकती है।

# रंगदारी की चैट वायरल: दो बजे तक तीन लाख रूपये डाल दो वरना

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

महेश वर्मा ने बताया कि 2 बजे तक कोई रकम न भेजे जाने पर उसी नंबर से दोबारा संदेश आया कि समय पूरा हो गया, अब तुम बचोगे नहीं। तुम्हारा काम तमाम कर दिया जाएगा। अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। इस धमकी के बाद व्यापारी परिवार सहम गया और तुरंत थाने पहुंचकर तहरीर दी। यूपी के गोरखपुर स्थित राजघाट क्षेत्र में सराफा व्यापारी के बेटे से व्हाट्सएप मैसेज के जरिए तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रकम न देने पर बदमाश ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने राजघाट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मोबाइल नंबर खंगालना शुरू कर दिया है। राजघाट क्षेत्र के बसंतपुर निवासी महेश वर्मा, जो सराफा मंडल के पूर्व महामंत्री भी रह चुके हैं, ने पुलिस को बताया कि उनके 25 वर्षीय बेटे सिद्धांत वर्मा के मोबाइल पर शनिवार दोपहर 12:10 बजे एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि दो घंटे के भीतर, यानी 2 बजे तक तीन लाख रुपये एक प्राइवेट बैंक खाते में जमा कर दो, वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा। सिद्धांत ने जवाब में लिखा कि यह नंबर साइबर अपराध थाना को दे रहा हूं। इसके बाद धमकी देने वाले ने फिर मैसेज भेजा कि पुलिस के पास जाओ या कहीं भी जाओ, हम दो बजे तक हम इंतजार करेंगे।

महेश वर्मा ने बताया कि 2 बजे तक कोई रकम न भेजे जाने पर उसी नंबर से दोबारा संदेश आया कि समय पूरा हो गया, अब तुम बचोगे नहीं। तुम्हारा काम तमाम कर दिया जाएगा। अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। इस धमकी के बाद व्यापारी परिवार सहम गया और तुरंत थाने पहुंचकर तहरीर दी। महेश वर्मा ने बताया कि 2 बजे तक कोई रकम न भेजे जाने पर उसी नंबर से दोबारा संदेश आया कि समय पूरा हो गया, अब तुम बचोगे नहीं। तुम्हारा काम तमाम कर दिया जाएगा। अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। इस धमकी के बाद व्यापारी परिवार सहम गया और तुरंत थाने पहुंचकर तहरीर दी।

इस संबंध में राजघाट थानाध्यक्ष सदानंद सिंह ने कहा तहरीर मिली है। मोबाइल नंबर के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# 40 बोरी यूरिया के बरामद, तस्कर फरार

- ठूठीबारी कोतवाली पुलिस की सक्रियता से खाद तस्करी की कोशिश नाकाम

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



भारत-नेपाल बार्डर पर तस्करी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार की सुबह एक महिंद्रा पिकअप से 40 बोरी यूरिया खाद बरामद किया है। वही पुलिसकर्मियों को चकमा देकर तस्कर मौके से अफरार हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के सक्रिय तस्करों द्वारा किसानों का हक मारकर भारतीय खाद की बड़ी खेप अवैध तस्करी के जरिए दूसरे देश यानि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल ले जाने की कोशिश में था। लेकिन स्थानीय कोतवाली पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते तस्करों के मंसूबे पर पानी फिर गया और खाद तस्करी की धंधे को नाकाम कर दिया। ऐसे में पुलिस ने क्षेत्र के भरवलिया गांव के समीप से एक महिंद्रा पिकअप पर लदी 40 बोरी खाद की बड़ी खेप बरामद करते हुए कस्टम अधिनियम के तहत साजो सामानों को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु स्थल सीमा शुल्क चौकी (कस्टम) विभाग ठूठीबारी हवाले सुपुर्द कर दिया।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश मौर्य, मनीष गौड, कवि कुमार सुनील, अमरनाथ, पन्नालाल शामिल रहे है। इस संबंध में थानेदार महेंद्र मिश्रा ने बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एसडीएम की जांच में दो अवैध मिले दो स्कूल

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

बिना मान्यता के संचालित स्कूलों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को लेकर शनिवार को एसडीएम की अगुवाई में गठित तीन सदस्यीय टीम ने ब्लाक क्षेत्र के दो स्कूलों को सील कर दिया। नोटिस चस्पा करते हुए सभी बच्चों को अन्य स्कूलों में शिफ्ट कराने का निर्देश दिया।

कप्तानगंज क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों की एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता और एसडीआई रीता गुप्ता के नेतृत्व में एचएस एकेडमी पेमली की जांच की गई। यह स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहा था। जिसमें 79 छात्रों का नामांकन था। इसके बाद आरपी पब्लिक स्कूल मठिया की जांच की तो बिना मान्यता के संचालित हो रहा था। इस स्कूल में 71 बच्चों का नामांकन था। दोनों स्कूल से बच्चों को निकाल कर घर भेज दिया गया और स्कूल गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया गया।

# गोरखनाथ मंदिर में संतों-महंतों से सजेगा पुण्यतिथि समारोह का मंच

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। 4 सितंबर से शुरू होकर 11 सितंबर तक चलने वाले इस समारोह में श्रीमद्भागवत कथा का पाठ होगा। मुख्य समारोह में समाज और राष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर चिंतन किया जाएगा जिसमें कई संत और महंत भाग लेंगे। श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि गोरखनाथ मंदिर में श्रद्धा व भक्ति के वातावरण में मनाई जाएगी। सात दिवसीय पुण्यतिथि समारोह की अनौपचारिक शुरुआत चार सितंबर और औपचारिक शुरुआत पांच सितंबर से होगी। चार से 10 सितंबर तक मंदिर के दिग्विजयनाथ सभागार में श्रीमद्भागवत कथा का पाठ होगा। मुख्य समारोह पांच सितंबर से शुरू होगा, जो 11 सितंबर को सम्पन्न होगा। मुख्य समारोह में समाज व राष्ट्र को प्रभावित करने वाले कई ज्वलंत मुद्दों पर चिंतन-मनन होगा। इसकी शुरुआत आपरेशन सिंदूर पर चर्चा से होगी। चर्चा करने के लिए पुण्यतिथि समारोह के मंच पर सीडीएस (चीफ आफ डिफेंस स्टाफ) अनिल चौहान मौजूद होंगे। समारोह के उद्घाटन व समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर उपस्थित रहेंगे। पुण्यतिथि समारोह का मंच देश भर के संतों-महंतों से सजेगा। इसके लिए उन्हें मंदिर प्रबंधन की ओर से उन्हें आमंत्रण भेज दिया गया है। आयोजन की जानकारी देते हुए गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भभागवत कथा का रसपान श्रद्धालु शाम तीन बजे छह बजे की बीच कर सकेंगे। कथा सुनाने के लिए व्यासपीठ पर परिधान पीठ गोपाल मंदिर, अयोध्या के कथाव्यास स्वामी राम दिनेशाचार्य विराजमान रहेंगे। कथा की शुरुआत से पहले चार सितंबर को दोपहर बाद 2:30 बजे से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। अखंड ज्योति और श्रीमद्भागवत महापुराण की शोभा यात्रा गुरु गोरक्षनाथ मंदिर के गर्भगृह से पोथी पूजन के बाद गाजे-बाजे के साथ निकलेगी और कथा स्थल तक पहुंचेगी। प्रधान पुजारी ने बताया कि समारोह के अंतिम दो दिन 10 व 11 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। 10 सितंबर को महंत दिग्विजयनाथ व 11 सितंबर को महंत अवेद्यनाथ को श्रद्धांजलि दी जाएगी। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा व सात दिवसीय मुख्य आयोजन का मंदिर प्रबंधन की ओर से फेसबुक व यू-ट्यूब चैनल पर सीधा प्रमाण किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए चार मार्गों पर निश्शुल्क बस सेवा गोरखनाथ मंदिर में कथा सुनने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिये मंदिर प्रबंधन की ओर से चार से 10 सितंबर के बीच चार मार्गों पर निश्शुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। यह बसें उन्हें कथा स्थल पर ले जाएंगे और कथा सम्पन्न होने के बाद छोड़ने के लिए भी जाएंगी।

**यह मार्ग हैं– बाबा चैन सिंह मंदिर लाल डिग्गी पार्क, मुंशी प्रेमचंद पार्क, अलहदादपुर, रीड साहब धर्मशाला, गोलघर, काली मंदिर, यातायात तिराहा, धर्मशाला तिराहा होते हुए गोरखनाथ मंदिर।**

## सांसद खेल स्पर्धा

# साइकिल रैली में प्रतिभागियों ने लिया भाग, मिला पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

सांसद खेल स्पर्धा के सॉफ्ट लॉन्चिंग के तहत आज तीसरे दिन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय महिला जिला चिकित्सालय से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने साइकिल रैली को झंडा दिखाकर रवाना किया।

रैली का आयोजन युवा कल्याण विभाग और क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुल 48 साइकिलचालक बच्चों ने प्रतिभाग किया। ये रैली स्थानीय शाहू जी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम पर समाप्त हुआ।ये रैली स्थानीय शाहू जी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम पर समाप्त हुआ। इसमें सबसे पहले पहुंचने वाले 10 साइकिल चालकों को पुरस्कृत भी किया गया। साइकिल रैली के बाद खेल विभाग के तरफ से साइकिल रेस भी आयोजित किया गया और उसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले साइकिल चालकों को भी पुरस्कृत किया गया।

29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर सांसद खेल स्पर्धा के लॉन्चिंग के बाद से खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है और उनकी तैयारी में तेजी आई है। 21 सितंबर से इसके फॉर्म सभी स्थान पर उपलब्ध कराया जाना है। इस अवसर पर अवसर पर अपर जिलाधिकारी डा प्रशांत कुमार, युवा कल्याण अधिकारी वैभव कुमार सिंह, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विंध्यवासिनी सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, पांच पर केस

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गांव की विवाहिता को दहेज के लिए ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में खलबली बच गई। पुलिस ने पति समेत पांच आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुलरिहा थाना के एक गांव की विवाहिता को दहेज के लिए ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी शादी मई 2023 में महराजगंज गांव के सेवईं टोला निवासी सुरेंद्र यादव से हुई। पिता ने दो लाख रुपये नकद, आभूषण व अन्य सामान देकर विदा किया। ससुराल पहुंचने पर पति, ससुर, सास, ननद व देवर दहेज में बाइक नहीं मिलने का ताना मारने लगे।

कुछ दिन बेटा पैदा हुआ तो ससुराल के लोग और प्रताड़ित करने लगे। बदनामी के डर से सहन करती रही। इसी साल सात जून की शाम बाइक न मिलने की बात पर सास व ससुर गाली देने लगे। विरोध पर पति, देवर व पिटाई करने लगे। इससे मेरा कपड़ा फट गया। बाल पकड़कर घर से बाहर निकाल दिए। मायके ठाकुरपुर गांव के धुसिया टोला पहुंच कर माता-पिता से पूरी बात बताई। माता-पिता ने बातचीत से कई बार ससुराल में रखने का प्रयास किया, लेकिन वे लोग राजी नहीं हुए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सुरेंद्र, ससुर कपिलदेव, सास आरती, ननद सीमा व देवर रवि प्रताप मारपीट, धमकी देने व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# वजीफे के 20 हजार आवेदन अग्रसारित

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली दशमोत्तर व पूर्व दशम छात्रवृत्ति के 20 हजार आवेदन शनिवार तक डीआईओएस के नेतृत्व वाले 278 स्कूलों से अग्रसारित हुए। अब सिर्फ आज रात्रि 11:59 तक अग्रसारित होने वाले विद्यार्थियों के आवेदन पहले चरण में लिए जाएंगे जिनकी छात्रवृत्ति दो अक्तूबर तक जारी होगी। समाज कल्याण विभाग की तरफ से माध्यमिक स्कूलों को उपलब्ध कराई जाने वाली छात्रवृत्ति आवेदन शासन के निर्देश पर संशोधित करते हुए इस माह प्रभावी किया। इसमें दो चरण छात्रवृत्ति के लिए तय किए गए। पहले चरण में सिर्फ 31 अगस्त तक समाज कल्याण को आवेदन प्रेषित करना था जिनकी छात्रवृत्ति दो अक्तूबर से पहले जारी की जाएगी। संशोधित समय सारिणी जारी होने के बाद भी स्कूल आवेदन में पीछे थे।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्पाट काउंसिलिंग शुरू, अनारक्षित संवर्ग की सीटें भरीं

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में रिक्त सीटों को भरने के लिए स्पॉट काउंसलिंग शुरू हो गई है। पहले दिन 70 सीटों पर प्रवेश हुए जिनमें अनारक्षित वर्ग की सीटें भर गईं। आरक्षित वर्ग की सीटें ज्यादातर खाली रहीं। प्राणी विज्ञान रसायन विज्ञान वाणिज्य और बायोटेक्नोलॉजी में सभी सीटें भर गईं। सोमवार को इतिहास समाजशास्त्र और बीबीए के लिए स्पॉट काउंसलिंग होगी।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में दूसरे चरण की काउंसिलिंग के बाद रिक्त रह गई सीटों को भरने के लिए स्पाट काउंसिलिंग की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हुई।

पहले दिन 70 सीटों पर प्रवेश हुआ। जिन 10 विभागों में स्पाट काउंसिलिंग हुई, उसमें अनारक्षित संवर्ग की सीटें भर गईं। रिक्त रह गई 100 से अधिक सीटों में करीब 90 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित हैं।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन सभी दस विषयों के लिए प्रवेश के इच्छुक बड़ी संख्या में अभ्यर्थी विभागों में उपस्थित हुए। निर्धारित समय तक आने वाले अभ्यर्थियों में से रैंकिंग के आधार पर मेरिट से रिक्त सीटों पर आवंटन घोषित किया गया और उसके बाद प्रवेश प्रदान किया गया। आरक्षित संवर्ग के अधिकांश अभ्यर्थियों के पूर्व में आनलाइन काउंसिलिंग में सीट आवंटित हो जाने के कारण इस संवर्ग की ज्यादातर सीटें खाली रह गईं। अंग्रेजी में अनुसूचित जाति, जनजाति और ईडब्ल्यूएस कोटे की 35 सीटें खाली रह गईं। इसी तरह बीकाम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस में इन संवर्गों की 38 सीटें खाली रह गईं। एमए गृहविज्ञान में 18 सीटें रिक्त रहीं।

परास्नातक प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान, वाणिज्य और बायोटेक्नोलाजी में सभी रिक्त सीटों पर शनिवार को प्रवेश संपन्न हो गया। बीएससी कृषि में परिसर और संबद्ध कालेजों के लिए संयुक्त स्पाट काउंसिलिंग में भी प्रवेश कार्य हुआ। सोमवार को एमए इतिहास, एमए समाजशास्त्र और बीबीए की रिक्त सीटों के लिए स्पाट काउंसिलिंग होगी।

# झपटमार गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार, मोबाइल और नकदी बरामद

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरवा-तुर्कपट्टी मार्ग पर राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल व रुपये छिनने वाले गिरोह के एक सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से बुजुर्ग से छीनी गयी मोबाइल व 700 नकद पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाश को न्यायालय भेजा। जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बृहस्पतिवार को करमैनी निवासी रियाजुद्दीन (50) से तीन बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मोबाइल व एक हजार नकद छीन कर फरार हो गए थे। पुलिस उस मामले में मुकदमा दर्ज कर घटना के पर्दाफाश में लगी थी कि सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक एक बाइक पर फाजिलनगर से पटहेरवा की ओर जा रहे है। इसी सूचना पर थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र मयफोर्स हाइवे काजीपुर कट के पास वाहन जांच करना शुरू कर दिया। बृहस्पतिवार को करमैनी निवासी रियाजुद्दीन (50) से तीन बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मोबाइल व एक हजार नकद छीन कर फरार हो गए थे। पुलिस उस मामले में मुकदमा दर्ज कर घटना के पर्दाफाश में लगी थी कि सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक एक बाइक पर फाजिलनगर से पटहेरवा की ओर जा रहे है। इसी सूचना पर थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र मयफोर्स हाइवे काजीपुर कट के पास वाहन जांच करना शुरू कर दिया।

इसी दरम्यान एक युवक एक बाइक पर तेजगति से आते दिखा। लेकिन पुलिस टीम को देख पीछे की ओर मुड़ कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि करमैनी के पास एक बुजुर्ग की मोबाइल व नकदी छीने थे। उनके पास से छीनी गयी मोबाइल व 700 नकद बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान आदित्य सिंह (23) निवासी सपही थाना तुर्कपट्टी ने बताया कि उसके साथ अन्य दो साथी अमन सिंह (21) निवासी गांव बरईपट्टी थाना पटहेरवा व गोलू हरिजन निवासी गांव करजहा थाना पटहेरवा भी शामिल थे। गिरफ्तार आदित्य सिंह को पुलिस न्यायालय भेज दिया है।जहाँ से इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

शनिवार की शाम ट्रक के टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। बाइक के परखच्चे उड़ गए। आ पास के लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ागलपुर सलेमपुर मार्ग पर मईल थाना क्षेत्र के सरवन पिपरा गांव के पास बलिया उत्तर गांव निवासी आनंद (35) अपने रिश्तेदार लार थाना क्षेत्र के तिलौली गांव निवासी चंद्रशेखर (36) के साथ बाइक से सलेमपुर जा रहे थे। सरवन पिपरा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। एसओ दिलीप सिंह ने बताया कि ट्रक की चपेट से बाइक सवार दो युवक घायल हुए हैं।

# सुर्खियों में है फर्जी निर्यात के नाम पर रिफंड वसूली का खेल

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जीएसटी में हेराफेरी कर सामग्री निर्यात के नाम पर फर्म स्वामियों द्वारा करोड़ों का रिफंड डकराने का मामला इन दिनों सुर्खियों में हैं।

ताजा मामला बीते 11 जुलाई को नौतनवा के गांधी नगर वार्ड एवं सोनौली के भी अलग-अलग स्थानों पर छापे के दौरान सामने आया था। लगातार एक के बाद एक सामने आ रहे इन मामलों ने विभाग के कान खड़े कर दिए हैं। इसको देखते हुए अब जीएसटी विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर जांच बैठा दी। वाराणसी से संबद्ध अलग-अलग टीमें क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर साक्ष्य संकलन में जुटी हुई हैं। उधर, विभागीय सक्रियता ने पूरे क्षेत्र में खलबली मचा दी है। कार्रवाई से बचने के लिए जहां फर्म स्वामी दस्तावेजों को पूर्ण कर खामियों को दुरुस्त करने में लग गए हैं तो वहीं लगातार जीएसटी की टीमें ऐसे फर्मों को चिह्नित कर उनका नाम काली सूची में डालना शुरू कर दिया है।

फर्जी निर्यात के नाम पर रिफंड वसूली का ऐसे हो रहा खेल

नौतनवा। सीमावर्ती क्षेत्र के कस्बों में फर्जी बिल बाउचर के नाम पर राजस्व को चूना लगाने का चल रहा यह खेल कोई नया नहीं है। इसमें सक्रिय लोग पिछले कई वर्षों से कागजी दांवपेच खेल मालामाल हो रहे हैं और इसका सीधा असर भारत सरकार के ही खजाने पर पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो नेपाल को निर्यात होने वाले सामग्रियों को जीएसटी मुक्त की श्रेणी में रखा गया है। माहिर खिलाड़ी इसी का लाभ उठाने में लगे रहते हैं। बताया जाता है कि इस कारोबार में संलिप्त लोगों द्वारा पंजीकृत फर्म पर नेपाल को निर्यात के लिए लाखों की सामग्री का बिल बनवा लिया जाता है लेकिन सामान का उठान नहीं किया जाता। इसके बाद कुछ सक्रिय सदस्यों की विभागीय सांठगांठ से यह कथित सामग्रियां कागजों में ही नेपाल भी पहुंच जाती हैं। विभाग के जिम्मेदार भी संबंधित फर्म को रिफंड की अनुमति रिपोर्ट अग्रसारित कर देते हैं। जबकि नेपाल को निर्यात के लिए जाने वाले सामग्रियों का विभाग के जिम्मेदारों द्वारा ही भौतिक सत्यापन करने के बाद अपनी रिपोर्ट अग्रसारित करने का नियम है। ऐसे में बिना सामान नेपाल पहुंचे जिम्मेदारों द्वारा किस आधार पर रिपोर्ट को अग्रसारित कर संबंधित फर्म को रिफंड की अनुमति दी जा रही है, यह अपने आप में जांच का विषय है। यदि इसकी गहन जांच हो तो स्वयं के बुने इस हेराफेरी के जाल में न सिर्फ फर्म स्वामी बल्कि जिम्मेदार भी फंसते हुए नजर आएंगे।

# जौनपुर मारपीट के दौरान पिस्टल लहराने वाला युवक हुआ गिरफ्तार, वीडियो हुआ था वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव में दो गुटों के बीच हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने हरकत में आते हुए पिस्टल लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

इस घटना ने गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया था जानकारी के अनुसार, कादीपुर गांव में कुछ आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। इसी दौरान एक युवक ने अपनी जेब से अवैध पिस्टल निकालकर ग्रामीणों को धमकाने लगा और दहशत फैलाने की कोशिश की।

यह पूरी घटना किसी ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर ली और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जिसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया।

पुलिस ने आरोपी को अवैध असलहे के साथ दबोचा वीडियो वायरल होने के बाद जौनपुर पुलिस हरकत में आई और तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। सीओ सिटी देबेश सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो में साफ तौर पर पिस्टल लहराते दिख रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वह अवैध असलहा भी बरामद कर लिया है, जिसका इस्तेमाल वह ग्रामीणों को धमकाने के लिए कर रहा था।

## बैट्री चोरी गैंग का पर्दाफाश, कार समेत माल बरामद

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जिले में लगातार हो रही बैट्री चोरी की घटनाओं से लोगों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस ने शनिवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा और वाहनों की बैट्री चोरी करने वाले सक्रिय गैंग का भंडाफोड़ कर दिया। इस गिरोह के छह शातिर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस ने उनके पास से 40 चोरी की बैटरियां और चोरी में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। यह सफलता कोतवाली और वाल्टरगंज थाने की पुलिस, एसओजी तथा सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मिली।

पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन पर जिले में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान शनिवार की रात लगभग 12¬45 बजे मुंडघाट पुल के पास घेराबंदी की गई। इसी दौरान पुलिस ने गिरोह को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अम्बुज उर्फ जय प्रकाश, अजीत उर्फ मनीष, सतीश उर्फ झल्ला, विजय कुमार शुक्ला, कनक शुक्ला और मुन्ना चन्द्र यादव के रूप में हुई है। ये सभी बस्ती और लखनऊ जनपद के निवासी बताए जाते हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले कुछ महीनों से लगातार बस्ती, दुबौलिया, वाल्टरगंज, कप्तानगंज और छावनी थाना क्षेत्रों में बैट्री चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। अब तक दर्जनभर से अधिक वारदातें इनकी करतूत निकल कर सामने आई हैं। चोरी की बैटरियां यह लोग सस्ते दाम पर कबाड़ी और अन्य अवैध खरीददारों को बेच देते थे। इस अवैध धंधे से गिरोह मोटी कमाई कर रहा था।

गिरोह की गतिविधियों से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था। आए दिन ई-रिक्शा मालिक और वाहन स्वामी थानों के चक्कर काट रहे थे। लेकिन पुलिस की सटीक रणनीति और सर्विलांस टीम की निगरानी ने आखिरकार इस गिरोह को पकड़वा ही दिया। गिरफ्तारी के बाद चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने की उम्मीद जताई जा रही है। एसपी बस्ती ने बताया कि इस गैंग की गिरफ्तारी से जिले में लगातार बढ़ रही बैट्री चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। उन्होंने संबंधित टीमों की सराहना की और कहा कि अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। इसके अलावा पकड़े गए अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी गहन छानबीन की जा रही है, ताकि इनके पुराने अपराधों का भी खुलासा हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी जिले में इसी तरह अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि अपराध कर कोई भी व्यक्ति पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकता।

जनता ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि बैट्री चोरी से आम वाहन स्वामी और रिक्शा चालक बेहद परेशान थे। चोरी की घटनाओं ने उनका जीना मुश्किल कर दिया था। अब पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है।

## हरैया विधायक ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। बस्ती



दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरसांव देवनाथपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य हेतु शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। हरैया विधायक अजय सिंह ने बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजन आदि करके सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले हरैया विधानसभा की हालत बड़ी खराब थी उसमें भी दुबौलिया क्षेत्र की अत्यंत खराब थी। थाना अपनी जमीन में नहीं था, बंधे की हालत खराब थी, सड़के जर्जर थी और सारे धार्मिक स्थल अपने आस्तित्व के लिए जूझ रहे थे। 2017 के बाद हमने दुबौलिया में थाना बनवाया, बंधे को सही कराया, बड़े पैमाने पर दुबौलिया सहित पूरे विधानसभा में सड़को का निर्माण करवाया, विधानसभा के सभी बड़े धार्मिक स्थलों श्रृंगीनारी मंदिर, रामरेखा मंदिर, अमौलीपुर मंदिर, हनुमान बाग, मखौड़ा धाम आदि का विधिवत जीर्णोद्धार और नव निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि हरैया विधानसभा में एक अग्निशमन केंद्र है और दूसरा इसी दुबौलिया के बरसांव में जल्द बनेगा। कहा कि परशुरामपुर में नई राजकीय पॉलिटेक्निक बन रही है जिसमें 2026 से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। हरैया में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय 33 करोड़ की लागत से बनने जा रहा है जो कि क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। कहा कि हरैया विधानसभा का अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश का नंबर एक विद्यालय है। विधायक ने कहा कि बड़े पैमाने पर काम हुए हैं उसके बावजूद भी बहुत काम अभी करने हैं। क्षेत्र में विकास के कार्य लगातार चलते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि श्री राम सिंह ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में कृष्णकांत यादव, राधेश्याम यादव, वीरेंद्र यादव, अंगद वर्मा, प्रवीण कुमार, पप्पू पाण्डेय, अमित द्विवेदी, रामदेव यादव, भोला यादव, सुखदेव, गुरु प्रसाद, रामतौल, विदेशी दादा, जीतू वर्मा, राजित राम, नंदलाल यादव, सुन्नर, विजय बहादुर, परशुराम, सुभाष यादव, शिव शंकर चौधरी, महेंद्र यादव, केशव राज सिंह, संजय यादव, अनिल यादव, राम निहोर, राम सूरत, रमेश, गौरव त्रिपाठी, लोकई, कन्हैया लाल, खिलाड़ी, राघव राम, अमित सिंह, अजय सिंह, उमेश सिंह, बृजेश सिंह, शिव प्रसाद, जगदंबा पाण्डेय, मुकेश सिंह, अंबुज सिंह, रणजीत सिंह, मनोज यादव, काली प्रसाद दूबे, राजेंद्र सिंह, पंकज सिंह, दीपक यादव, मनोज तिवारी, महेश यादव, वीरेंद्र वर्मा, शक्तिधर दूबे,अवधेश सिंह, रंगलाल, प्रदीप प्रधान, मोहित यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में 2.12 करोड़ मुआवजे का आदेश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल जौनपुर ने सड़क दुर्घटना मामले में अब तक की सबसे बड़ी क्षतिपूर्ति का आदेश सुनाया है। ट्रिब्यूनल के जज मनोज कुमार अग्रवाल ने परिवहन निगम को निर्देश दिया कि वह मृतक के परिजनों को दो माह के भीतर ब्याज सहित 2.12 करोड़ रुपये का भुगतान करे। मामला 26 जून 2021 का है, जब जलालपुर के बीबनमऊ गांव के पास गाजियाबाद निवासी अजय कुमार भारती (54), जो दिल्ली स्थित आयन एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड में वाइस प्रेसिडेंट पद पर कार्यरत थे, रोडवेज बस की टक्कर से घायल हुए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी गीता भारती व पुत्रों ने अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व सूर्यमणि पांडेय के माध्यम से दावा याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि हादसा बस चालक की लापरवाही से हुआ।

# जौनपुर अवैध संबंध के चलते हुई थी संजू की हत्या, बिजली का ठेकेदार है आरोपी, विद्युतीकरण के दौरान महिला से जोड़ लिया कनेक्शन



### बिजली का ठेकेदार है आरोपी, विद्युतीकरण के दौरान महिला से जोड़ लिया कनेक्शन

पूछताछ में अभियुक्त वेद प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि वह बिजली का ठेकेदार है, उसके द्वारा गांव भीलमपुर में बिजली के खम्भे व तार बिछाकर विद्युतीकरण का कार्य करीब दो वर्ष पूर्व किया था। विद्युतीकरण कार्य के दौरान उसका परिचय मृतका से हुआ क्योंकि उसी दौरान मृतका के पति अच्छेलाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इसी का फायदा उठाकर अभियुक्त द्वारा मृतका से सम्बन्ध बना लिया गया। वक्त बेवक्त अभियुक्त द्वारा रुपयों पैसा नगद व उसके पति के यूपीआई पेमेन्ट के माध्यम से भेजता था लेकिन अब उसकी मांग बढ़ती जा रही थी वह मेरी पत्नी की तरह मेरे घर में रहना चाहती थी और न रखने पर मुझसे 5 लाख रुपये की नाजायज मांग कर रही थी, जिससे अभियुक्त काफी परेशान था। 28 अगस्त को सन्जू अपने पति की दवा लेने के लिए प्रयागराज गयी थी। उस दिन अभियुक्त की लगातार सन्जू से बात होती रही। वापस आते समय अभियुक्त ने सन्जू को बदलापुर बुला लिया। बदलापुर चौराहे पर महराजगंज रोड पर अभियक्त की संजू से मुलाकात हुई।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बदलापुर पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का अनावरण करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से आलाकत्ल बरामद किया गया है। एसपी ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने रविवार की दोपहर साढ़े 3 बजे पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि सुजानगंज थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव निवासी अच्छेलाल गोड़ ने बदलापुर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी सन्जू देवी की हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से पानी से भरे गढ्ढे में फेंक दिया गया। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया और पुलिस जांच में जुट गई।

### सरोखनपुर अंडर पास से रात के एक बजे हुई गिरफ्तार

प्र.नि. बदलापुर टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि संजू हत्याकांड का का अभियुक्त ऊदपुर गेल्हवा नहर से सरोखनपुर अण्डरपास के पास सर्विस रोड पर मौजूद है और किसी का इन्तजार कर रहा है। सूचना पर अभियुक्त वेद प्रकाश सिंह उर्फ टिंकू सिंह पुत्र शिवप्रताप सिंह उर्फ नाटे सिंह निवासी कूंहीकला चन्दापुर थाना बदलापुर को शनिवार की देर रात लगभग एक बजे में सरोखनपुर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया।

### मोटरसाइकिल से कूद गई थी संजू, कर रही थी हंगामा

अभियुक्त अपने साथी सोनू काका उर्फ निलेश चतुर्वेदी निवासी शाहपुर की मोटर साइकिल लेकर उसको घर छोड़ने जा रहा था लेकिन मृतका सन्जू जिद करके मोटर साइकिल से कूद गई।

अभियुक्त द्वारा सड़क किनारे बने एक मकान के बरामदे में बैठकर समझाने बुझाने का बहुत प्रयास किया लेकिन मृतका घर जाने के तैयार नहीं थी और उठकर खेतों की ओर भागने लगी। अभियुक्त के पकड़ने पर नाराज होकर गाली गलौज व हाथापाई पर उतारू हो गयी,

तब गुस्से में अभियुक्त द्वारा उसके गर्दन पर दो घूसा मारा गया तथा जमीन पर पड़े ईंटे से उसके सिर पर मार दिया गया जिससे वह बेहोश हो गयी।

उसको उठाकर अभियुक्त द्वारा पानी में फेक दिया गया और उसके ऊपर बैठ गया जब वह पानी में दब गयी तो अभियुक्त निलेश चतुर्वेदी की मोटरसायकिल से पगडण्डी के रास्ते भाग गया था।

गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली टीम में थाना बदलापुर के प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला, का. इन्द्रराज विश्वकर्मा, का. अशोक यादव शामिल हैं।

## डॉक्ट्रेट की उपाधि से अलंकृत हुए असिस्टेंट प्रोफेसर शैलेन्द्र

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर शाहगंज ताखा स्थित गन्ना कृषक महाविद्यालय में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी )तैनात प्रयागराज के उमरिया बादल गैंदा निवासी शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी डाक्ट्रेट की उपाधि से अलंकृत हुए। इस उपलब्धि पर जानकारी होते ही परिजनों समेत शुभचिंतकों व महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल छा गया, लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त उपाधि श्री त्रिपाठी को महिला आत्मकथाओं का आलोचनात्मक अध्ययन (पितृसत्ता, लिंगभेद, वैश्वीकरण के विशेष संदर्भ में) शीर्षक पर किए गए शोधकार्य के लिए मिला। गौरतलब हो कि उक्त शोधकार्य इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ चितरंजन कुमार के निर्देशन में श्री त्रिपाठी ने पूर्ण किया। प्रोफेसर पुत्र की इस उपलब्धि पर जहां माता कृष्णा तिवारी व पिता सुरेन्द्र कुमार फूले नहीं समाए वहीं शुभचिंतकों व महाविद्यालय परिवार में भी हर्ष का माहौल छा गया है। उक्त उपलब्धि पर डॉ.आलोक पालीवाल, धर्मेन्द्र मणि त्रिपाठी, रवीन्द्र त्रिपाठी, नितेश अग्निहोत्री, राहुल राज मिश्र व नीरज सिंह समेत तमाम लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी।

## जौनपुर जमीनी विवाद को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

### पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाकर लगाया जाम



जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर। जिले के सुरेरी थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। करौदी-सुरेरी मार्ग पर सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, हनुमानगंज बाजार से आगे करौदी सुरेरी तिराहे के पास करीब 10 विस्वा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है

कि विक्रेता ने एक ही जमीन की चौहद्दी पर दो अलग-अलग पक्षों–मौर्या परिवार और व्यवसायी राजू गुप्ता–को रजिस्ट्री कर दी थी। इसी को लेकर दोनों पक्षों में रविवार दोपहर विवाद हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजू गुप्ता के दबाव में मौर्या परिवार के युवकों से मारपीट की और बाद में अड़ियार गांव निवासी शेर बहादुर मौर्य व तेज बहादुर मौर्य को थाने ले जाकर हिरासत में डाल दिया।

इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने दोपहर करीब 3 बजे करौदी-सुरेरी मार्ग पर बांस-बल्ली

लगाकर जाम कर दिया और पुलिस पर पैसे वालों का पक्ष लेने का आरोप लगाया।

फिलहाल भारी फोर्स बल मौके पर पहुंचे पीएसी के साथ थाना अध्यक्ष सुरेरी भी मौके पर पहुंचकर इसी तरह समझा बुझा कर जाम को खुलवाया गया

# ईसाई प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मान्तरण का बड़ा खुलासा, मुकदमा दर्ज




### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में लगातार धर्मान्तरण की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन और खुफिया तंत्र की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो इस तरह की घटनाएं और तेजी से फैल सकती हैं।

जन एक्सप्रेस। बस्ती

जिले में धर्मान्तरण की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रानी पोखरा मोहल्ले में ईसाई समुदाय द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था, लेकिन सूचना पर पहुंचे विश्व हिंदू महासंघ ने दावा किया कि यहां भोले-भाले हिंदुओं को धर्म बदलवाने का षड्यंत्र रचा जा रहा था।

हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह पदाधिकारियों के साथ करूआ बाबा चौराहे पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम जब शिवशंकर पुत्र राम प्रसाद के घर पहुंची तो वहां धर्मान्तरण का खेल चलता मिला। बताया जा रहा है कि इसका मास्टरमाइंड हरिहर यादव है। पुलिस ने मौके से 10 पुरुष और 15 महिलाओं को पकड़कर थाने लाकर पूछताछ शुरू की। महासंघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह सुनियोजित षड्यंत्र है और यदि निष्पक्ष जांच हुई तो धर्मान्तरण के बड़े नेटवर्क का सच सामने आएगा। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि हिंदुओं के धर्म परिवर्तन की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूत्रों का दावा है कि परशुरामपुर थाना क्षेत्र में भी इसी तरह बड़े पैमाने पर धर्मान्तरण की साजिशें रची जा रही हैं। महासंघ ने प्रशासन से मांग की है कि जिले भर में ऐसे नेटवर्क को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। पुरानी बस्ती पुलिस ने महासंघ के जिला महामंत्री अर्पण श्रीवास्तव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। धर्मान्तरण का खुलासा करने वालों में अभय प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव, बिपिन सिंह, राकेश सिंह, सौरभ तिवारी, आशीष उर्फ कल्लू बाबा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जले ट्रांसफार्मर को न बदलने से ग्रामीण परेशान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बरसठी। राजापुर गांव में पिछले पांच दिन पूर्व जले ट्रांसफार्मर को शिकायत के बाद भी न सही कराने से ग्रामीण परेशान। राजापुर गांव निवासी रविन्द्र तिवारी ने बताया कि गांव में पिछले पांच दिन से बिजली नहीं आ रही। ट्रांसफार्मर जलने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। जिसकी शिकायत दर्ज भी करा देने के बाद जेई द्वारा कोई सकारात्मक सहयोग न करने से परेशानी बढ़ रही है। इस भीषण गर्मी के कारण गांव रात के अंधेरे में है।

### जौनपुर के जलालपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। महिमापुर गांव के पास स्थिति पानी एजेंसी को एक बार फिर चोरों ने निशाना बनाया है। इस बार चोर एजेंसी परिसर में खड़े एक टेंपो की बैटरी चोरी कर फरार हो गए। दो दिन पूर्व भी इसी पानी एजेंसी के सामने खड़े एक ट्रक की बैटरी चोरी हुई थी। हैरानी की बात यह है कि दोनों घटनाएं एजेंसी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एजेंसी मालिक महेश साहू ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दे दी है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### डीएम व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी जौनपुर और पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने रविवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बंदी गृह की बैरकों सहित अन्य व्यवस्थाओं को ध्यानपूर्वक देखा और सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सिरकोनी बाजार में खुलेआम गांजा बिक रहा है

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जलालपुर थाना पुलिस करवाई करते हुए एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार जन एक्सप्रेस खबर का फिर एक बार हुआ दमदार असर जलालपुर थाना अध्यक्ष गजानंन्द चौबे कार्रवाई करते हुए 150 सौ ग्राम नाजायत गांजा के साथ एक व्यक्ति का किया गया गिरफ्तार जौनपुर में खुलेआम गांजा की बिक्री, फोटो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप जलालपुर थाना क्षेत्र सिरकोनी बाजार खुलेआम गांजा बेचे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस अवैध नशे के कारोबार का फोटो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति गांजा बेचते हुए साफ नजर आ रहा है।

### 301 जोड़ों के विवाह के लिए मिला बजट, नवंबर में आयोजन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। जिले में सामूहिक विवाह योजना के तहत 301 जोड़े के विवाह के लिए बजट मिल गया है। शीघ्र ही विवाह कराया जाएगा। नवंबर में यह आयोजन हो सकता है। इसके पहले वर्ष 2024- 25 में कुल 1567 जोड़े का विवाह कराया गया था। सामूहिक विवाह के लिए इधर कोई लग्न न होने के कारण नवंबर में यह आयोजन होगा क्योंकि नवंबर में विवाह का मुहूर्त बताया जा रहा है। शासन का दिशा निर्देश है कि उपयुक्त समय पर ही विवाह कराया जाए। इसके पहले जिले को वर्ष 2024- 25 में 14 83 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य मिला था जिसके सापेक्ष 1567 जोडो विवाह कराए गए थे। इसके तहत जुलाई 2024 से लेकर मार्च 2025 तक कुछ छह चरणों में 1567 विवाह का आयोजन किया जा चुका है। 15 जुलाई को पहला आयोजन किया गया था। जिसमें 58 जोड़ों का विवाह हुआ था। इसके बाद 28 नवंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया था जिसमें 281 जोड़ों का विवाह कराया गया था।

## दुकान बंद होने पर स्कूटी से शराब बेच रहा था सेल्समैन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

विंध्याचल थाना क्षेत्र में रात 10 बजे शराब की दुकान बंद होने के बाद सेल्समैन स्कूटी में शराब रखकर बेच रहा था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सेल्समैन स्कूटी के डिकी में शराब और बीयर की बोतल रखा हुआ है। एक आदमी आकर उससे आकर शराब खरीद रहा है। तभी दूसरा व्यक्ति पहुंचकर उसका वीडियो बनाने लगता है। वीडियो में सेल्समैन शराब बेचता दिखाई दे रहा है। पूछने पर बताने लगा कि वह शराब पीने के लिए ले जा रहा है। तभी वहां से गुजर रही पुलिस मौके पर पहुंचती है। पूछताछ में पता चलता है कि वह सेल्समैन है। जिसके बाद पुलिस उसे मानक से अधिक शराब रखने को बेचने पर पकड़कर थाने ले गई। विंध्याचल थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि शराब दुकान का सेल्समेन दुकान बंद होने के बाद डिकीमें शराब बेच रहा था । उसके पास मानक से अधिक शराब बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी कार्यालय में विवाद के मामले में 15 साल बाद सभी आरोपी दोषमुक्त

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



जिलाधिकारी कार्यालय में 15 वर्ष पहले डीएम से मिलने गए समाजवादी नेता व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कुमार दुबे से हुए विवाद मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह द्वितीय ने शनिवार को सभी आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया। 2010 में जिले में संयुक्ता समद्दार जिलाधिकारी पद पर तैनात थी। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कुमार दुबे अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ बिजली, पानी की समस्या को लेकर मिलने पहुंचे थे। इस दौरान जिलाधिकारी कार्यालय में विवाद हो गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर फोर्स बुला ली गई। अरुण कुमार दुबे और उनके पांच साथियों को जिलाधिकारी कार्यालय में हंगामा कर कुर्सी आदि फेंकने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामला न्यायालय में विचाराधीन था। मामले में कोई गवाह प्रस्तुत नहीं हुआ। 2020 में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कुमार दुबे का निधन हो गया। शनिवार को मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह द्वितीय ने सत्य प्रकाश यादव, प्रेम सिंह व अरुण कुमार अग्रवाल को दोषमुक्त कर दिया।

# प्रदर्शन के दौरान हुई भाजपा और कांग्रेस में छड़प

## तिलक हाल तक पहुंचे भाजपाई, कांग्रेसियों से दो घंटे चली तू-तू मैं-मैं





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

मेस्टन रोड तिलक हाल के सामने कांग्रेस और भाजपाइयों के बीच दो घंटे तक तू-तू मैं-मैं चली। पिछले दिनों कांग्रेस की ओर से पीएम मोदी के लिए अभद्रभाषा का प्रयोग करने पर रविवार को भाजपा महिला मोर्चा और उत्तर व दक्षिण जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता विरोध जताने पहुंचे थे। वहीं कांग्रेसियों ने भी जवाब देने की तैयारी कर रखी थी जिसकी वजह से मामला बढ़ गया।

पुलिस के इंतजाम के बावजूद भाजपाई तिलक हाल तक पहुंच गए। यहां सामने से कांग्रेसियों के आने से दोनों पक्षों के बीच जमकर नारेबाजी हुई। भाजपाई मां का अपमान कांग्रेस की पहचान नारे लगा रहे थे तो कांग्रेसी वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाने लगे। भाजपा विधायक नीलिमा कटियार, महापौर प्रमिला पांडेय, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री सहित कई महिलाएं कांग्रेस शर्म करो, नारी अपमान बंद करो का नारा लगाते हुए कार्यालय तक पहुंच गईं।

इससे पहले भाजपा महिला मोर्चा की योजना थी कि वह लोग प्रतीकात्मक रूप से मेस्टन रोड चौराहे तक अपना विरोध दर्ज कराएंगे। वहां पर पुलिस का कोई खास इंतजाम नहीं होने से भाजपाई गली में स्थित तिलक हाल तक पहुंच गए। दोनों दलों के बीच यह सब करीब दो घंटे तक चला।

भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में सरोज सिंह, अनीता त्रिपाठी, अनुसूचित मोर्चा से जयनारायण मुकेश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य कार्यकर्ता पहुंचे।

कांग्रेस की ओर से महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता व ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला के नेतृत्व में पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, हरप्रकाश अग्निहोत्री, राजीव द्विवेदी, नरेश चंद्र त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## दबंगों ने सिपाही के घर पर किया पथराव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में दबंग बेखौफ नजर आ रहे हैं। सिपाही ने गाली गलौज का विरोध किया, तो दबंगों ने सिपाही के घर पर ही पथराव कर दिया।

सिपाही पनकी थाने में दो साल से तैनात है। गंगागंज में परिवार के साथ रह रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

पनकी थाने में तैनात सिपाही सुधीर चौधरी ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 11ः30 बजे ड्यूटी के बाद गंगागंज स्थित अपने घर गए थे। वहां कुछ लड़के खड़े गाली गलौज कर रहे थे। उन्हें मना किया तो, वे उनसे ही गाली गलौज करते हुए घर पर पथराव कर दिया। घर में खिड़की गेट के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

एक युवक में हाथ में तमंचा लिए था, बोल रहा था कि इसने ही भाई को जिला बदर कराया हैइससे निपटा देंगे। दो तीन राउंड फायरिंग भी की। परिवार के लोग जान बचाकर अंदर छिप गए। परिवार को जान का खतरा है। पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। इसमें जो लोग शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# पीपीएन इंटर कॉलेज के दिवंगत शिक्षक के परिवार को 49 लाख से अधिक की मदद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिक्षकों के सहयोग से टीचर्स सेल्फ केयर टीम (ञस्ष्ञ) ने पीपीएन इंटर कॉलेज, कानपुर नगर के दिवंगत शिक्षक शरद कुमार के परिवार को 49 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। यह राशि मात्र 11 दिनों में टीम के सदस्यों द्वारा एकत्र की गई और नॉमिनी व पत्नी श्रीमती अल्का श्रीवास्तव को प्रदान की गई।जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि इस सहयोग में कानपुर नगर के चार हजार से अधिक शिक्षकों ने योगदान दिया। ऑनलाइन सहयोग में कठिनाई होने पर जिला, ब्लॉक और सक्रिय सदस्य सहयोग सुनिश्चित कराते हैं। जिला सह संयोजिका संगीता कटियार ने बताया कि जुलाई 2020 में कोरोना काल के दौरान शुरू हुई इस पहल ने अब तक 396 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 167 करोड़ 78 लाख रुपये की सहायता दी है। टीम का गठन विवेकानंद आर्य, सुधेश पांडेय, महेंद्र वर्मा और संजीव रजक ने किया था। मंडल संयोजक जितेंद्र यादव के अनुसार इस माह प्रदेश के 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को सदस्यों ने 9 करोड़ 93 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। यह सहयोग प्रत्येक सदस्य द्वारा मात्र 15.50 ऑनलाइन भेजने से संभव हुआ।

जिला मीडिया प्रभारी अनूप कुमार यादव ने बताया कि अब टीम उत्तर प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश में भी कार्य कर रही है। टीम का लक्ष्य प्रदेश में शिक्षा विभाग के 10 लाख सदस्यों को जोड़ने का है।अब तक कानपुर नगर के विकास खंड कल्याणपुर के शिक्षक स्व. अनिल कुमार, सरसौल की शिक्षिका स्व. मधु गौतम, बिधनू के शिक्षक स्व. चंद्र प्रकाश, ककवन की शिक्षिका स्व. सीमा गौर और पीपीएन इंटर कॉलेज के शिक्षक स्व. शरद कुमार के परिवारों को टीम द्वारा आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

# ट्रांसफार्मर चोरी का असफल प्रयास, चोरों ने बहाया 340 लीटर तेल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नवाबगंज। अजगैन थाना क्षेत्र के टिकवामऊ गांव में चोरों ने शनिवार देर रात एक ट्रांसफार्मर चोरी का असफल प्रयास किया। चोरों ने ट्रांसफार्मर से लगभग 340 लीटर तेल बहा दिया और मौके पर अपनी चप्पलें भी छोड़ गए। पुलिस ने बिजली विभाग के जेई की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार चोरों ने पहले 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन को एक रस्सी से खजूर के पेड़ से बांध दिया। जिससे लाइन में खराबी आ गई। इसके बाद ट्रांसफार्मर को उसके चबूतरे से नीचे गिरा दिया और उसे लकड़ी के सहारे ले जाने का असफल प्रयास किया और भाग गए।

एसडीओ रुद्र प्रताप के अनुसार रात 12ः10 बजे इमरजेंसी रोस्टिंग की गई थी। 1ः05 बजे जब रोस्टिंग खत्म हुई तो लाइन चालू नहीं हो पाई। इसके बाद लाइनमैन दर्शन, सतीश और करन ने लाइन चेक करना शुरू किया। सुबह करीब 3ः45 बजे जैतीपुर गांव में बिजली के तार रस्सी से बंधे मिले। आगे जांच करने पर टिकवामऊ गांव में ट्रांसफार्मर जमीन पर पड़ा मिला।

अजगैन के प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि जेई विष्णु कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## कॉन्ट्रैक्टर को धमकाया, कहा, कमिश्नर गए, चाचा जेल से आ रहे बाहर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कोतवाली क्षेत्र में पांच दिन पहले कचहरी गए कॉन्ट्रैक्टर ने अधिवक्ता अखिलेश दुबे के चार साथियों पर गालीगलौज कर धमकाने का आरोप लगाकर शनिवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने धमकाया कि कमिश्नर का ट्रांसफर हो गया है। चाचा जल्द ही जमानत पर जेल से बाहर आ रहे हैं। अब तुम्हें कौन बचाएगा।



पीड़ित इससे पहले ग्वालटोली थाने में आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करा चुका है। रेलबाजार के सुजातगंज निवासी मो. सैफ ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह मकान व क्लब का कॉन्ट्रैक्टर है। बताया कि 26 अगस्त को वह काम से कचहरी गए थे। आरोप है कि अधिवक्ता अखिलेश दुबे के साथी लकी मिश्रा उर्फ आशीष, सौरभ द्विवेदी, मयंक गुप्ता, प्रशांत ने उन्हें घेर लिया और गिरहबान पकड़कर गालीगलौज करते हुए धमकाया। कहा कि अब तो पुलिस कमिश्नर का ट्रांसफर हो गया है। अब तुम्हें कौन बचाएगा। तुमको झूठे पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में फंसा देंगे। मेरे पास बहुत शूटर हैं तुम्हें जान से मरवा देंगे। मो. सैफ के अनुसार जब से अखिलेश के साथियों के खिलाफ ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है तब से हर दिन धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने घटना की तहरीर ग्वालटोली थाने में दी जहां से कोतवाली भेज दिया गया। घटना के बाद से वह और उनका परिवार दहशत में है। कोतवाली इंस्पेक्टर जगदीश नारायण पांडेय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पारिवारिक परामर्श समिति का हुआ शुभारंभ निपटाए गए विवाद

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



महिला उत्पीडन की आ रही शिकायते को लेकर सीओ तेज बहादुर सिंह ने पुलिस पब्लिक परिवार परामर्श केंद्र का शुभारंभ किया गया। परामर्श केंद्र में सर्किल के पुरवा असोहा व मौरावां कुल 15 मामलों में पक्षकार आए। परामर्श समिति ने बातचीत के जरिये आठ मामलों को हल कराया।

सीओ ने थानों में बढ़ रहे पारिवारिक विवादों को बातचीत के जरिये हल करने की अनूठी पहल शुरू की। जिसमे सर्किल क्षेत्र के समाजसेवी, अधिवक्ता, व शिक्षकों की पच्चीस सदस्यी परामर्श समिति का गठन किया गया। थानों में आने वाले पति पत्नी के विवादों को पहले परामर्श समिति के सामने रखकर बातचीत काउंसिल के जरिये विवाद को सुलझाया जाएगा। रविवार दोपहर 12 से 4 बजे परामर्श समिति बार भवन में बैठी। पुरवा, असोहा व मौरावां थानों के मामलों को अलग अलग बैठकर हल कराया गया। जहां बछोलिया की महिला का पति शुभम से आपसी मन मुटाव के चलते दोनो पक्ष राजी हुए और एक साथ हुए ।नमो त्रिपाठी ने कहा कि छोटी छोटी बातों विवादों में आज परिवार अलग हो रहे आपसी समझदारी से इससे बचा जा सकता है परिवार भारतीय दर्शन की सबसे अदभुत कृति है प्रशासन की यह पहल सराहनीय है इससे पारिवारिक विघटन में कमी आएगी। चैयरमैन रेनू गुप्ता ने कहा कि छोटे छोटे विवाद मनमुटाव में आज परिवार टूट रहे हैं और लंबी मुकदमेबाजी से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। ऐसे में सीओ का यह प्रयास सराहनीय हैं। सीओ तेज बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र है। छोटी छोटी बातों को लेकर पति पत्नी रिश्तों में खटास आई है जिंहे आपस में बैठाकर परिवार बसाने का काम किया जा रहा है। जहां 15 मामले आए 8का निराकरण हुआ है।

परामर्श समिति में समाजसेविका नमो त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता व कौशलेंद्र शंकर शुक्ला शरद तिवारी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### शोध के कार्य हुए पूरे रॉबिन को मिलेगी डॉक्टर की उपाधि

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** रविवार सुबह एसबी सिंह सभागार लखनऊ विष्वविद्यालय में सीतापुर जिले के हरगांव ब्लॉक इलाके के ढोलई कला निवासी चैतन्य सिंह व कामिनी सिंह के पुत्र बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर चैधरी चरण सिंह विष्वविद्यालय मेरठ में सेवा दे रहे रॉबिन सिंह का इंटरव्यू लेने पहुंचे दिल्ली विष्वविद्यालय के परीक्षक प्रोफेसर आर.के.सिंह ने कैमरे की निगरानी में करीब 01 घंटे इंटरव्यू चला। इस दौरान शोध पर्यवेक्षक प्रोफेसर राजीव शुक्ला विद्यांत हिन्दू पीजी कॉलेज लखनऊ विष्वविद्यालय, वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राममिलन, ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह, सौरभ सिंह रैकवार,लखनऊ के युवा सामाजिक कार्यकर्ता शुभांशु प्रताप सिंह, शेरू सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। विष्वविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राममिलन ने बताया कि रॉबिन सिंह ने शोध की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं।

## दीनू और नारायण भदौरिया पर जमीन कब्जाने के दो मामलों में आरोप तय

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

जेल में बंद अधिवक्ता दीनू उपाध्याय और नारायण भदौरिया के खिलाफ नौबस्ता पुलिस ने दो मामलों में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। करीब तीन माह की जांच के बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर एक मामले में आठ आरोपियों और दूसरे में सात के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

करीब 20 पेजों की चार्जशीटों में आरोपियों की ओर से इस्तेमाल किए गए झूठे दस्तावेज और सरकारी विभागों की जांच आख्या को आधार बनाया गया है।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि मई में बर्रा छह हरी मस्जिद निवासी कासिम रजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने दीनू उपाध्याय, अरिदमन सिंह, उसके ससुर रामप्रताप सिंह, राजा सिंह, गोपाल सिंह, राहुल सिंह, तारा सिंह, शेरा सिंह, भानुप्रताप सिंह, अजमेरी सिद्दकी, अबकार अहमद उर्फ अफगान, महफूज अहमद, वैश अहमद, रसूल अहमद व अन्य को आरोपी बनाया था।

विवेचना के बाद दीनू उपाध्याय, नारायण भदौरिया, राम प्रताप, राजा सिंह, राहुल सिंह, अजमेरी सिद्दकी और संजय उपाध्याय के खिलाफ आरोप तय कर दिए गए हैं। सभी की मोबाइल लोकेशन घटना के दिन और अन्य दिनों में संबंधित जमीन पर मिले हैं। साथ ही कॉल डिटेल्स से सभी के एक-दूसरे के संपर्क में होने की पुष्टि हुई है।

वहीं यशोदानगर निवासी बृजराज सिंह ने दीनू, उसके भाई संजय उपाध्याय, नारायण भदौरिया, अजमेरी सिद्दकी, अफसार, भानु प्रताप सिंह, गोपाल सिंह आदि पर जमीन कब्जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में सभी को दोषी मानते हुए आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं।

# ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं नें किया मूर्ति विसर्जन





**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

शुक्लागंज नगर पालिका क्षेत्र के साथ आस पास क्षेत्रों से गणपति की मूर्तियों के साथ हजारों श्रद्धालुओं नें गगनी खेड़ा झील पहुंच कर मूर्तियों का विसर्जन किया शुक्लागंज नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों यात्राएं निकाली गई जिनमें हजारों श्रद्धालुओं के साथ माहिलओं और बच्चों के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के उदधोश के साथ गुलाल उड़ाते हुए गगनी खेड़ा झील में गणेश प्रतिमाओं की विधिवत पूजा कर झील में विसर्जन किया गया।

गगनी खेड़ा झील में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन में प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाई हजारों श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से विसर्जन स्थल तक पहुंचा कर। प्रतिमाओं को विसर्जित कराया विसजर्न स्थल पर गोताखोर द्वारा किसी भी अनहोनी के बचाव के लिए पानी के अंदर खड़े होकर मूर्तियों को विसर्जित करते दिखें क्षेत्राधिकार दीपक यादव ने बताया के सुबह दस बजे से लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं ने सकुशल मूर्ति विसर्जन किया है प्रशासन द्वारा पूर्व से इसकी तैयारी कर ली गई थी जिससे मूर्ति विसर्जन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सौच धर्म का मतलब है लोभ न करना- इंद्र कुमार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज।** फतेहपुर नगर के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर के श्री पार्ष्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर व महावीर चैत्यालय में रविवार सुबह श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा व शौच धर्म की पूजा की गई। पुष्पदन्त नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर आदिनाथ महिला मंडल द्वारा भगवान को लड्डू अर्पित किया गया। प्रवचन करते हुए चिंतक इंद्र कुमार जैन ने कहा कि शौच धर्म का मतलब है लोभ न करना। मन मे शुद्धि और पवित्रता को धारण कर लोभ का त्याग करना ही शौच धर्म है। जिस प्रकार हम शरीर को ऊपर से साफ करते है उसी तरह शरीर के अंदर के मन को साफ करना ही शौच धर्म है। मनुष्य संसार मे भौतिक सुख प्राप्ति करने के लिये लोभ के वशीभूत होकर गलत कार्य करता है और जिसके फलस्वरूप वह बहुत ही कष्ट पाता है। इसलिये सभी को चाहिए कि शौच धर्म का पालन कर लोभ का त्याग करें। मन्दिर में मंगल आरती और चन्द्र प्रभु, पार्ष्वनाथ व भगवान महावीर का चालीसा पाठ किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को जैन समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### प्रभारी मंत्री सुरेश राही से मिले ब्लाक प्रमुख

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश राही से आज उनके आवास पर बाराबंकी जनपद के रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी व समाजसेवी चंद्र भूषण शुक्ला ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी से गर्मजोशी से मिले। प्रमुख ने सुरेश राही से रामनगर क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों समेत विभिन्न मुद्दों,रामनगर ब्लॉक में चल रही विकास व लोक कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की । सुरेश राही ने कहा कि रामनगर विकासखंड में विकास कार्यों में कोई अवरोध नहीं उत्पन्न होगा तथा धन की कमी आड़े नहीं आएगी। सुरेश राही ने यह भी कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या या अवरोध उत्पन्न होता है तो उसका तुरंत निराकरण कराया जाएगा।हर क्षेत्र में पूरा सहयोग किया जाने का आश्वासन भी प्रभारी मंत्री ने प्रमुख को दिया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, अखिलेश पांडे भी उपस्थित रहे।

### सुनी गई मन की बात, बूथों पर उमडे लोग

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** रामनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महादेव मंडल के प्रत्येक बूथों पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम भाजपा पदाधिकारियों की अगुवाई में लोगों ने सुना। शक्ति केंद्र सीहामऊ पर अलका मिश्रा के नेतृत्व में शक्ति केंद्र संयोजक पुतान दीक्षित बूथ संख्या 361बूथ अध्यक्ष रामदयाल दीक्षित के आवास पर कार्यक्रम सुना गया। 'शक्ति केंद्र महादेवा' के बूथ संख्या 81 में वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गुप्ता के आवास पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष, सूरतगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण के नेतृत्व में लोगों ने कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित लोगों को प्रमुख ने भाजपा सरकार की लोक कल्याण कारी नीतियों के बारे में बताया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अभिषेक, राजेश पांडे रामविजय, प्रदीप अवस्थी अतुल दीक्षित, रोहन कुमार, अमित सिंह, श्रवण शुक्ला, अमित अवस्थी, विमल द्विवेदी ,दीपक अवस्थी, रवि चैहान समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### अस्पतालों में बुखार और पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज।** मौसम में आए बदलाव से जहां मरीजों की संख्या बढ़ गई है अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला मुख्यालय तक मरीजों का ताता लगा रहता है। छेदा और बेलहरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू,मलेरिया और कोरोना की जांच के लिए मरीजों के रक्त नमूने लिए गए। टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग भी की गई।लगातार बदल रहे मौसम से मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बेलहरा नगर पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दोपहर 3 बजे तक 200 मरीजों का इलाज किया गया। डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि गर्मी और बरसात के मौसम में त्वचा संबंधी समस्याएं अधिक देखने को मिल रही हैं। बच्चे और बुजुर्ग खुले में सोने के कारण बुखार और खांसी सर्दी जुकाम की शिकायत लेकर आ रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छेदा में डॉ. धर्मेंद्र की देखरेख में शाम 3 बजे तक लगभग 135 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई। यहां बुखार और पेट की समस्या से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा रही। स्वांस की बीमारी के भी कुछ मरीज देखे गए।

# नाबालिग भाई-बहन पर साइबर ठगी का आरोप, परिवार सदमे में

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर गांव में रहने वाले अशोक गंगापुत्र के दो नाबालिग बच्चे प्रकाश और पूनम साइबर ठगी के मामले में फंस गए हैं। शुक्रवार को नौबस्ता थाना पुलिस ने दोनों पर साढ़े तीन लाख रुपए की साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी और बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। अशोक, जो मजदूरी कर परिवार चलाते हैं, ने बताया कि बच्चों के खाते केवल छात्रवृत्ति के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में खोले गए थे और उनमें कभी लेन-देन नहीं हुआ। 13 अगस्त को बैंक कर्मियों ने घर आकर सूचना दी कि प्रकाश के खाते में एक करोड़ रुपये आए हैं। उन्होंने कई कागजों पर साइन भी करवा लिए।

थाना प्रभारी बोले- मामले की जांच चल रही है अशोक का कहना है कि उसी दिन उन्होंने महाराजपुर थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अचानक मुकदमा दर्ज होने की खबर से पूरा परिवार सदमे में है। उन्होंने बताया कि न्याय के लिए अब वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक गुहार लगाएंगे। वहीं, नौबस्ता थाना प्रभारी निरीक्षक नदीम अहमद ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और इसी क्रम में बयान दर्ज करने के लिए परिवार को बुलाया गया है।

# मोबाइल टॉवर की बैटरियां चोरी करने वाले कार सवार चार शातिर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



मोबाइल टॉवरों से बैटरियां चोरी करने वाले कार सवार चार शातिरों को बिधनू पुलिस ने शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की कार से चोरी की आठ बैटरियां मिली हैं। पकड़े गए आरोपियों में दो बीएसएनएल के संविदाकर्मी हैं।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने रविवार को बताया कि रमईपुर में महिंद्रा की इंडस कंपनी का मोबाइल टॉवर लगा है। शुक्रवार को कंपनी के टेक्नीशियन सुमित कुमार शर्मा ने आठ बैटरियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो संदिग्ध स्कॉर्पियो टॉवर के पास नजर आई। शनिवार रात साढ़ की ओर जा रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो की तलाशी ली गई जिसमें चोरी की बैटरियां मिलीं।

पकड़े गए आरोपियों में नरवल के नसड़ा गांव निवासी राजेश सिंह, नारायण सिंह भदौरिया, फतेहपुर के थरयाव थानाक्षेत्र के हसनपुर हसवा निवासी नंदू सिंह, शुक्लागंज नेतुवा के कंचननगर निवासी सुजीत शामिल हैं।

राजेश और सुजीत बीएसएनएल के संविदाकर्मी है। राजेश और नारायण ममेरे भाई हैं।

स्कॉर्पियो राजेश के ससुर गंगाघाट निवासी नरेंद्र की है। बीएसएनएल के ठेकेदार नरेंद्र ने राजेश की नौकरी लगवाई। उसकी भी तलाश की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार सीसीटीवी कैमरे के यूनिपोल से टकराई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

फजलगंज चौराहे पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार सीसीटीवी कैमरे के यूनिपोल से टकरा गई और भारी भरकम पोल को 15 फीट तक घसीटते ले गई। वहीं कार के एयर बैग खुलने से उसमें सवार लोग बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार 100 के आसपास होगी। इस दौरान फजलगंज चौराहे से कुछ कदम पहले सड़क पार कर रहे युवक को बचाने में कार अनियंत्रित होकर यूनिपोल में टकरा गई। हादसा देख आसपास के लोगों ने कार से लोगों को निकाला। फजलगंज पुलिस ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। लोगों को पूछताछ के बाद धीरे गति में वाहन चलाने की हिदायत देकर जाने दिया गया।

# अगस्त में उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश 2001 के बाद सबसे अधिक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से जहां भूस्खलन और पहाड़ दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में भी बारिश के कारण आई बाढ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच, मौसम विभाग ने लगातार हो रही बारिश और आने वाले दिनों में मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है।

आईएमडी ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत सात राज्यों में 2 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में अगले सात दिनों तक भारी बारिश जारी रहने के आसार है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने चेतावनी दी कि सितंबर में उत्तराखंड में भारी बारिश से भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की घटनाएं हो सकती हैं। इसके अलावा, दक्षिण हरियाणा, दिल्ली और उत्तर राजस्थान में भी सामान्य जीवन प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं। ऐसे में अगर वहां भारी बारिश होती है तो नदियां उफान पर होंगी और इसका असर निचले इलाकों के शहरों और कस्बों पर पड़ेगा।



### अगस्त में हुई 265 मिमी बारिश

अपने ताजा बुलेटिन में आईएमडी ने अगस्त में बारिश को लेकर बताया कि यह सामान्यतया 197.1 मिमी की तुलना में 265 मिमी हुई। जो 34.5 प्रतिशत अधिक है। इस तरह उत्तर-पश्चिम भारत में 1 जून से 31 अगस्त के बीच 614.2 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य 484.9 मिमी से लगभग 27 प्रतिशत अधिक है। आईएमडी ने बताया कि इस बार सक्रिय मानसून के साथ बार-बार पश्चिमी विक्षोभ ने भी क्षेत्र में वर्षा को बढ़ावा दिया। वहीं आगे आईएमडी ने कहा कि दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में अगस्त में 250.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से लगभग 31 प्रतिशत अधिक है। विभाग के मुताबिक इस क्षेत्र में 2001 के बाद से इस महीने में तीसरी सबसे अधिक और 1901 के बाद से आठवीं बार सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। यहां जून-अगस्त के दौरान कुल 607.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य (556.2 मिमी) से 9.3 प्रतिशत ज्यादा है।

### सितंबर के लिए जारी किया पूर्वानुमान

आईएमडी के अनुसार, सितंबर महीने में औसत वर्षा दीर्घकालिक औसत (167.9 मिमी) के 109 प्रतिशत से अधिक रहने की संभावना है। विभाग का कहना है कि अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होगी, लेकिन पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के सुदूर क्षेत्रों तथा उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है।

### उत्तर-पश्चिम भारत में अगस्त में 265 मिमी बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने ताजा अपडेट में बताया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगस्त में 265 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो 2001 के बाद से इस महीने के लिए सबसे अधिक और 1901 के बाद से 13वीं सबसे अधिक बारिश है।

### जून-जुलाई में हुई इतनी बारिश

मौसम विभाग ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब तक मानसून के तीनों महीनों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। जून में 111 मिमी वर्षा हुई जो सामान्य से 42 प्रतिशत अधिक थी, जबकि जुलाई में 237.4 मिमी वर्षा हुई जो सामान्य से 13 प्रतिशत अधिक थी।

### पूरे देश में हुई अगस्त में हुई 268.1 मिमी बारिश

पूरे देश में अगस्त माह में औसतन 268.1 मिमी बारिश दर्ज हुई, जो सामान्य से 5 प्रतिशत अधिक है। वहीं, जून से अगस्त तक कुल 743.1 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से लगभग 6 प्रतिशत अधिक है।

### कई राज्यों ने झेला प्रकृति का कहर

अत्यधिक वर्षा के कारण कई जगहों पर आपदाजनक हालात बने। जिसके चलते पंजाब में दशकों बाद सबसे भीषण बाढ़ आई, नदियां और नहरें उफान पर रहीं, जिससे हजारों हेक्टेयर खेत डूब गए और लाखों लोग विस्थापित हुए। वहीं, हिमालयी राज्यों में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से भूस्खलन की घटनाएं हुईं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कई पुल और सड़कें बह गईं, जबकि जम्मू-कश्मीर में बार-बार बादल फटने और भूस्खलन हुए।

### सितंबर में भी होगी सामान्य से अधिक बारिश: आईएमडी

वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सितंबर को लेकर भी पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने कहा कि कल से शुरू हो रहे सितंबर में देशभर में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे संकेत मिले है कि इस साल मानसून सीजन का समापन भारी बारिश और आपदाओं के साथ हो सकता है।

# हाउस टैक्स वृद्धि के मामले में पार्षदों की हुई अहम बैठक



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम में हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर लगातार विवाद और बढ़ता जा रहा है पार्षद वेलफेयर कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर निगम मुख्यालय के पार्षद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पार्षदों ने बढ़े हुए हाउस टैक्स पर गहन चर्चा की और आगामी 1 सितम्बर को होने वाली चुनावी बोर्ड बैठक को लेकर कई अहम विचार किया। बैठक में 1 सितम्बर की बोर्ड बैठक में सबसे पहले 30 जून को हुई बैठक पार्षदों ने कहा कि परंपरा के अनुसार प्रत्येक बोर्ड बैठक की शुरुआत पिछली बैठक के निर्णयों की पुष्टि से होती है, इस बार भी वही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बैठक में एक बड़ा मुद्दा निगम अधिकारियों के रवैये को लेकर उठा। कई पार्षदों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा बजट की कमी का बहाना बनाकर उनके वार्डों में कार्य नहीं किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ चुनिंदा वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए पार्षदों ने इसे पक्षपातपूर्ण रवैया करार दिया और समानता की मांग की। भाजपा पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि सभी को संगठन के पैनल और आदेश के अनुसार कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि चुनाव होते हैं तो पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन से कम से कम दो उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए एकजुट होकर रणनीति बनाई जाए। उनका मानना था कि संगठनात्मक एकता ही पार्षदों की मजबूती और सफलता की कुंजी है। बैठक में पार्षदों ने यह भी जोर दिया कि निगम की नीतियों और टैक्स व्यवस्था पर व्यापक चर्चा की जाए, ताकि जनता पर अनावश्यक बोझ न पड़े। कई पार्षदों का कहना था कि टैक्स वसूली के नाम पर नगर निगम आमजन को परेशान कर रहा है, जबकि निगम की मूलभूत जिम्मेदारियां जैसे साफ-सफाई, सड़क निर्माण और जल निकासी जैसी समस्याएं अब भी अधूरी हैं।बैठक में पार्षद नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, प्रवीन कुमार मुलायम, मदन राय, ओमप्रकाश ओढ़, देव नारायण शर्मा, कन्हैया लाल, संतोष सिंह राणा, पवन गौतम, शिवम शर्मा, प्रमोद राघव, पूर्व पार्षद जाकिर अली, पार्षद पति डॉक्टर पवन गौतम और पूर्व पार्षद मनोज गोयल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जनहित के मुद्दों पर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे अब पार्षद

बैठक का माहौल कई बार तीखा रहा, लेकिन अंत में सभी पार्षद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि निगम के मनमाने रवैये के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई जाएगी। साथ ही, टैक्स के मुद्दे को आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए रखा जाएगा। पार्षदों ने यह भी स्पष्ट किया कि निगम अधिकारियों को मनमानी नहीं करने दी जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो आगामी बोर्ड बैठक में कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।कुल मिलाकर यह बैठक पार्षदों की एकजुटता का प्रतीक रही। हाउस टैक्स और बजट आवंटन जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि अब पार्षद केवल अपने-अपने वार्ड की नहीं बल्कि पूरे शहर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने को तैयार हैं।

# बाढ़ और बारिश की मार से पंजाब बेहाल, 3 सितंबर तक सभी स्कूल बंद करने के आदेश



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने राज्य में चल रही बाढ़ की स्थिति के कारण सभी स्कूलों की छुट्टियों को 3 सितंबर तक बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह घोषणा की। इससे पहले पंजाब सरकार ने 27 अगस्त से 30 अगस्त तक सभी स्कूलों के लिए छुट्टियों की घोषणा की थी।

### शिक्षा मंत्री का बयान

पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब में बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 3 सितंबर, 2025 तक छुट्टियां घोषित की गई हैं।

### सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील

शिक्षा मंत्री बैंस ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि माता-पिता और छात्रों से अनुरोध है कि वे सुरक्षा को प्राथमिकता दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। पंजाब इस समय गंभीर बाढ़ का सामना कर रहा है। पहाड़ों में भारी बारिश से नदियों और मौसमी नालों में उफान के कारण पंजाब में इसके चिंताजनक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। राज्य में सबसे अधिक प्रभावित जिले गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का, कपूरथला, तरन तारन, फिरोजपुर, होशियारपुर और अमृतसर हैं।

### रविवार सुबह से हो रही बारिश

बता दें कि पंजाब पहले से ही बाढ़ के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में अब बारिश ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, शनिवार-रविवार रात से ही बारिश हो रही है। फिरोजपुर, बरनाला, बठिंडा और संगरूर के सुनाम में सुबह से ही बारिश हो रही है। ऐसे में बाढ़ और बारिश ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है।

## गेंदे के फूल लंदन, आम पहुंचे यूरोप, गांवों से जुड़ी शिक्षा पर जोर: धर्मेंद्र प्रधान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

केंद्रीय शिक्षा मंत्री और संबलपुर सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति के तहत तकनीक के दम पर होने वाले विकास की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नीलडुंगरी गांव में उगाए गए गेंदे के फूल अब लंदन के बाजारों तक पहुंच रहे हैं और ओडिशा के आम यूरोप को निर्यात किए जा रहे हैं। शिक्षा और तकनीक के दम पर ओडिशा के किसान और ग्रामीण अब दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। केंदीय मंत्री प्रधान अपने संसदीय क्षेत्र संबलपुर में नुआखाई पर्व के मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम फसल कटने के बाद पहला अनाज मां समलेश्वरी और भगवान जगन्नाथ को अर्पित करते हैं। यही संस्कृति और जमीनी जुड़ाव नई शिक्षा नीति की सोच है।

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस समारोह की तैयारी शुरू

- मातृ-पितृ उत्कृष्ट सेवा करने वालों को श्रवण कुमार उपाधि से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त होगा: बीके शर्मा हनुमान

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



नवयुग मार्केट विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में 21 सितंबर को स्थापना दिवस समारोह के शुभ अवसर पर ÷मातृ-पितृ उत्कृष्ट सेवा करने वालों को श्रवण कुमार उपाधि से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हिंदी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद स्थित होगा । यह आयोजन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किया जाएगा । विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने संगठन पर चर्चा करते हुए बताया कि मनुष्य के जीवन में संगठन का बड़ा महत्व है, अकेला मनुष्य शक्तिहीन है जबकि संगठित होने पर उसमें शक्ति आ जाती है। संगठन की शक्ति से मनुष्य बड़े-बड़े कार्य भी आसानी से कर सकता है। संगठन में ही मनुष्य की सभी समस्याओं का हल है। जो परिवार और समाज संगठित होता है वहां हमेशा खुशियां और शांति बनी रहती है और ऐसा देश तरक्की के नित नए सोपान तय करता है। इस अवसर पर संस्थापक कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, संस्था के धर्माचार्य प्रमुख ब्रजकिशोर बृजवासी, पंडित राकेश शास्त्री, उपाध्यक्ष आरसी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजपाल शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता महिला प्रकोष्ठ अल्पना सागर शर्मा, महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति चंद्रा राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता सतीश भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सागर शर्मा, उपाध्यक्ष कपिल पंडित, विनीत शर्मा, देवेंद्र शर्मा संगठन मंत्री, मनोज शर्मा संगठन मंत्री, शिव कुमार शर्मा संगठन मंत्री, देवाशीष ओझा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय कुमार शुक्ला प्रभारी हिंडन क्षेत्र, रघुनंदन भारद्वाज महासचिव, चेतन पंडित प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश, ऋषि पाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज शर्मा प्रचारक, अमित शर्मा महानगर अध्यक्ष, अशोक भारतीय संयोजक, लोकेश कौशिक कोषाध्यक्ष, प्रमोद कुमार शर्मा उपाध्यक्ष, आदि मौजूद थे

# फर्जी दलों पर सख्ती के लिए कोर्ट में याचिका दायर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है।

### काले धन को सफेद बनाने का मामला

याचिका में हाल ही में मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो काले धन को सफेद करने का काम कर रहा था। इस दल पर आरोप है कि वह 20 प्रतिशत कमीशन लेकर काले धन को वैध चंदे में बदल रहा था।

## अमित शाह ने अहमदाबाद में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया, वृक्षारोपण अभियान में भी लिया हिस्सा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पहले उन्होंने और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने अहमदाबाद के घाटलोडिया वार्ड में एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की तरफ से आयुष्मान वन में आयोजित किया गया था।

### सभी को भावनात्मक संदेश देगा ये अभियान: शाह

इस पहल का मकसद है कि पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली दोनों को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने का काम करेगा बल्कि लोगों के दिलों को अपनी मां से जोड़ते हुए एक भावनात्मक संदेश भी देगा। अमित शाह ने आगे कहा कि यह पहल समाज को प्रकृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने वाली है। इसी दिन गृह मंत्री अमित शाह ने गोता वार्ड में बने शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया। लगभग 3.84 करोड़ रुपये की लागत से बने इस केंद्र में लोगों को सभी बुनियादी और विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

## 'वाहन अगर सार्वजनिक स्थान का इस्तेमाल नहीं कर रहा तो उस पर टैक्स नहीं लगे'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, %मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है तो उसे इसका भुगतान करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने 29 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा, %अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की कयावद हुई शुरू, बसपा समेत अन्य

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



महानगर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार को कम्पनी बाग, घंटाघर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में एआईसीसी व पीसीसी सदस्यों, वर्तमान कांग्रेसी पार्षदों, विधायकों और पूर्व सांसदों सहित बड़ी संख्या में पार्टीजन मौजूद रहे। बैठक का संचालन महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, स्थानीय समस्याओं और पार्टी के अंदरुनी मतभेदों पर अपने सुझाव और विचार रखे। महानगर अध्यक्ष ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि बीजेपी और बीएसपी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पदाधिकारियों का कहना था कि यह कांग्रेस संगठन की मजबूती की दिशा में बड़ा कदम है और आने वाले समय में पार्टी को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। बैठक में संगठन प्रभारी विकास शर्मा, कोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह, उपाध्यक्ष सूर्यकांत, विधि विभाग अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रपाल, अनुसूचित विभाग अध्यक्ष आशीष प्रेमी, विधानसभा अध्यक्ष मनजीत सिंह, कार्यकाल सचिव बाबूराम शर्मा, मंडल अध्यक्ष जगतार सिंह भट्टी सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा अमीचंद, राजेंद्र बाबू, मोहम्मद फहीम खान, अब्दुल कादिर खान, हाफिज सलमान, हरपाल सिंह, नरेश कुमार वर्मा, धर्मवीर शर्मा, अंकित वर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुलमोहर एनक्लेव के आरडब्ल्यूए चुनाव प्रक्रिया आरम्भ

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव में होने वाले आगामी आरडब्लूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस सिलसिले में चुनाव अधिकारी एवं जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. राजेश तेवतिया ने कम्युनिटी हॉल में स्थानीय निवासियों के साथ बैठक किया। बैठक में चुनाव से जुड़ी व्यवस्थाओं, दिशा-निर्देशों और निवासियों की ओर से आए सुझावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया कि केवल फ्लैट का प्रथम स्वामी ही वोट डालने और चुनाव लड़ने का अधिकारी होगा। यदि फ्लैट ओनर की मृत्यु हो चुकी है, तो उनकी पत्नी को मतदान का अधिकार मिलेगा। यह पूरी प्रक्रिया यूपी अपार्टमेंट एक्ट के प्रावधानों के अनुसार संपन्न होगी। डॉ. तेवतिया ने यह भी बताया कि चुनाव में प्रत्याशियों के नाम अंग्रेजी वर्णमाल के क्रम में प्रदर्शित किए जाएंगे ताकि किसी तरह का भ्रम या पक्षपात न रहे।चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरे मतदान की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और उसकी लाइव स्ट्रीमिंग मतदान स्थल के बाहर चलाई जाएगी। साथ ही चुनाव में होने वाला संपूर्ण खर्च आरडब्लूए द्वारा वहन किया जाएगा। यह व्यवस्था निवासियों के बीच भरोसा कायम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### बुजुर्गों को विशेष सुविधा

बैठक में पूर्व आरडब्लूए अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने एक अहम सुझाव रखा कि बुजुर्गों को घर से ही मतदान की सुविधा दी जाए। इस पर चुनाव अधिकारी ने सहमति जताई और आश्वासन दिया कि बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। यह निर्णय वहां मौजूद सभी लोगों ने सराहा और इसे सोसायटी के लिए सकारात्मक कदम बताया।इस अवसर पर आरके गर्ग और रश्मि चौधरी ने चुनाव अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें मांग की गई कि चुनाव संपन्न होने तक आरडब्लूए के बड़े खर्चों पर रोक लगाई जाए और केवल दैनिक आवश्यक खर्च ही किए जाएं। साथ ही आरडब्लूए का बैंक खाता चुनाव सम्पन्न होने तक चुनाव अधिकारी के नियंत्रण में रखा जाए, ताकि वित्तीय पारदर्शिता बनी रहे।

### महत्वपूर्ण है वोटर लिस्ट

बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 304 फार्म जमा हो चुके हैं और उम्मीद है कि जल्द ही सभी पात्र मतदाताओं की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। यह सूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी ताकि मतदान से पहले किसी तरह की गड़बड़ी न हो।डॉ. राजेश तेवतिया ने आश्वस्त किया कि अगले महीने तक पूरी प्रक्रिया पूरी करके चुनाव सम्पन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है, जिससे सोसायटी में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हो सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)